YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-173 | शुक्रवार, 25 जुलाई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



सहकारिता नीति बनाते समय इस बात का ध्यान रखा गया कि नीति का केंद्र बिंदु व्यक्ति, गाँव, कृषि, गाँव की महिलाएँ, दलित, आदिवासी हों। इसका विज़न सहकारिता की समृद्धि के माध्यम से 2047 तक एक विकसित भारत का निर्माण करना है।

अमित शाह

सोहराय,पटचित्र और पटुआ कला के कलाकारों की प्रदर्शनी देखी मुर्मु ने 11

नाग पंचमी पर इस बार बन रहा दुर्लभ योग 12

## संक्षेप

### लापरवाही बरतने पर एसडीएम अर्चना अग्निहोत्री निलंबित

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने लापरवाही के मामले में फतेहपुर में तैनात एसडीएम अर्चना अग्निहोत्री को निलंबित कर दिया है। वह निलंबित रहने तक राजस्व परिषद से संबंध रहेंगी। उनके खिलाफ जांच लखनऊ कमिश्नर को सौंपी गई है। इस संबंध में नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के प्रमुख सचिव एम. देवराज ने गुरुवार को आदेश जारी कर दिया। असल में फतेहपुर के ग्राम बरमतपुर में नियम विरुद्ध व त्रुटिपूर्ण बेदखली कार्यवाही तहसील प्रशासन ने कर दी थी। अर्चना अग्निहोत्री पर आरोप हैं कि उन्होंने मौके पर जाकर निरीक्षण नहीं किया। अपने पद के दायित्वों का शिथिलतापूर्वक पालन किया। उन पर गैर जिम्मेदाराना व उदासीन पर्यवेक्षण का भी आरोप लगा है। इसलिए शासन ने उन्हें उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन व अपील) नियमावली 1999 के नियम-4 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

### भ्रष्टाचार के आरोप में कानपुर नगर के एसएमओ समेत तीन निलंबित

**लखनऊ।** कानपुर नगर के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) डॉ. सुबोध यादव को भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त मथुरा और एटा में एक-एक डॉक्टर को निलंबित किया गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के आदेश पर निलंबित एसीएमओ के खिलाफ विभाग के प्रमुख सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा ने विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी है। डॉ. सुबोध प्रकाश यादव 2003 में अलीगढ़ से तबादला होकर कानपुर नगर में परामर्शदाता के पद पर आए थे। वर्ष 2019 में उनकी पदोन्नति हुई और उन्हें कानपुर नगर में ही एसीएमओ बना दिया गया। आरोप हैं कि डॉ. यादव ने विभिन्न सप्लायरों से साठगांठ करते हुए वित्तीय अनियमितताएं कीं।

### नौसेना शौर्य संग्रहालय के निर्माण के लिए पांच करोड़ की धनराशि जारी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में स्थापित किये जा रहे देश का पहला 'नौसेना शौर्य संग्रहालय' अब अपने दूसरे चरण में प्रवेश कर गया है। इस चरण के कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने पांच करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह संग्रहालय भारतीय नौसेना के गौरवशाली इतिहास को दर्शाने वाला देश का पहला स्थायी संग्रहालय होगा, जिसे उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग और भारतीय नौसेना के संयुक्त प्रयास से विकसित किया जा रहा है। यह नौसेना शौर्य संग्रहालय युवा पीढ़ी को भारतीय नौसेना के शौर्य, पराक्रम, त्याग एवं बलिदान का शाक्षी बनेगा साथ ही नौजवानों में देश प्रेम की भावना को जागृत करेगा। प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कल इस निमार्णाधीन संग्रहालय स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम, निदेशक पर्यटन एवं प्रबंध निदेशक यूपीएसटीडीसी, ईशा प्रिया, पर्यटन सलाहकार जेपी सिंह, एमडी यूपीपीसीएल एसके सिंह तथा लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारी शामिल थे।

# धर्मांतरण के ग्लोबल नेटवर्क के खिलाफ यूपी पुलिस ने शुरु की निर्णायक लड़ाई

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सुनियोजित धर्मांतरण के नेटवर्क पर कड़ा प्रहार शुरू हो गया है। हाल के दिनों में बलरामपुर, आगरा और प्रयागराज जैसे विभिन्न जिलों में सामने आई घटनाएं यह स्पष्ट संकेत देती हैं कि यह केवल छिटपुट आपराधिक प्रकरण नहीं, बल्कि एक गहरी, सुनियोजित और अंतरराष्ट्रीय साजिश है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्पष्ट चेतावनी सनातन धर्म के विरुद्ध किसी भी साजिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा को चरितार्थ करते हुए राज्य पुलिस ने हाल के दिनों में बड़े धर्मांतरण गिरोहों का पर्दाफाश किया है। आगरा से लापता दो बहनों के रहस्यमयी मामले की जांच करते हुए पुलिस ने ऐसे नेटवर्क का भंडाफोड़ किया, जिसकी जड़ें छह राज्यों तक फैली थीं। तो बलरामपुर में जलालुद्दीन छांगुर के बहुराष्ट्रीय धर्मांतरण गिरोह की कहानियों ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। बलरामपुर की घटना में उत्तर प्रदेश आतंकवाद रोधी दस्ता ने धर्मांतरण गिरोह और अवैध वित्तपोषण के स्रोतों का पता लगाने के लिए जलालुद्दीन उर्फ छांगुर और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को हिरासत ले ली है। एटीएस अवैध वित्तपोषण से खरीदी गई बेनामी संपत्तियों का भी पता लगाएगी। एटीएस ने 5 जुलाई को जलालुद्दीन और नसरीन को बलरामपुर में माधपुर गांव से गिरफ्तार किया था। जलालुद्दीन उर्फ छांगुर और नीतू उर्फ नसरीन पर वित्तीय प्रोत्साहन, शादी के प्रस्ताव और दबाव बनाकर कमजोर तबके के लोगों को इस्लाम कबूल कराने का आरोप है. जलालुद्दीन पर 50,000 रुपये का इनाम घोषित था और उसके खिलाफ गैर



जमानती वारंट भी जारी किया गया था। दो अन्य आरोपियों, नवीन उर्फ जलालुद्दीन और महबूब (जलालुद्दीन के बेटे) को अप्रैल में गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में ये लखनऊ की जेल में बंद हैं। जलालुद्दीन उर्फ छांगुर और उसके सहयोगियों के अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर कार्रवाई की जा रही है। लगभग एक एकड़ क्षेत्र में फैले छांगुर और उसके सहयोगी नीतू की संपत्तियों पर प्रशासन ने नोटिस चस्पा किया था जिसमें अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा गया था। छांगुर की कोठी करीब एक एकड़ भूभाग में बनी थी जिसमें 2 बिस्वा जमीन सरकारी थी जिस पर अवैध निर्माण किया गया था। इसी मामले में एक आरोपी रऊफ के खिलाफ पॉक्सो, एससी/एसटी एक्ट और धर्मांतरण विरोधी कानून के तहत कठोर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। यही नहीं, स्थानीय प्रशासन ने रऊफ के घर को अवैध निर्माण मानते हुए बुलडोजर कार्रवाई भी सुनिश्चित की है। यह सीएम योगी की उस नीति का हिस्सा है, जिसके तहत संगठित अपराधों में शामिल लोगों की अवैध कमाई से अर्जित संपत्तियों को ध्वस्त कर उन्हें आर्थिक और मनोवैज्ञानिक रूप से तोड़ा जा रहा है। इसी तरह, आगरा के मामले में पुलिस ने कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरोह सुनियोजित तरीके से हिन्दू युवतियों को प्रेमजाल, प्रलोभन, भय, विवाह और बहकावे जैसे हथियारों के माध्यम से फँसाकर उनका जबरन धर्मांतरण कर रहा था। यही नहीं, इनके पास से ऐसे दस्तावेज बरामद हुए हैं जिनसे साफ संकेत मिलता है कि इनका संबंध अंतरराष्ट्रीय संगठनों से भी हो सकता है। एक आरोपी के पास से फिलीस्तीन का नक्शा और अरबी में छपे कट्टर इस्लामी विचारधारा वाले पोस्टर बरामद हुए हैं। साथ ही ईसाई मिशनरी से जुड़ा साहित्य भी मिला है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह नेटवर्क हिन्दू विरोधी एजेंडे के साथ सक्रिय था। अब तक की जानकारी के मुताबिक यह गिरोह केवल एक दो शहरों तक सीमित नहीं था। इसके नेटवर्क का विस्तार उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब तक फैला हुआ था। आरोपी युवकों को बाकायदा प्रशिक्षित किया जाता था कि कैसे 'हिन्दू बेटियों' को टारगेट करना है। पुलिस की विवेचना में ● शेष पेज 11 पर


# भारत-ब्रिटेन के बीच हुआ 'एफटीए'

## प्रधानमंत्री मोदी और ब्रिटिश पीएम स्टार्मर की मौजूदगी में साइन हुए

**एजेंसी**

नई दिल्ली। भारत और ब्रिटेन के बीच गुरुवार को मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) हो गया। इससे दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिलेगी। समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार में लगभग 34 अरब डॉलर सालाना वृद्धि की संभावना है। समझौते से भारतीय उत्पादों को ब्रिटेन में बेहतर बाजार मिलेगा और दूसरी ओर भारतीय उपभोक्ताओं को ब्रिटेन के उत्पाद सस्ती दरों पर उपलब्ध होंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्विपक्षीय संबंधों को विस्तार देने के लिए ब्रिटेन की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य ऐतिहासिक भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को औपचारिक रूप देना था। प्रधानमंत्री मोदी ने आज लंदन के चेकर्स एस्टेट में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने वार्ता से विजन 2035 के माध्यम से शिक्षा, रक्षा, तकनीक और जलवायु जैसे क्षेत्रों में दीर्घकालिक साझेदारी को नई दिशा मिली है। बाद में संयुक्त रूप से दिए वक्तव्य में दोनों देशों ने आतंकवाद, लोकतांत्रिक मूल्यों और वैश्विक शांति पर समान



दृष्टिकोण भी साझा किए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने ब्रिटिश समकक्ष कीर स्टार्मर के साथ संयुक्त वक्तव्य में कहा कि भारत और ब्रिटेन के संबंधों में यह एक ऐतिहासिक दिन है। वर्षों की कठिन मेहनत के बाद दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते पर सहमति बनी है। यह समझौता केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि साझा समृद्धि की दिशा में एक ठोस कदम है। उन्होंने कहा, ॖयह समझौता सिर्फ आर्थिक लेन-देन नहीं, बल्कि साझा समृद्धि का खाका है। वर्षों की मेहनत के बाद हुआ यह करार, लगभग 34 अरब डॉलर वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस समझौते से भारतीय वस्त्र, जूते-चप्पल, रत्न एवं आभूषण, समुद्री खाद्य पदार्थ और इंजीनियरिंग वस्तुओं को ब्रिटेन के बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी। साथ ही कृषि उत्पादों और प्रोसेस्ड फूड इंडस्ट्री के लिए नए अवसर सृजित होंगे। भारत के युवाओं, किसानों, मछुआरों और एमएसएमई क्षेत्र को इससे विशेष लाभ मिलेगा। मोदी ने कहा कि दूसरी ओर भारत में ब्रिटेन के उत्पाद जैसे मेडिकल डिवाइसेज़ और एयरोस्पेस पार्ट्स अब किफायती कीमतों पर उपलब्ध होंगे। इससे भारतीय उपभोक्ताओं और उद्योगों को विश्वस्तरीय तकनीक और गुणवत्ता प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि इस समझौते के साथ-साथ दोनों देशों के बीच डबल टैक्सेशन अवॉइडेंस कन्वेंशन पर भी सहमति बनी है, ● शेष पेज 11 पर

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंड बर्दाश्त नहीं: भारत-ब्रिटेन

**लंदन/नयी दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन ने जोर देकर कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंडों की कोई जगह नहीं है और उग्रवादी विचारधारा वाली शक्तियों को लोकतांत्रिक आजादी का दुरूपयोग नहीं करने दिया जायेगा। ब्रिटेन की आधिकारिक यात्रा पर आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को लंदन में अपने समकक्ष कीर स्टार्मर के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद प्रेस वक्तव्य में कहा कि लोकतांत्रिक आजादी का दुरूपयोग कर लोकतंत्र को ही कमजोर करने वालों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। श्री मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करने के लिए ब्रिटेन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा हम एकमत हैं कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंडों का कोई स्थान नहीं है। हम इस बात पर भी सहमत हैं कि उग्रवादी विचारधारा वाली शक्तियों को लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं करने दिया जा सकता। लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरूपयोग कर लोकतंत्र को ही कमजोर करने वालों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने कहा कि दोनों की अर्थव्यवस्थाओं को इससे बड़ा लाभ होगा। उन्होंने कहा, आज हमारे संबंधों में एक एतिहासिक दिन है।

## रूस में विमान दुर्घटना में 49 लोगों के मारे जाने की आशंका

मास्को। रूस के पूर्वी अमूर क्षेत्र में एक विमान एंटोनोव एएन-24 के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार चालक दल के छह सदस्यों सहित 49 लोगों के मारे जाने की आशंका जतायी गयी है।यह जानकारी गुरुवार को आपात स्थिति मंत्रालय ने दी। उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों ने रूस के सुदूर पूर्व में रडार से गायब हुए एंटोनोव एएन-24 यात्री विमान के ढांचे को ढूंढ निकाला है। आपातकालीन मंत्रालय ने टेलीग्राम पर बताया, रूस के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (रोसावियात्सिया) द्वारा संचालित एक एमआई-8 हेलीकॉप्टर ने विमान के जलते हुए ढांचे को देखा है। समाचार एजेंसी तास के अनुसार दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा है। एजेंसी ने बताया कि दुर्घटना का कारण खराब दृश्यता की स्थिति में विमान के उतरने के दौरान चालक दल की गलती हो सकती है। स्थानीय आपातकालीन सेवाओं ने आज बताया कि हवाई निरीक्षण में किसी के जीवित होने के संकेत नहीं मिले, लेकिन जमीन से खोज अभियान अब भी जारी है, जिससे कुछ लोगों के जीवित मिलने की उम्मीद बनी हुई है। रूस के परिवहन जांच समिति ने बताया कि दुर्घटना की शुरुआती जांच में तकनीकी ● शेष पेज 11 पर

# यस बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में देशभर में ईडी के छापे

**एजेंसी**

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यस बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में देश भर में व्यापक तलाशी अभियान चलाया है जिसमें मुंबई के एक प्रमुख उद्योगपति से जुड़ी कई संपत्तियों को निशाना बनाया गया है।

दिल्ली और मुंबई की ईडी टीमों ने गुरुवार को एक साथ लगभग 40 स्थानों पर तलाशी ली, जिसमें उद्योगपति का निजी निवास भी शामिल है। ये तलाशी अभियान रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीए समूह) के तहत कंपनियों के




कार्यालयों पर केंद्रित था, जो एक बड़े धन शोधन जांच का हिस्सा है। आधिकारिक सूत्रों ने पुष्टि की है कि यह कार्रवाई यस बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले की चल रही जाँच से जुड़ी हुई है, साथ ही उद्योगपति के रिलायंस एडीए समूह के अंतर्गत आने वाली कंपनियों से संबंधित अन्य वित्तीय जाँच से भी जुड़ी है। तलाशी विशेष रूप से एडीए समूह की कंपनियों के कार्यालयों पर केंद्रित थी। यह कार्रवाई भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी), राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए), बैंक ऑफ बड़ौदा और दो अलग-अलग केंद्रीय जाँच ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी (एफआईआर) सहित कई एजेंसियों से प्राप्त जानकारी पर आधारित थी। उन्होंने बताया कि जांच का केंद्र 2017 और 2019 के बीच ● शेष पेज 11 पर

# मुंबई ट्रेन ब्लास्ट : हाईकोर्ट के फैसले पर रोक

**एजेंसी**

- तीन दिन पहले 12 आरोपी बरी हुए, सुप्रीम कोर्ट बोला- फिलहाल दोबारा जेल भेजना जरूरी नहीं

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2006 के मुंबई ट्रेन विस्फोट मामले में दोषी सभी 12 लोगों को बरी करने के बम्बई उच्च न्यायालय के 21 जुलाई के फैसले पर गुरुवार को रोक लगाते हुए कहा कि फिलहाल उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा।

न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इस संबंध में आदेश पारित किया।पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की उस याचिका को स्वीकार कर लिया जिसमें कहा गया था कि उच्च न्यायालय के फैसले को अन्य लंबित महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण



अधिनियम (मकोका) मामलों में मिसाल नहीं माना जाएगा।शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा उच्च न्यायालय के फैसले की वैधता को चुनौती देने वाली एक विशेष अनुमति याचिका पर संबंधित सभी आरोपियों को नोटिस जारी किया।पीठ ने इस दलील पर गौर किया और स्पष्ट किया कि उच्च न्यायालय के फैसले को मिसाल नहीं माना जाएगा। उच्च न्यायालय ने सोमवार 21 जुलाई 2025 को फैसला सुनाया था। उसने विशेष मकोका अदालत के वर्ष 2015 के फैसले को पलटने हुए उसके उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें पांच आरोपियों को मौत की सज़ा और सात को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। मकोका अदालत ने कमाल अंसारी (अब मृत), मोहम्मद फैसल शेख, एहतेशाम सिद्दीकी, नवीद हुसैन खान और आसिफ खान को मौत की सजा सुनाई थी। अदालत ने तनवीर अहमद इब्राहिम अंसारी, मोहम्मद माजिद ● शेष पेज 11 पर

# योगी सरकार ने कृषि श्रमिकों को दिया तोहफा, न्यूनतम मजदूरी में बढ़ोतरी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

- योगी सरकार ने तय की 6552 प्रति माह व 252 प्रतिदिन की दर, डिजिटल भुगतान को दी स्वीकृति
- कृषिकरण में पशुपालन, मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन भी शामिल, मजदूरों की समृद्धि की ओर योगी सरकार का मजबूत कदम

लखनऊ। योगी सरकार ने कृषि मजदूरों के हित में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए न्यूनतम मजदूरी की दरों में व्यापक संशोधन किया है। अब राज्य के सभी जिलों में कृषि कार्यों से जुड़े वयस्क श्रमिकों को 252 प्रतिदिन या 6552 प्रति माह न्यूनतम मजदूरी प्राप्त होगी। इस निर्णय से लाखों खेतिहर मजदूरों, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, कुक्कुट पालन जैसे कृषि आधारित उद्योगों से जुड़े लोगों को वित्तीय सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन का आधार मिलेगा।

प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग डॉ. एम.के. शनमुगा सुन्दरम् ने बताया कि यह दरें राज्य के हर प्रकार की खेती पर लागू होंगी, चाहे वह परंपरागत कृषि हो, मशरूम उत्पादन हो या मंडी तक फसल पहुंचाने का श्रम। इसमें दुग्ध उत्पादन, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, कुक्कुट पालन और इनसे जुड़ी सभी सहायक गतिविधियां भी शामिल हैं। योगी सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि मजदूरी का भुगतान अब नकद, आंशिक नकद, कृषि उपज या डिजिटल माध्यमों से किया जा सकता है, लेकिन किसी भी स्थिति में मजदूरी की कुल राशि विहित दर से कम नहीं होनी चाहिए। ● शेष पेज 11 पर

## 26वीं वाहिनी पीएसी परिसर में सीएम योगी ने किया 11 मंजिला बैरक टॉवर का लोकार्पण, पीएसी परिसर में 30 बेड के हॉस्पिटल का भी हुआ लोकार्पण

# कानून व्यवस्था का मानक पेश कर रहा उत्तर प्रदेश : मुख्यमंत्री

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो उत्तर प्रदेश आठ वर्ष पहले तक दंगा प्रदेश के रूप में बदनाम था, गुंडों-माफिया से तबाह था, वही उत्तर प्रदेश आज कानून व्यवस्था का मानक पेश कर रहा है। दंगामुक्त और गुंडामुक्त उत्तर प्रदेश आज अनुशासित और उत्सव प्रदेश की पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है।

सीएम योगी गुरुवार को 26वीं वाहिनी पीएसी परिसर में 11 मंजिला बैरक टॉवर तथा 30 बेड के हॉस्पिटल के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज कोई भी बाहरी व्यक्ति कानून व्यवस्था के मामले में यूपी पर हंस नहीं सकता, अंगुली नहीं उठा सकता। यूपी का नौजवान आज कहीं भी जाता है तो सम्मान पाता है जबकि आठ वर्ष पहले यहां



के नौजवान को यूपी के नाम पर एक कमरा तक नहीं मिलता था। यूपी के नाम पर बाहर के लोगों के सामने डरावना दृश्य होता था। आज इन सबसे उबरकर नए भारत का नया उत्तर प्रदेश कानून व्यवस्था की नजीर प्रस्तुत करने वाला राज्य बन गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सेना देश की वाह्य सुरक्षा का दायित्व संभालती है तो आंतरिक मामलों और कानून व्यवस्था के लिए सिविल पुलिस की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर की पुलिस, लगातार पुलिसकर्मियों की कमी और अवस्थापना सुविधाओं की चुनौतियों से जूझ रही थी। आठ साल पहले यहां शांति की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी, यह सपना था। तब पुलिस के लाखों पद खाली थे लेकिन नियत सही न होने से तत्कालीन सरकारें पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाती थीं। कभी भर्ती में खामी तो कभी बेईमानी, भ्रष्टाचार के चलते कोर्ट से रोक लग जाने के चलते नौजवान भटकने को मजबूर थे। सीएम योगी ने अपनी सरकार के दौरान पारदर्शी पुलिस भर्ती प्रक्रिया की चर्चा करते हुए बताया कि आठ साल में 2 लाख 16 हजार भर्तियां यूपी पुलिस में की गई हैं। इसमें न सिफारिश की गुंजाइश थी और न ही भ्रष्टाचार की। इन भर्तियों में हाल ही में हुई दुनिया की सबसे बड़ी 60244 पुलिसकर्मियों की भर्ती भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आठ साल पहले उत्तर प्रदेश में पुलिसकर्मियों के प्रशिक्षण की क्षमता केवल तीन हजार की थी। जबकि आज यह कई गुना बढ़ गई है। आज 60 हजार से अधिक प्रशिक्षु प्रदेश के 112 प्रशिक्षण केंद्रों पर ● शेष पेज 11 पर

# प्रदेश से लेकर जिले तक फाइलेरिया से बचाव की मुहिम हुई तेज़

**डीएम की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न**

**10 अगस्त से तीन ब्लॉकों में चलेगा एमडीए अभियानघर-घर खिलाई जाएगी फाइलेरिया से बचाव की दवाअभियान की सफलता में अहम होगी प्रधानों की भूमिका**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत प्रदेश के 27 जिलों में 10 अगस्त से शुरू होने जा रहे मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) राउंड को लेकर तैयारियाँ तेज़ हो गई हैं। राज्य स्तर पर इन सभी जिलों के माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के ज़िला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अभियान में सहयोग देने का संकल्प दिलाया जा चुका है।इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को देरशाम जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित द्वितीय जिला समन्वय समिति की बैठक में अंतरविभागीय समन्वय को मजबूत करने के लिए विभागवार जिम्मेदारियाँ तय कीं। बैठक में डीएम ने पिछले अभियान में कार्यकर्ताओं को भुगतान, दवाओं की उपलब्धता, प्रशिक्षण की स्थिति, ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर और सुपरवाइजर की संख्या, दवा वितरण योजना, और प्रचार सामग्री (बैनर, पोस्टर, ऑडियो संदेश) की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही शिक्षा, किशोर स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, खाद्य एवं रसद और पीएम किसान योजना से जुड़े अधिकारियों को सक्रिय भागीदारी के निर्देश दिए।जनपद के 03 विकास खण्डों में संचालित होने वाले अभियान के सम्बन्ध में सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि फाइलेरिया मच्छरों से फैलने वाली गंभीर बीमारी है, जिसमें हाथ, पैर, स्तन या अंडकोष में असामान्य सूजन आ जाती है। यह किसी भी उम्र में हो सकती है। डॉ. कुमार ने बताया कि एमडीए अभियान के दौरान साल में एक बार दी जाने वाली सुरक्षित दवाओं के सेवन से फाइलेरिया जैसी घातक बीमारी से बचाव संभव है। उन्होंने बताया कि इस बार यह अभियान कैसरगंज, तेजवापुर और नवाबगंज ब्लॉकों में चलाया जाएगा। स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर दवा खिलाएँगे, जिसमें दो वर्ष से छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रोगियों को छोड़कर सभी को दवा दी जाएगी। जिला फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी दीपमाला ने बताया कि जनपद में एमडीए अभियान के लिए 645 टीमों का गठन किया गया है, जिनमें 1290 ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर और 112 सुपरवाइजर शामिल हैं।डीएम मोनिका रानी ने ग्राम प्रधानों की अहम भूमिका को देखते हुए सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि अभियान की शुरुआत ग्राम प्रधानों के माध्यम से कराई जाए। प्रचार-प्रसार के लिए नगरपालिका की प्रचार गाड़ियों पर बैनर, पोस्टर और ऑडियो संदेशों के ज़रिए जागरूकता फैलाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा लोग तभी दवा लेंगे जब उन्हें बीमारी और बचाव की जानकारी दी जाए। हर गाँव तक संदेश पहुँचना हमारी प्राथमिकता है।

इस अवसर पर एसीएमओ डॉ संतोष राना, डॉ आरबीवर्मा, मेडिकल कालेज से कम्युनिटी मेडिसिन विभाग से डॉ निपेंद्र, डब्ल्यूएचओ एसएमओ डॉ विपिन लिखोरे, डीपीएम सरजू खान, डीएचईआईओ बृजेश सिंह, पाथ संस्था से अभिषेक, पीसीआई से डॉ रमन कुमार सोनी, फाइलेरिया इंस्पेक्टर विमल कुमार व रतनेश सहित सम्बंधित ब्लाक के अधीक्षक व

## मेजा रोड पर भीषण सड़क हादसा, स्प्लेंडर बाइक पर सवार तीन युवक बोलेरो से टकराए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जनपद के मेजा रोड स्थित सिरस बगहा क्षेत्र में आज एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसा उस वक्त हुआ जब स्प्लेंडर बाइक पर सवार तीन युवक सड़क पार कर रहे थे, तभी सामने से तेज़ रफ्तार से आ रही बोलेरो वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बोलेरो वाहन की गति अत्यधिक तेज थी और चालक नियंत्रण नहीं रख सका। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक कई मीटर दूर जाकर गिरी और सवारों को गंभीर चोटें आईं।स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर वाहन को कब्जे में ले लिया है।हादसे के बाद क्षेत्र में दहशतघटना के बाद से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार वाहनों का संचालन होता है, लेकिन ट्रैफिक नियंत्रण की कोई व्यवस्था नहीं है।पुलिस का कहना है कि घटना की जांच जारी है और घायलों के बयान के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ड्राइवर की लापरवाही बेजुबान पर पड़ी भारी, हुई मौत



कोराव। कोराव थाना के बड़ोखर गांव में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। एक ट्रैक्टर चालक की लापरवाही के कारण एक बैल के शरीर में लोहे का फार घुस गया घटना बुधवार शाम 7 बजे के आसपास बड़ोखर गौशाला के पास की है , जिससे उसकी मौत हो गई। लोहा का फार घुसने से बैल को गंभीर चोट लगी थी इलाज कराने के बाद उसकी मौत हो गई पशु विभाग की टीम ने पोस्ट मार्टम किया चौकी इंचार्ज बड़ोखर प्रहलाद कुमार और अन्य सहयोगी स्टाफ की मौजूदगी में बैल को बड़ोखर गौशाला के पास दफन किया गयाइस घटना से ग्रामीणों में काफी आक्रोश था सौरभ पांडेय निवासी बड़ोखर पूरा ईटीरिहान टोला की तहरीर के आधार पर बृजेश कुमार सिंह पुत्र इंद्रभान सिह निवासी सोनौरी थाना सोहागी रीवा मध्य प्रदेश के विरुद्ध थाना कोराव में मुकदमा पंजिकृत कर लिया गया है। चौकी इंचार्ज बड़ोखर ने बताया कि गाड़ी और ड्राइवर पुलिस के कब्जे में हैं। अन्य विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

## मंडल रेल प्रबंधक,वाराणसी की अध्यक्षता में एन.ई.रेलवे मेंस कांग्रेस यूनियन के साथ बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक,वाराणसी विनीत कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एन.ई.रेलवे मेंस कांग्रेस यूनियन के साथ प्रथम स्थाई वार्ता तंत्र (पी.एन.एम.) की बैठक आज 24 जुलाई,2025 गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के भारतेन्दु सभा कक्ष,वाराणसी में आयोजित हुई। बैठक में अपर मंडल प्रबंधक(आपरेशन) श्री राजेश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ आर जे चौधुरी, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (प्रथम) श्री विकास कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री अजय प्रताप सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री शेख रहमान,वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री रजत प्रिय,वरिष्ठ मंडल सामाग्री प्रबंधक श्री नितेश अग्रवाल, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर(ए।ड)श्री अनुभव पाठक,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(सामान्य)श्री पंकज केशरवानी, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(ऑपरेशन)श्री धर्मेन्द्र कुमार यादव, मंडल कार्मिक अधिकारी (इंचार्ज) श्री अभिनव कुमार सिंह, मंडल वित्त प्रबंधक श्री एन.एन. पाण्डेय,सहायक कार्मिक अधिकारी श्री वीरेंद्र यादव, विभिन्न शाखाधिकारी, एन.ई.रेलवे मेंस कांग्रेस के केन्द्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश पाण्डेय,मंडल मंत्री श्री राकेश पाल,मंडल अध्यक्ष श्री मनोज कुमार सहित वाराणसी मंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर का एसपी ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**एसपी ने कहा कि प्रशिक्षण में अनुशासन और पेशेवर दक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए**

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने गुरुवार को पुलिस लाइन स्थित आरटीसी (रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर) का निरीक्षण किया। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों के साथ सम्मेलन में संवाद किया।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन प्रदीप कुमार मौर्य सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। सम्मेलन के दौरान एसपी ने आरक्षियों से प्रशिक्षण की गुणवत्ता, मेस व्यवस्था, भोजन, पेयजल और आवासीय सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने प्रशिक्षण से जुड़ी समस्याओं, अनुभवों और सुझावों पर विशेष ध्यान दिया।रिक्रूट आरक्षियों ने संस्था की व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने बताया कि उन्हें समय पर भोजन, स्वच्छ पानी और आवास जैसी सुविधाएं सहजता से मिल रही हैं। प्रशिक्षुओं ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए सुझाव भी दिए। इनसे प्रशिक्षण व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकेगा। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की कमी या शिकायत सामने न आए। इसके लिए नियमित निरीक्षण और संवाद बनाए रखने को कहा।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण में अनुशासन और पेशेवर दक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। गोरखपुर में हाल ही में हुई एक अप्रिय घटना के मद्देनज़र सभी प्रशिक्षण केंद्रों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा मानकों और अनुशासनात्मक व्यवस्था में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। उन्नाव पुलिस लाइन स्थित आरटीसी में इस समय 900 से अधिक रिक्रूट आरक्षियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण केवल शारीरिक बल और हथियार संचालन तक सीमित नहीं है। इसमें कानून, नागरिक व्यवहार, मानवाधिकार, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध एवं अन्य विषयों की भी विशेष शिक्षा दी जाती है। एसपी दीपक भूकर ने प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे सभी भविष्य के रक्षक हैं। उन्होंने प्रशिक्षण के इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने और सेवा में दक्षता एवं निष्ठा का आदर्श स्थापित करने का आह्वान किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस विभाग सदैव उनके कल्याण और प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है।

## अब अहमदाबाद-पटना अज़ीमाबाद एक्सप्रेस का सफर बढ़ा, ट्रेन पहुंचेगी राजगीर तक

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अहमदाबाद-पटना-अहमदाबाद के बीच चलने वाली 12947/12948 अज़ीमाबाद एक्सप्रेस को अब राजगीर तक विस्तारित करने का निर्णय लिया है। यह बदलाव राजगीर से 25 जुलाई 2025 तथा अहमदाबाद से 28 जुलाई 2025 से प्रभाव में आएगा।यह ट्रेन अब सप्ताह में दो दिन अहमदाबाद से चलकर पटना होते हुए राजगीर तक जाएगी और वहीं से वापसी करेगी। अहमदाबाद से चलने के दिन सोमवार और बुधवार, तथा राजगीर से रवाना होने के दिन बुधवार और शुक्रवार निर्धारित किए गए हैं।विस्तारित खंड का स्टॉपेज और समय इस प्रकार रहेगाः12947 अहमदाबाद-राजगीर (अज़ीमाबाद एक्सप्रेस)ःअहमदाबाद प्रस्थानः रात 21:50पटना आगमनः सुबह 04:20, प्रस्थान 04:30पटना साहिबः 04:43 / 04:45बख्तियारपुरः 05:10 / 05:12बिहार शरीफः 05:41 / 05:43नालंदाः 06:02 / 06:04राजगीर आगमनः 07:2512948 राजगीर-अहमदाबाद (अज़ीमाबाद एक्सप्रेस)ःराजगीर प्रस्थानः रात 21:00नालंदाः 21:12 / 21:14बिहार शरीफः 21:30 / 21:32बख्तियारपुरः 22:21 / 22:23पटना साहिबः 23:00 / 23:02पटना आगमनः 23:35, प्रस्थान 23:45महत्वपूर्ण रूप से, अहमदाबाद से पटना तक के बीच किसी स्टेशन या समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। ट्रेन विस्तार के कारण गाड़ी संख्या 03203 राजगीर-पटना स्पेशल को दिनांक 25 जुलाई और 30 जुलाई 2025 को रद्द किया गया है, वहीं गाड़ी संख्या 03204 पटना-राजगीर स्पेशल को 30 जुलाई 2025 को निरस्त किया गया है।रेल प्रशासन ने सभी यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पूर्व नई समयसारणी की जानकारी अवश्य ले लें और टिकट बुकिंग उसी के अनुसार करें।

## आजादी के बाद भी सड़क और नाली से वंचित है ग्रामसभा निरौधा का डाही मजरा

प्रयागराज। विकासखंड कौंधियारा के अंतर्गत आने वाला ग्रामसभा निरौधा का मजरा डाही आजादी के 75 वर्षों बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। गांव में सड़क मार्ग और जल निकासी की व्यवस्था आज तक नहीं हो पाई है। ग्रामीणों के अनुसार, तालाब से लेकर स्व. दयाराम मिश्रा (कबीशा) के घर तक का रास्ता पूरे गांव के लिए मुख्य आवागमन मार्ग है, लेकिन आज तक यह मार्ग कच्चा ही है।स्थानीय निवासी एवं जनसेवक पं. सतीश द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिनिधियों और अधिकारियों की लगातार उपेक्षा और उदासीनता के कारण यह क्षेत्र विकास से कोसों दूर है। बरसात में यह रास्ता कीचड़ और जलभराव से पूरी तरह अवरुद्ध हो जाता है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।पं. द्विवेदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गंभीर संज्ञान लेने की मांग करते हुए कहा कि यह समस्या वर्षों से जस की तस बनी हुई है। उन्होंने अनुरोध किया है कि भविष्य में ऐसी समस्याओं को नजरअंदाज करने वाले भ्रष्ट और निष्क्रिय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## उर्जा मंत्री की मौजूदगी में हुआ ओवर ब्रिज निर्माण का भूमि पूजन



मऊ। स्थित इंदारा रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज निर्माण के लिए गुरुवार को नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और सुधाकर सिंह विधायक घोसी, अपर मण्डल प्रबंधक अजय सिंह से पंडित विजय शंकर पाण्डेय ने मंत्रोच्चार से भूमि पूजन किराया। 64.75 करोड़ की लागत से बनने वाले ओवरब्रिज के निर्माण का कार्य शुरू हो गया। इस ओवर ब्रिज डेढ़ वर्ष में बन कर तैयार हो जाएगा। जिससे लोगों को आए दिन लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। मंत्री श्री शर्मा ने मा. प्रधानमंत्री और मा. रेल मंत्री जी का आभार व्यक्त किया है। वाराणसी-गोरखपुर रेल मार्ग इंदारा 4 स्पेशल रेलवे क्रासिंग पर लोग जाम की समस्या से लोग परेशान रहते हैं। रेलवे क्रासिंग पर अक्सर जाम की बन जाती थी। कई बार एक से ज्यादा ट्रेन गुजरने पर राहगीरों, यहां तक की एंबुलेंस जैसे इमरजेंसी वाहनों को भी लंबे समय तक फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता था। एंबुलेंस के रेलवे क्रासिंग पर फंसे होने की वजह से मरीजों की जान भी जा चुकी है। जिससे क्षेत्र की जनता यहां ओभारब्रीज का लंबे समय से मांग कर रहे थे। ओवरब्रिज के भूमिपूजन होने से क्षेत्र की जनता काफी खुश है। लोगों का कहना है कि, रेलवे क्रॉसिंग पर वैकल्पिक कोई भी रास्ता नहीं था। जिससे अक्सर यहां जाम की स्थिति बन जाती थी। क्रॉसिंग पर घंटो खुलने का इंतजार करते थे। अब ओवरब्रिज बनने से जनता और यहां से निकलने वाले इमरजेंसी वाहनों को काफी राहत मिलेगी। ओवरब्रिज इंदारा 700 मीटर लंबा रहेगा। ओवरब्रिज निर्माण की लागत 64.75 करोड़ रुपये की है। नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि से इंदारा रेलवे क्रासिंग के कारण लोगों को घंटो जाम की समस्या से जूझना पड़ता था। अब लोगो की समस्या का समाधान हो गया है।

## एसएसपी की मासिक अपराध समीक्षा बैठक सम्पन्न

**अच्छा कार्य करने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। तेजतर्रार एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में सैनिक सम्मेलन कर पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया । सैनिक सम्मेलन के उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बदायूं द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारी, जेल अधीक्षक, जिला आबकारी अधिकारी, एआरटीओ, अभियोजन अधिकारी, प्रभारी जीआरपी और समस्त थाना प्रभारियों/ शाखा प्रभारियो के साथ की मासिक अपराध समीक्षा बैठक की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सराहनीय कार्य करने वाले अधि0/कर्म0गण को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं उनकी कार्यशैली की सराहना की गयी।अपराध नियंत्रण व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु थाना प्रभारियों को दिए गए सख्त निर्देश। श्रावण मास के दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।थानो पर आने वाले शिकायतकर्ता की समस्याओ को सहानुभूतिपूर्वक सुनकर त्वरित व प्रभावी निस्तारण कराया जाये। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समयबद्ध जांच व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश। लुटेरे, चोर व गम्भीर अपराध के पेशेवर अपराधियों की सतत निगरानी व उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु थाना प्रभारियों को दिये गये निर्देश। लम्बित विवेचनाओं, प्रार्थना पत्रों की समयबद्ध जांच व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश। महिला व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर अत्यंत गंभीरता बरतने व सम्बंधित अपहृता की सकुशल बरामदगी के लिए दिए गए कड़े निर्देश। मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले, अवैध शस्त्रों का निर्माण व संग्रहण करने वाले, टॉप-10, ईनामिया व हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश। सम्मन वारंट को समय से तामिल कर संबंधित को न्यायालय प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। गवाहों की समय से न्यायालय में गवाही कराने, महिला संबंधित मुकदमों में पैरवी कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।गैंगस्टर एक्ट के अभियोगों में अपराधियों की अवैध सम्पत्ति चिन्हित कर धारा 14(1) के अन्तर्गत सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।हिस्ट्रीशीटर, ईनामिया, टॉप-10 अपराधियों, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तथा अवैध शस्त्रों का निर्माण संग्रहण व बिक्री करने वाले अपराधियों के विरूद्ध त्वरित एवं कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए शासन द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र 2.0 अभियान के तहत सभी थाना क्षेत्रान्तर्गत मुख्य चौराहो/बाजारों व महतपवपूर्ण स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए।जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सहित यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनायें रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल के साथ अपने क्षेत्र महत्वपूर्ण,सार्वजनिक स्थलों, प्रतिष्ठानों, रोड़वेज व रेलवे स्टेशन सहित बाजारों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों में सतत रूप से फुट पेट्रोंलिंग करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों,वस्तुओं, वाहनों की चेकिंग करने एवं संवेदनशील एवं चिन्हित हॉटस्पाट क्षेत्रो मे ड्रोन से लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए गए।

## भयंकर गर्मी में मध्यांचल विद्युत निगम लिमिटेड की आपूर्ति फेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। भयंकर गर्मी में मध्यांचल विद्युत निगम लिमिटेड की बिजली दगा दे रही है। जिससे आम आदमी तो परेशान है ही, किसानों, व्यापारियों, मिलर्स तक का हाल बेहाल है। एक तरफ जहां इंद्रदेव के प्रकोप से बरसात नहीं हो रही है, तो वही दूसरी तरफ लो वोल्टेज की समस्या और अघोषित विद्युत कटौती को लेकर क्षेत्रीय जनता परेशान है। आज गुरुवार को सपा नेता समर बहादुर यादव के नेतृत्व में 50 ग्रामीणों का जत्था महराजगंज पावर हाउस स्थित अधिशासी अभियंता संदीप कुमार से मुलाकात कर अंधाधुंध हो रही विद्युत कटौती के संबंध में वार्ता करी। अधिशासी अभियंता ने एक सप्ताह के भीतर समस्या के निदान की बात कही है। आप को बता दें कि, सपा नेता समर बहादुर यादव के नेतृत्व में 50 ग्रामीणों का जत्था महराजगंज पावर हाउस स्थित अधिशासी अभियंता के कार्यालय पहुंचा, जहां एक्सईएन संदीप कुमार से मुलाकात कर इस भयंकर गर्मी में हो रही अघोषित विद्युत कटौती के संबंध में वार्ता की। अधिशासी अभियंता ने सपा नेता समर बहादुर यादव को आश्वासन दिया कि, एक सप्ताह के भीतर उपभोक्ताओं को होने वाली विद्युत संबंधी समस्या का निदान मिल जाएगा। उन्होंने क्षेत्रीय जनता एवं उपभोक्ताओं से अपील करी है कि, वह विद्युत विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों का साथ दें, जल्द ही विद्युत समस्या से निजात मिलेगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान पाली दुजई पासी अखिलेश गौरव यादव अजय यादव राम फ़ेर गजोधर रंजीत विदुर अभिषेक पूर्व प्रधान अटरेहटा संजय यादव सुखराम समर बहादुर धरम वीर राम सिंह मानसिंह चंद्रेश समेत सैकड़ो की संख्या मेंलोग मौजूद रहे।

## स्वामी प्रसाद के घर को शुद्ध करने निकले लोगों को पुलिस ने रोका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा कांवड़ यात्रा को लेकर की गई टिप्पणी के विरोध में गुरुवार को विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर पहुंच कर घर को गंगाजल से धोने का प्रयास किया मगर ऐसा करने से पहले मौके पर मौजूद पुलिस ने हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने स्वामी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के अध्यक्ष गोपाल राय के नेतृत्व में आज दर्जन भर से ऊपर कार्यकर्ता स्वामी प्रसाद मौर्य के आवास को गंगाजल से धोकर शुद्धिकरण के लिए जा रहे थे। हिंदू संगठन के कार्यकर्ता जैसे ही स्वामी प्रसाद मौर्य के आवास की ओर बढ़े तो पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोक करके पहले समझाने का प्रयास किया। जब कार्यकर्ता शांत नही हुये तो उन्हें हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ भी नारेबाजी की।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री और सांसद रीता बहुगुणा जोशी का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। पूर्व कैबिनेट मंत्री और इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी का जन्मदिवस ज़ोरदार तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य लोगों ने डॉ. जोशी के राजनीतिक अनुभव, सामाजिक योगदान और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की। फूलों की माला, केक काटने और शुभकामनाओं के साथ पूरा माहौल हर्षोल्लास से भर गया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-निविदा वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है:-

**क्रम सं.-1,** निविदा सं.: वमंविइं-टीआरडी-लजं-ओटी-164, कार्य का विवरण: पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के ट्रिप शेड स्टेबलिंग लाइन का विद्युतीकरण। ई-निविदा बन्द होने की तिथि व समय: 18-08-2025 व 15:00 बजे, ई-निविदा खुलने की तिथि व समय: 18-08-2025 व 15:30 बजे, अनुमानित लागत: ₹ 54,42,720.97, बयाना राशि: ₹ 1,08,900/-, निविदा मूल्य: ₹0.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 09 माह।

**नोट: (1)** इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। **(2)** विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी

मुजाधि/विद्युत-98 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा सूचना संख्या | टीआरडी-07-सीनि0डी0ई0ई0-लखनऊ-25-2कॉल |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के लखनऊ गुड्स यार्ड में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के प्रावधान के संबंध में ओएचई संशोधन कार्य। |
| अनुमानित लागत | रु. 89,29,421.82 |
| बयाना राशि | रु.1,78,600.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 18.08.2025 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद |
| प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर चैक की जा सकती है। |
| पत्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नही है, जब तक कि वह |

निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नही करता: 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए: जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महिने पहले के अंतिम दिन तक): "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। एक समान कार्य की परिभाषा होगी: Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz. Single Phase 25 KV AC OHE.
3. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें।

नोट: इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं. -टीआरडी-07-सीनि0डी0ई0ई0-लखनऊ-25-2 कॉल दिनांक: 24.07.2025

2255/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# निगोहां में तेज रफ्तार मिक्सर ट्रक ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर , ट्रैक्टर चालक की दर्दनाक मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### चपेट में आयें दो राहगीर घायल और कार के उड़े परखच्चे

निगोहां, लखनऊ। लखनऊ-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर निगोहां कस्बे में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो राहगीर घायल हो गए और एक कार भी चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई, वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक और क्लीनर को गिरफ्तार कर ट्रक को जब्त कर लिया है।जानकारी के मुताबिक, निगोहां थाना क्षेत्र के रत्नापुर गांव निवासी रामप्रकाश उर्फ कल्लू (48) गुरुवार दोपहर करीब एक बजे निगोहां स्टेशन रोड स्थित एक मिस्त्री की दुकान से अपना ट्रैक्टर ठीक करवाकर गांव लौट रहे थे। जब वे कस्बे के सत्यनारायण इंटर कॉलेज के पास पहुंचे, तभी पीछे से लखनऊ की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे एक मिक्सर ट्रक ने ट्रैक्टर में पीछे की ओर बंधे रोटावेटर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक रामप्रकाश नीचे दब गए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर को सीधा कर शव को बाहर निकाला और सीएचसी निगोहां भिजवाया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। हादसे के वक्त ट्रक की चपेट में आकर सड़क किनारे खड़े इंडियन गैस एजेंसी निगोहां के कर्मचारी द्वारिका प्रसाद और भगवानपुर निवासी उमरई घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया है। साथ ही रायबरेली की ओर जा रही एक कार भी ट्रक की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गई।हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन ग्रामीणों की सूचना पर हरकत में आई पुलिस ने पीछा कर निगोहां टोल प्लाजा के पास से ट्रक को पकड़ लिया। पुलिस ने चालक एखलाक और क्लीनर अरबाज को हिरासत में ले लिया है। दोनों प्रतापगढ़ जिले के अंतु थाना क्षेत्र के गढ़वाला गांव के निवासी बताए गए हैं। निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया, ''हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। ट्रक को टोल प्लाजा के पास से कब्जे में लेकर चालक व क्लीनर को हिरासत में ले लिया गया है। मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई विधिक प्रक्रिया के तहत की जा रही है। रामप्रकाश की मौत की खबर जैसे ही घर पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के दो बेटे हिमांशु यादव और दीपांशु यादव, तथा एक विवाहित बेटी हैं। पत्नी गीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर फैल गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन से मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता व मुआवजा देने की मांग की है, ताकि असमय काल के गाल में समाए किसान के परिजनों को संबल मिल सके।

# हर घर जल योजना के तहत पाइप डालने के लिए खोदी गई सड़क

### ठेकेदार ने नहीं की मरम्मत हो रही हैं दुर्घटनायें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर।जल निगम के अधिकारियों व ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा सरोजनी नगर वार्ड प्रथम के अनौरा वासियों और अन्य राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। यहाँ हर घर जल योजना के तहत पानी कापाइप डालने के लिए जल निगम द्वारा काफी अर्से पहले पक्की सड़क को खोद दिया गया था। लेकिन ठेकदार ने सड़क की अब तक मरम्मत नही कराई। नतीजन बारिश के मौसम में यह सड़क दल दल में तब्दील हो गई है । यही नही इस दलदल और गड्ढो में गाडियां फंसने से अक्सर दुर्घटनाये हो रही हैं। आए दिन हो रही है दुर्घटनाएं। कई ड्राइवर रोहित ने बताया है कि वह स्कूली वैन से गुरुवार की सुबह अनौरा से बच्चे लेकर पेट्रोल पंप के रास्ते से जा रहा था, तभी उसकी गाड़ी



जल निगम द्वारा खोदे गए गडढ़े मे फंस गई। बच्चे चीख पुकार करने लगे ड्राइवर की सूझबूझ से गाड़ी पलटने से बच गई। जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। फिर धीरे - धीरे सभी बच्चों को वैन से निकाला गया। गनीमत रही किसी बच्चे को ज्यादा चोट नहीं लगी। इस दौरान सड़क पर कई अन्य गाड़ियां फंसी रही।

### नवयुग कन्या महाविद्यालय में हुआ एक विशेष कार्यक्रम याद करो कुर्बानी का आयोजन

लखनऊ। कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में गुरुवार को नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में एक विशेष कार्यक्रम याद करो कुर्बानी का आयोजन किया गया। जिसमें अमर शहीद मेजर प्रतीक मिश्रा की वीरम रेशम मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में एवं 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल(डॉ.) दिनेश कुमार पाठक विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफ़ेसर मंजुला उपाध्याय ने की तथा संयोजन व संचालन एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ मनमीत कौर सोढ़ी ने किया। वहीं इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कैडेट गरिमा तिवारी, प्रीति कुमारी एवं आस्था त्रिपाठी ने भावपूर्ण कविताएं प्रस्तुत की। कैडेट लक्षिका किशोर ने कारगिल विजय दिवस के इतिहास की जानकारी दी, कैडेट जानवी दुबे ने भावपूर्ण गीत प्रस्तुति से सभी की आंखें नम कर दीं, कैडेट भूमिका पुनेठा ने एकल नृत्य एवं कैडेट जिया थापा एवं खुशी सिंह ने युगल नृत्य के माध्यम से वीर जवानों के साहस को नमन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन अंडर ऑफिसर सिद्धि यादव एवं दीप्ति ने किया।

# यूपी के किसानों में बढ़ा तिलहन का क्रेज, फसल रकबा में हुई बढ़ोत्तरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश तिलहन और दलहन के उत्पादन में निर्भर बने, योगी सरकार की यही मंशा है। इसीलिए सरकार इन दोनों की खेती को लगातार प्रोत्साहन भी दे रही है। मुख्यमंत्री चाहते हैं कि इन दोनों के उत्पादन में उत्तर प्रदेश सरकार आत्मनिर्भर बने। इसके लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। किसानों को ट्रेनिंग के साथ अनुदान पर कृषि यंत्र देने के साथ उन्नत प्रजाति के रोगों और कीटों के प्रति प्रतिरोधी अधिक एपीजे वाली उन्नत प्रजातियों के बीज भी अनुदान पर मुहैया कराए जा रहे हैं। इसके नतीजे भी आने लगे हैं। खरीफ के मौजूदा सीजन के आंकड़े इसके सबूत हैं। कृषि विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक खरीफ के मौजूदा सीजन में 21 जुलाई तक तिलहन की सभी प्रमुख फसलों तिल, मूंगफली और सोयाबीन के बोआई का रकबा पिछले सीजन की तुलना में करीब सवा गुना तक बढ़ा है। साल 2024 में इन फसलों की बोआई का कुल रकबा 432.250 हजार हेक्टेयर था, जो साल 2025 में बढ़कर 547.144 हजार हेक्टेयर हो गया। इसमें तिल के रकबे में तो डेढ़ गुने से अधिक की वृद्धि हुई है। पिछले साल तिल का रकबा 180.26 हजार हेक्टेयर था जो मौजूदा साल में बढ़कर 303 हजार हेक्टेयर हो गया। साल भर में रकबे की यह बढ़त खुद में अभूतपूर्व है। इसी तरह इस सीजन की तिलहन की अन्य दो फसलों मूंगफली एवं सोयाबीन के बोआई के रकबे में भी वृद्धि हुई है। इसी समयावधि में सोयाबीन का रकबा 34.12 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 40 हजार हेक्टेयर हो गया। मूंगफली का रकबा भी 204 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 218 हजार हेक्टेयर तक पहुंच गया।

जहां तक दलहनी फसलों की बात है तो खरीफ के सीजन की प्रमुख फसल अरहर है। यही सबसे पसंदीदा दाल भी। अभी इसके बोआई का समय भी है। कुछ किस्मों की बोआई सितम्बर तक की जाती है। लिहाजा इसका रकबा अभी और बढ़ सकता है। अब तक के आंकड़ों के मुताबिक तुलना की अवधि में अरहर की बोआई का रकबा 184 हजार हेक्टेयर से 273 हजार हेक्टेयर तक पहुंच गया है। मूंग भी 30 से बढ़कर 32 हजार हेक्टेयर तक पहुंच गई है। खरीफ की बाकी मुख्य फसलों धान एवं मक्के की बोआई का रकबा भी बढ़ा है। धान का रकबा 4193 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 5546 और मक्के का रकबा 636 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 701 हजार हेक्टेयर तक पहुंच गया है। कपास के प्रति भी उत्तर प्रदेश के किसानों की रुचि बढ़ी है। इसका रकबा सात हजार हेक्टेयर से 18 हजार तक पहुंच गया है। अगर खरीफ की फसलों के कुल रकबे की बात करें तो पिछले साल करीब 6574 हजार हेक्टेयर था जो मौजूदा सीजन में बढ़कर 8262 हजार हेक्टेयर हो गया है।

### लेज़र से एंजियोप्लास्टी करने वाला प्रदेश का पहला अस्पताल बना लोहिया संस्थान



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजधानी लखनऊ स्थित डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के कार्डियोलॉजी विभाग में चार मरीजों की लेजर तकनीक से कोरोनरी एंजियोप्लास्टी की गई। इसके साथ ही लोहिया संस्थान प्रदेश का पहला अस्पताल व उत्तर भारत का पहला सरकारी संस्थान बन गया है जहां लेज़र से एंजियोप्लास्टी की गई है। लोहिया संस्थान के कार्डियोलॉजी विभाग के प्रोफ़ेसर सुदर्शन कुमार विजय ने बताया कि लेज़र से एंजियोप्लास्टी से मरीजों के लंबे समय से बंद (100% ब्लॉक ) नसों को खोला गया। दो मरीज ऐसे थे जिनके पुराने लगे स्टंट सिकुड़ गए थे ओ उनमें कैल्सियम जम गया था। इन मरीजों में लेज़र से पहले पुराने स्टंट को साफ किया गया फिर दुबारा एंजियोप्लास्टी की गई। लेज़र से एंजियोप्लास्टी की सुविधा भारत के कुछ चुनिंदा संस्थानों में ही उपलब्ध है। लेज़र तकनीक उन मरीजों के लिए वरदान है जहां अन्य एंजियोप्लास्टी तकनीक विफल हो जाती है व मरीज को बाईपास के लिए भेजा जाता है। लेज़र नसों में जमें कोलेस्ट्रॉल को हार्ट अटैक के मरीजों में नसों में बने खून के थक्कों को गला देती है व खून का प्रवाह ठीक करती है। लेज़र से एंजियोप्लास्टी एक जटिल एंजियोप्लास्टी है। लेज़र से एंजियोप्लास्टी में एक सामान्य एंजियोप्लास्टी से एक लाख रुपए का अतिरिक्त खर्चा आता है। लेज़र एंजियोप्लास्टी करने वाली टीम में प्रोफ़ेसर सुदर्शन कुमार विजय, प्रोफ़ेसर अमरेश सिंह, डॉ0 अभिजीत, डॉ शिखर, डॉ0सैयद अकरम, व पैरामेडिकल स्टाफ में प्रियरंजन,कर्णिका व नर्सिंग स्टाफ शैलजा एवं अजय शामिल रहे।

### लखनऊ कारागार में पौधरोपण और नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। कलम एक स्वैच्छिक संस्था द्वारा आलमबाग स्थित कारागार मुख्यालय, जेल भवन में नेत्र परीक्षण शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था ने कारागार मुख्यालय में 97 कर्मचारियों के नेत्र परीक्षण किए। कारागार महानिदेशक पी.सी. मीणा, अपर महानिरीक्षक कारागार प्रशासन धर्मेंद्र सिंह, वित्त नियंत्रक आबिद अली अंसारी वरिष्ठ अधीक्षक कारागार मुख्यालय शशिकांत सिंह दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया और अपने नेत्र परीक्षण करवाए। समापन सत्र में समस्त अधिकारियों ने चंदन के पौध रोपित किए। कलम एक स्वैच्छिक संस्था के संरक्षक सुरेंद्र सिंह राठौर, महामंत्री अनिल द्विवेदी ने शिविर की व्यवस्था कराई सचिव डॉ विपिन शुक्ला, संयुक्त मंत्री डॉ विशाल गुप्ता, सदस्य पुनीत आर शर्मा ने समस्त अधिकारियों को अंगवस्त्र व तुलसी पौधा भेंट कर स्वागत किया।

### सभी मदरसों में होगी विज्ञान प्रदर्शनी और संगोष्ठी : दानिश आजाद अंसारी

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत भारत रत्न डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि 27 जुलाई को प्रदेश के सभी मदरसों में विज्ञान प्रदर्शनी और संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने दी। राज्यमंत्री ने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन संघर्ष, वैज्ञानिक उपलब्धियां और राष्ट्र के प्रति समर्पण आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। ऐसे में उनका स्मरण और उनके विचारों का प्रचार-प्रसार अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को ज्ञान, जागरूकता और राष्ट्रभक्ति की दिशा में प्रेरित करेगा। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा जारी इस पहल का उद्देश्य न केवल डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित करना है, बल्कि उनकी शिक्षा और विज्ञान के प्रति दृष्टिकोण को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना भी है। विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि कार्यक्रमों का आयोजन सभी मदरसों में उत्साहपूर्वक और प्रभावी ढंग से किया जाए।

# जापान में होने वाले टूरिज्म एक्सपो में पर्यटन विभाग दर्ज कराएगा सशक्त भागीदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत अब जापान के अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी चमक बिखेरने जा रही है। सीएम योगी के निर्देश पर जापान टूरिज्म एक्सपो 2025 (जो 25 से 28 सितंबर तक आयोजित होगा) में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग सशक्त भागीदारी दर्ज कराने जा रहा है। इसको लेकर कार्ययोजना तैयार की गई है जिसके अनुसार जापान टूरिज्म एक्सपो के वेन्यू में थीम बेस्ड पवेलियन का संचालन होगा। यह 54 वर्गमीटर क्षेत्र में स्थापित होगा तथा प्रदेश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक विविधताओं को जापानी व एशिया-पैसिफिक आगंतुकों के सामने प्रस्तुत करेगा। इसके साथ ही, उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के तृतीय संस्करण (यूपीआईटीएस-2025) में भी प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत की अलौकित छटा देखने को मिलेगी। इसके लिए ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के हॉल-7 में 465 वर्गमीटर के पंडाल का संचालन किया जाएगा, जहां बौद्ध सर्किट से लेकर पारंपरिक लोक कलाएं व नृत्य का प्रदर्शन आगंतुकों के आकर्षण का केन्द्र बनेंगे। पर्यटन के लिहाज से भी मोस्ट फ़ेवर्ड डेस्टिनेशन के तौर पर उभरेगा यूपीपर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि भारत और जापान के बीच द्विपक्षीय व्यापारिक संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। वर्ष 2023-24 में भारत ने जापान को लगभग 42,800 करोड़ रुपये का निर्यात किया, जिसमें इंजीनियरिंग वस्तुएं, रसायन, दवाइयां और समुद्री उत्पाद शामिल रहे। वहीं, जापान से भारत में करीब 1.47 लाख करोड़ रुपये मूल्य की सामग्री का आयात किया गया, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, उच्च तकनीकी मशीनें और रेयर-अर्थ मैटेरियल्स प्रमुख रहे। इन व्यापारिक रिश्तों की मजबूत बुनियाद पर्यटन क्षेत्र में भी निवेश की अपार संभावनाएं प्रस्तुत कर रही है, खासकर उत्तर प्रदेश में पीपीपी मॉडल के तहत हेरिटेज होटल, वेलनेस सेंटर्स और ईको-रिसॉर्ट्स जैसी परियोजनाओं में निवेश जापानी निवेशकर्ताओं के आकर्षण का केंद्र बन सकती हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में 2.4 लाख जापानी पर्यटक भारत आए और लगभग 1,200 करोड़ रुपये का आर्थिक योगदान किया। आंकड़ों के अनुसार, ये पर्यटक औसतन 16.3 दिन भारत में रुकते हैं और प्रति व्यक्ति लगभग 1.45 लाख रुपये खर्च करते हैं। वहीं, भारत से जापान जाने वाले पर्यटकों की संख्या 2.33 लाख रही, जिन्होंने वहां ज्56.1 अरब यानी करीब 3,366 करोड़ रुपये खर्च किए। इन्हीं आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार जापानी पर्यटकों को उत्तर प्रदेश की ओर आकर्षित करने के लिए एक रणनीतिक और सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है। एक्सपो में उत्तर प्रदेश को निवेश के साथ ही मोस्ट फ़ेवर्ड टूरिस्ट डेस्टिनेशन के तौर पर भी प्रोजेक्ट करने की तैयारी है। रोड शो, बी2बी व बी2सी बैठकों का होगा आयोजन, ऐप के बारे में दी जाएगी जानकारीइस एक्सपो में उत्तर प्रदेश के टूरिस्ट डेस्टिनेशंस की जानकारी जापानी आगंतुकों को उपलब्ध करायी जाएगी। इस कार्य को पूरा करने के लिए इंग्लिश व जापानी भाषा में बुकलेट का निर्माण भी किया जाएगा तथा उ.प्र पर्यटन विभाग के मोबाइल ऐप के जरिए बुकिंग्स व अन्य जानकारियों का विवरण भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें खास तौर पर बौद्ध सर्किट (सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, कौशांबी, संकिसा और कपिलवस्तु) को दर्शाया जाएगा, जो जापान के बौद्ध पर्यटकों को आकर्षित करेगा। इसके अतिरिक्त आयुर्वेद, योग, नैचुरोपैथी और ग्रामीण पर्यटन को जापानी यात्रियों की स्वास्थ्य व आध्यात्मिक रुचियों के अनुसार प्रमोट किया जाएगा। डिजिटल एलईडी स्क्रीन, ऑटो-नेविगेशन डिस्प्ले और एआर आधारित सेल्फी पैनल जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से दर्शकों को उत्तर प्रदेश का अनुभव कराना इस स्टॉल की विशेषता होगी। साथ ही, हस्तशिल्प, संस्कृति, संगीत और त्योहारों की झलक भी यहां आने वाले पर्यटकों के अनुभव को और समृद्ध बनाएगी।

यूपीआईटीएस-2025 में दिखेगी संस्कृति व लोककलाओं की रंगीन छटाउत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक झलक न केवल जापान में बल्कि देश के भीतर भी बड़े स्तर पर अपना प्रभाव छोड़ने जा रही है। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस-2025) इसका माध्यम बनने जा रहा है। कार्ययोजना के अनुसार, ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 25 से 29 सितंबर के मध्य आयोजित होने वाले इस भव्य आयोजन में हॉल-7 में 465 वर्गमीटर के पंडाल का संचालन उ.प्र पर्यटन विभाग द्वारा किया जाएगा। इस पंडाल की थीम ''बौद्ध, आध्यात्मिक व ग्रामीण पर्यटन'' पर आधारित होगी, जिसमें उत्तर प्रदेश की हस्तशिल्प, विरासत इमारतें, ओडीओपी उत्पाद और लोककलाएं दर्शकों को आकर्षित करेंगी।

# निगोहां : दहेज प्रताड़ना में पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज

### जान से मारने की धमकी देने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहा, लखनऊ । निगोहा थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपने पति व ससुराल पक्ष के सदस्यों पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है , तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार निगोहा थाना क्षेत्र के भटपुरा गांव की रहने वाली पीड़िता का विवाह उन्नाव जनपद के अमीर गंज पोस्ट मोइद्दीनपुर निवासी अवधेश कुमार यादव पुत्र सालिकराम यादव से हुई थी। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही उसके पति अवधेश कुमार यादव, सास कमला देवी, ससुर सालिकराम यादव और देवर छोटा यादव उसे दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित करते रहे। आरोपितों द्वारा उस पर दहेज लाने का दबाव बनाया जाता रहा। जब वह मांग पूरी नहीं कर सकी, तो उसे गालियाँ दी गईं, मारपीट की गई और यहां तक कि जान से मारने की धमकी भी दी गई। लगातार मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने निगोहा थाना में लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। वही पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न मारपीट का मामला दर्ज किया है। निगोहा थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और संबंधित साक्ष्यों को जुटाया जा रहा है। आरोपितों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

# करियर ग्लोबल स्कूल,लखनऊ की कार्यकारिणी का हुआ गठन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ । करियर ग्लोबल स्कूल, लखनऊ ने सत्र 2025-26 के लिए अपनी कार्यकारिणी (कोंकणी) के गठन की गुरुवार को घोषणा की है,जो स्कूल के शैक्षिक,प्रशासनिक और सह-पाठ्यक्रम क्षेत्रों में उत्कृष्टता और नवाचार लाने के लिए प्रतिबद्ध है।यह गठन 24 जुलाई 2025 से प्रभावी होगा और स्कूल के समग्र विकास को नई दिशा प्रदान करेगा।नवगठित कार्यकारिणी में निम्नलिखित सम्मानित सदस्य शामिल हैं: संरक्षक दिनेश सिंह,चेयरमैन उमाकांत यादव, प्रधानाध्यापिका पूजा यादव,उपप्रधानाध्यापिका अनुष्का सिंह,कोऑर्डिनेटर आरती यादव,अकाउंटेंट मिंटी चौहान ,जूनियर विंग इंचार्ज शिवानी मिश्रा,प्राइमरी विंग इंचार्ज अनामिका यादव,प्री-प्राइमरी विंग इंचार्ज प्रीति शाह नामित हुई।संरक्षक दिनेश सिंह ने अपने विचार साझा करते हुए कहा,''करियर ग्लोबल स्कूल का लक्ष्य शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को सशक्त बनाना है।यह कार्यकारिणी हमारी दृष्टि को साकार करने के लिए एक मजबूत नींव प्रदान करेगी,जो शैक्षिक उत्कृष्टता और नैतिक मूल्यों पर आधारित है।''चेयरमैन उमाकांत यादव ने कहा कि''हमारी कार्यकारिणी का गठन स्कूल को आधुनिक शिक्षा और समग्र विकास के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।हम सामूहिक रूप से नवाचार और समावेशिता को बढ़ावा देंगे।''करियर ग्लोबल स्कूल इस नए नेतृत्व के साथ अपने मिशन को और सशक्त बनाने के लिए तैयार है,जो शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छूने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कटिबद्ध है।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने गत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में दौरान सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया तथा अब तक किए गए कार्यों की गहन समीक्षा की गई। सड़क सुरक्षा के संबंध में किए गए कार्यों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता के रूप में लेते हुए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए। उन्होंने निर्देश दिए कि चिह्नित स्थलों एवं मुख्य चौराहों पर सड़क सुरक्षा हेतु आवश्यक प्रबंध किए जाए। सड़कों के किनारे पटरियों को भी ठीक कराया जाये। इसके साथ ही मुख्य मार्गों से अवैध अतिक्रमण हटवाया जाये। दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा ओवरस्पीडिंग पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चिहि्नत स्थलों पर संकेतक स्थापित करने के निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश भी दिए। उन्होंने पुलिस, लोक निर्माण, विद्युत, परिवहन तथा अन्य विभागों को आपसी सहयोग से कार्य करने को कहा। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाय। ओवरस्पीडिंग पर प्रभावी नियंत्रण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जनपद में एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों की सहभागिता भी सुनिश्चित हो। नागरिकों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता के प्रति जागरूक किया जाए ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी हो। जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटना के संबंध में बनाए गए सभी ऑनलाइन पोर्टल को नियमित रूप से संचालित कराए जाने एवं समय से डाटा फीड कराए जाने के निर्देश भी दिए।

जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्धारित मानकों के अनुसार ही विद्यालय वाहनों का संचालन किया जाय। चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं सत्यापन नियमानुसार कराया जाये। मानकों के अनुसार निर्धारित वाहनों को ही संचालित किया जाये एवं वाहनों पर सभी आवश्यक जानकारियां अवश्य अंकित करायी जाये। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि इसके लिए औचक निरीक्षण भी किए जाए। बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह, नगर पालिका परिषद सीतापुर के अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी, लोक निर्माण विभाग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, विद्युत विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# परिवहन विभाग ने की बड़ी कार्रवाई वाहन चालकों में मचा हड़काम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन खीरी। कस्बा निघासन, सिंगाही, ढखेरवा चौराहा में बढ़ती यातायात अव्यवस्था को देखते हुए परिवहन विभाग ने की बड़ी कार्रवाई वाहन चालकों में मचा हड़काम। एआरटीओ शक्ति भूषण पांडे के नेतृत्व में इन जगहो पर की गईं कार्यवाई निघासन, ढखेरवा और सिंगाही में अभियान चलाया गया। कुल 31 वाहनों को सीज किया गया। ढखेरवा चौराहे पर 13 वाहन पकड़े गए। निघासन के मुख्य चौराहे और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से 13 वाहन सीज किए गए। सिंगाही में 5 वाहनों पर कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार सभी वाहन या तो अवैध थे या बिना फिटनेस के चल रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, निघासन के कस्बे मुख्य चौराहे पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। स्कूल छुट्टी के समय यह समस्या और बढ़ जाती है। ऑटो



चालक सड़कों पर अनियमित तरीके से वाहन खड़े करके सवारियां बिठाते हैं। इससे राहगीरों और अन्य वाहनों को परेशानी होती है। एआरटीओ शक्ति भूषण पांडे ने बताया कि जिले में डग्गामार और बिना फिटनेस वाले वाहनों के खिलाफ लगातार अभियान चलेगा। पकड़े गए सभी वाहनों को पुलिस को सौंप दिया गया है। परिवहन नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। इस कार्रवाई से आम लोगों ने राहत महसूस की है।

# मितौली में बिना लाइसेंस चल रहा आनंद क्लिनिक सीज, स्वास्थ्य विभाग ने जड़ा ताला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मितौली खीरी । जिले में अवैध रूप से संचालित प्राइवेट क्लीनिकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में मितौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पलिया चौराहे पर चल रहे आनंद क्लिनिक को सीज कर दिया। बताया जा रहा है कि यह क्लिनिक बिना किसी वैध रजिस्ट्रेशन और डॉक्टर की निर्धारित योग्यता के ही लंबे समय से संचालित हो रहा था। मौके पर पहुंची टीम ने दस्तावेजों की जांच की तो क्लिनिक संचालन से जुड़े कोई वैध कागजात या लाइसेंस नहीं मिले। साथ ही, मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता भी मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई।

डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि विभाग को लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि आनंद क्लिनिक अवैध रूप से मरीजों का इलाज कर रहा है और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। गंभीरता से लेते हुए जांच कर कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि जिले भर में चल रहे ऐसे और भी क्लीनिकों पर नजर रखी जा रही है। जल्द ही अन्य जगहों पर भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध शस्त्र सहित शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक महोदय सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी बिसवां दिनेश कुमार शुक्ला के निकट पर्यवेक्षण में थाना सकरन पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान शातिर अभियुक्त योगेन्द्र पुत्र पिंकू उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम नरेन्द्रपुर थाना सदरपुर जनपद सीतापुर को एक अदद अवैध नाजायज तमंचा 12 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ हसनापुर मोड़ वहद ग्राम हसनापुर से गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर एवम् अभ्यस्त किस्म का अपराधी है जिसके विरुद्ध पूर्व में भी जनपद के विभिन्न थानो पर चोरी, नकबजनी, हत्या का प्रयास, अवैध शस्त्र एवम् गैंगेस्टर एक्ट आदि के संबंध में करीब 2 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में मु0अ0सं0 232/25 धारा 25(1-उ) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया ।

# दुघर्टना में अपना पैर गंवाने वाले सोहन की आर्थिक मदद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिंगाही खीरी। सिंगाही थाना क्षेत्र के क़स्बा सिंगाही से गोला गोकर्णनाथ के लिए कावड़ यात्रा निकली थी सभी कांवरिया गोला गोकर्णनाथ से जलाभिषेक कर लौटते समय पतरासी के पास दो डॉक्टर ट्राली आपस मे टकराई जिसमे दो गंभीर रूप से घायल हुए सिंगाही कस्बे के सोहन के इलाज में सोशल मीडिया वरदान साबित हुआ है। दुर्घटना में अपना एक पैर गंवाने वाले सोहन की आर्थिक मदद के लिए सोशल मीडिया पर चलाई गई मुहिम के तहत लोगों ने लगभग 50 हजार रुपये की ऑनलाइन सहायता भेजी है।

गौरतलब है कि बीते सोमवार को गोला से जल चढ़ाकर लौटते समय ट्रैक्टर और ट्राली की आपसी टक्कर में सिंगाही के वार्ड नंबर 11 निवासी सोहन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस हादसे में उनका एक पैर कट गया, जिसके बाद उन्हें



लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। सोहन का परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है। इलाज के लिए परिवार के पास संसाधनों की भारी कमी थी। ऐसे में समाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने सोशल मीडिया के जरिए आर्थिक मदद की अपील की। मंगलवार से बुधवार के बीच विभिन्न लोगों द्वारा करीब 50 हजार रुपये की राशि ऑनलाइन भेजी गई, जिससे परिवार को बड़ी राहत मिली है। इस मदद से अब सोहन के बेहतर इलाज की उम्मीद जगी है।

# ढखेरवा खालसा से पहली डाक कांवड़ गोला गोकर्णनाथ के लिए हुए रवाना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन खीरी। पवित्र श्रावण मास की अमावस्या पर ढखेरवा खालसा गांव से पहली डाक कांवड़ यात्रा गुरुवार को बड़े ही धूमधाम और भक्ति भाव के साथ रवाना हुई। शिवभक्तों का जत्था सरयू नदी से जल भरकर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना हुआ। डाक कांवड़ यात्रा के शुभारंभ पर गांव में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। कमेटी सदस्यों और ग्रामीणों ने कांवड़ियों को तिलक चंदन लगाकर और हर-हर महादेव के जयकारों के साथ विदा किया। कांवड़ यात्रा में विकास पाण्डेय, सुभाष पांडेय, राजेंद्र शुक्ला, सोनू पाण्डेय, विजय, सतेंद्र, दिलीप, अंकुश, राजू, अनिल, कमलेश, शुभम सहित कई अन्य शिवभक्त शामिल हुए। कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर स्थानीय कमेटी ने पुख्ता इंतजाम किए। कांवड़ियों के लिए रास्ते में जलपान, चिकित्सा व विश्राम की सुविधाएं भी सुनिश्चित की गईं। शिवभक्तों का कहना है कि बाबा भोलेनाथ की कृपा पाने के लिए यह यात्रा करते हैं और हर साल की तरह इस बार भी पूरी आस्था और नियम के साथ डाक कांवड़ लेकर जा रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने किया एकीकृत गौशाला कंट्रोल रूम का उद्घाटन

**203 गौशालाएं सीसीटीवी निगरानी में**

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा एकीकृत गौशाला कन्ट्रोल रूम का उद्घाटन विकास भवन कक्ष संख्या-106 में फीता काटकर किया गया। गौशालाओं में कुल 272 सी0सी0टी0वी0 कैमरे एवं 203 गौशालाओं का सी0सी0टी0वी0 का फीड प्राप्त कर गौशालाओं की सघन निगरानी का कार्य आरम्भ किया गया। शेष ही अवशेष गौशालाओं की फीड प्राप्त कर सम्पूर्ण गौशालाओं की निरागनी की जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा सी0सी0टी0वी0 की क्रियाशीलता के लिये जिला पंचायत राज अधिकारी एवं गौशालाओं की निरागनी के उपरान्त पायी गयी कमियों के निराकरण हेतु मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार जनपद में गौशालाओं की मानिटरिंग हेतु गौशालाओं को सी0सी0टी0वी0 के माध्यम से कन्ट्रोल रूम से जोड़ा जाये, उनकी मंशानुरूप यह कार्य आरम्भ किया गया। उन्होंने कहा कि हम लोगों के निरन्तर प्रयास से आज यह कार्य सम्भव हो पाया है। गौशालाओं की मानिटरिंग को हम सभी अच्छे स्तर पर कर सकें। मा0 मुख्यमंत्री जी मंशा है कि सभी गौशालाओं को अच्छी तरह से संचालित किया जाये एवं गौशालाओं को संचालित करने वालों पर नियंत्रण रखा जा सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार की कमियां पायी जाती हैं, जैसे कैमरा डिस्कनेक्ट होता है तो डी0पी0आर0ओ0 अपने स्तर से सचिवों पर कार्यवाही करेंगे और कोई अन्य कमियां होगीं तो बी0डी0ओ0 के माध्यम से कमियों का निराकरण कराया जायेगा। यदि समय पर निराकरण नही होगा तो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही अमल में जायेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पसगवां सीएचसी अधीक्षक की कार्यशैली पर उठे सवाल कार्रवाई में भेदभाव का आरोप

मैगलगंज खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मैगलगंज क्षेत्र में संचालित स्वास्थ्य केंद्रों और निजी क्लीनिकों को लेकर पसगवां सीएचसी अधीक्षक की भूमिका पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि आयुर्वेदिक चिकित्सकों द्वारा खुलेआम एलोपैथिक इलाज किया जा रहा था , बावजूद इसके केवल नोटिसथमा कर खानापूर्ति की जा रही है। कुछ माह पूर्व बच्चों के डॉक्टर बसीम खान के क्लीनिक को सीज कर दिया गया था। वहीं दूसरी ओर, हाल ही में नोडल अधिकारी की छापेमारी में एक आयुर्वेदिक चिकित्सक को एलोपैथिक इलाज करते रंगे हाथों पकड़ा गया लेकिन कार्रवाई के नाम पर महज़ नोटिस थमा दिया गया। यह दोहरा मापदंड प्रशासनिक कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पसगवां सीएचसी अधीक्षक की कार्रवाई जातिगत भेदभाव पर आधारित है। एक ही प्रकार के अपराध पर एक पक्ष को सख्त सजा और दूसरे को सिर्फ चेतावनी देना, कहीं न कहीं न्याय व्यवस्था और प्रशासनिक निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। जनता की मांग है कि ऐसे मामलों में पारदर्शी और निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई* की जाए, ताकि चिकित्सा व्यवस्था में लोगों का भरोसा बना रहे।

## यूरिया के लिए त्राहि-त्राहि, समितियों पर किसानों का सैलाब ,ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुई यूरिया की आपूर्ति, प्रशासन बेखबर

सकरन (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता। खेतों में लहलहाती फसलें और किसान की आंखों में चिंता... वजह है क्षेत्र में यूरिया की भीषण किल्लत। साधन सहकारी समितियों अरुआ, सांडा, कौवाखेरा में जैसे ही यूरिया खाद की गाड़ी आने की खबर फैली, वैसे ही किसानों का हुजूम टूट पड़ा। अरुआ समिति पर अतिरिक्त प्रभारी सचिव आशुतोष पांडेय और संचालक पंकज सिंह भीड़ संभालते नजर आए। काफी जद्दोजहद के बाद किसानों को आधार कार्ड जमा कर एक से दो बोरी यूरिया दी गई, लेकिन मांग के मुकाबले आपूर्ति नाकाफी रही। हजारों किसानों में मायूसी और गुस्सा साफ झलकता दिखा। समितियों की हालत यह रही कि जो व्यवस्था होनी चाहिए थी वह नदारद रही। किसान दिनभर भूखे-प्यासे लाइन में खड़े रहे, फिर भी सैकड़ों किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ा। अशांत किसानों को शांत करते हुए प्रभारी सचिव ने कहा कि अगली खेप में सांडा समिति पर खाद उपलब्ध कराई जाएगी। किसानों का फूटा गुस्सा: किसानों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की लापरवाही और विभागीय उदासीनता से खाद की कालाबाजारी चरम पर है। अगर यही हाल रहा तो फसलें बर्बाद हो जाएंगी। आखिर क्यों नहीं हो रही पर्याप्त खाद की आपूर्ति? क्यों लाचार हो रहे किसान? जिम्मेदार कब जागेंगे?

## जिलाधिकारी ने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष एवं वीवी पैट भण्डारण कक्ष का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष एवं वी0वी0 पैट भण्डारण कक्ष (वेयर हाउस का वाह्य निरीक्षण) का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं एवं आवश्यक दिशा-निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष में लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरे का भी गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त व्यवस्थाएं मा0 भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित की जायें। सुरक्षा व्यवस्था मानकों के अनुरूप करायी जाये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम, विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं निर्वाचन विभाग कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तैराकी प्रतियोगिता के 1500 मीटर फ्री स्टाईल में राज चौहान अव्वल

वाराणसी। खेल निदेशालय लखनऊ और क्षेत्रीय खेल कार्यालय वाराणसी के संयुक्त पहल पर सिगरा स्थित डॉ सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम के तरणताल में प्रदेश स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता की शुरूआत गुरूवार से हुई। उत्तर प्रदेश तैराकी संघ की देखरेख में प्रदेश स्तरीय सब जूनियर,जूनियर बालक,बालिका तैराकी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दमखम दिखाया। इसके पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के तैराकी संघ के कार्यकारी निदेशक राबिन कपूर ने किया। प्रतियोगिता के ग्रुप ए बालक वर्ग में 1500 मी0 फ्री स्टाईल में राज चौहान (स्पो.कालेज सैफई) पहले स्थान पर दूसरे स्थान पर अभिषेक साहनी, (विन्ध्याल), रिशू राज (गोरखपुर) तीसरे स्थान पर रहे । 100 मी0 बैक स्टोक में सहेज धिगरा (मुरादाबाद) प्रथम, अमरजीत कुमार गोड़(स्पो.का.सैफई) दूसरे और तीसरे स्थान पर हर्ष निषाद (विन्ध्यांचल) रहे। इसी तरह 200मी. व्यक्तिगत मिडले में सत्यम साहनी (वाराणसी), विराट निशाद (विन्ध्यांचल), राज चौहान विजेता रहे। 50 मी0 फ्री स्टाईल में अशिलेश यादव (स्पो0कालेज लखनऊ)प्रथम , सत्यम साहनी (वाराणसी) दूसरे और सहेज धिंगरा (मुरादाबाद) तीसरे स्थान पर रहे।

# राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान का शुभारंभ, 15 वादों में सुलह सफल

**जनपद न्यायाधीश की अपील, ज्यादा से ज्यादा लोग उठाएं लाभ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जनपद में 01 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत न्यायालय में विचाराधीन वैवाहिक विवाद, सड़क दुर्घटना से संबंधित दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, उपभोक्ता शिकायत, ऋण वसूली, सम्पत्ति विवाद समेत अन्य दीवानी मामलों का सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारण किया जा रहा है। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सैय्यद माऊज बिन आसिम के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान में अब तक जिले के विभिन्न न्यायालयों से 50 वाद सुलह के लिए चिहि्नत किए गए हैं, जिनमें से 15 वादों का सफलतापूर्वक निस्तारण मध्यस्थ अधिवक्ताओं द्वारा कराया जा चुका है।

अपर जिला जज एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेन्द्र नाथ पाण्डेय ने आमजन से अपील की है कि वे इस राष्ट्रीय अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने लंबित मामलों को आपसी सहमति से सुलझाकर न्याय प्रक्रिया को आसान बनाएं। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता के माध्यम से विवादों का समाधान तेज, सस्ता और सौहार्दपूर्ण होता है। प्राधिकरण का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को न्याय दिलाना और लंबित मामलों की संख्या को कम करना है। ऐसे में लोगों से अपील है कि वे न्यायालय के माध्यम से चल रहे इस विशेष अभियान में भाग लेकर सुलह-समझौते का लाभ उठाएं और न्यायिक प्रक्रिया को सुगम बनाएं।

# क्रांतिवीर चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर गरजा काव्य

**गढ़ाकोला उन्नाव में भव्य कवि सम्मेलन, कमलेश मौर्य 'मृदु' की अध्यक्षता में हुआ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां -सीतापुर । जनपद के विख्यात कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु की अध्यक्षता में गढ़ाकोला उन्नाव में संपन्न हुआ कवि सम्मेलन। कवि सम्मेलन का आयोजन भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय संस्कृति मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा क्रांति वीर चंद्रशेखर आजाद की पावन जयंती के अवसर पर निराला सभागार गढ़ाकोला में आयोजित किया गया था। अध्यक्षता कर रहे कमलेश मौर्य मृदु द्वारा मां सरस्वती तथा चंद्रशेखर आजाद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। नोडल अधिकारी भातखंडे की प्रोफ़ेसर सीमा भारद्वाज, विनीत वर्मा, वरिष्ठ ओज कवि वेदव्रत बाजपेई, राष्ट्रीय कवि संगम के पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र अध्यक्ष एवं संस्कार भारती अवधप्रांत के उपाध्यक्ष शिवकुमार व्यास, गीतकार गजेन्द्र प्रियांशु, अशोक अग्निपथी, अटल नारायण तथा सुश्री प्रियंका शुक्ला भी दीप प्रज्वलन में सहभागिता की। कार्यक्रम का सफल संचालन शिवकुमार व्यास ने किया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष राज्य ललित कला अकादमी गिरीशचंद्र मिश्र समकक्ष राज्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की सराहना करते हुए ऐसे समारोहों की निरंतरता पर बल दिया। अध्यक्षीय काव्य पाठ करते हुए कमलेश मौर्य मृदु ने चंद्रशेखर आजाद को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा नाम सुनकर के ब्रिटिश राज्य कंपता था भारत के ऐसे क्रांति दूत को नमन है। एक हाथ मूंछपर एक माउजर पर मन मध्य साहस अकूत को नमन है। बज्र जैसी देह यष्टि अग्नि ज्वाला जैसी दृष्टि स्वतः स्फूर्त बलबूत को नमन है। ललित ललाम क्रांति के समग्र धाम सीताराम जगरानी जी के पूत को नमन है। ख्यातिप्राप्त कवि वेदव्रत बाजपेई ने वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य को रेखांकित किया।उनकी यह रचना बहुत सराही गई लाल किले का रस्ता भारत की गलियों से जाता है। गीतकार गजेन्द्र प्रियांशु के मुक्तकों व गीतों की बहुत सराहना हुई। शिवकुमार व्यास की की रचना '' मैं अल्फ्रेड पार्क का बूढ़ा बरगद बोल रहा हूं'' सुनकर श्रोताओं ने उछल उछल कर तालियां बजाईं। अशोक अग्निपथी की काकोरी काण्ड पर आधारित रचना की जमकर प्रशंसा हुई। अटल नारायण के छंदों ने खूब वाहवाही लूटी। सुश्री प्रियंका शुक्ला ने श्रंगार पढ़कर समां बांधा। जो राज छिपा कर रखे थे वो सब राज पता हैं मुझे। गैरों के यहाँ बैठ कर बोलें गए सभी अल्फाज पता है मुझे। और लाख कर ले कोशिशें मुझको हराने की, आस्तीन के सापों के भी मिज़ाज पता है मुझे। अंत में नोडल अधिकारी प्रोफ़ेसर सीमा भारद्वाज ने सभीके प्रति आभार व्यक्त किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न

**ग्राम पंचायतों में साफ सफाई और मार्गों के दुरुस्तीकरण के निर्देश**

**विकास खंड मुरादाबाद और मूढ़ापांडे में बनेंगे कीचड़ उपचार संयंत्र (एफएसटीपी), जिलाधिकारी ने दिए निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित हुई।जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में स्वच्छता और साफ सफाई को लेकर विशेष गंभीरता बरतने की जरूरत है साथ ही ग्राम पंचायतों में सड़क और खड़ंजे बेहतर स्थिति में हों, इसके लिए सभी ग्राम प्रधान और सचिवों को निर्देशित कर दें।ग्राम पंचायतों में सृजित कराए गए जनोपयोगी संसाधनों की उपयोगिता को लेकर उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि वे विकास खंड वार प्रधानों की कार्यशाला आयोजित कराएं।स्वच्छ सर्वेक्षण (ग्रामीण) के लिए निर्धारित मानकों को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायतों में कार्य कराने के भी निर्देश दिए।जिले की विकास खंड मुरादाबाद और मूढ़ापांडे में कीचड़ उपचार संयंत्र (एफएसटीपी) बनवाए जायेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायतों में लगने वाली बाजारों के लिए निर्धारित स्थलों पर नियमित रूप से सफाई नहीं हो रही है जिससे स्थानीय लोगों को समस्या होती है। उन्होंने कहा कि बाजार स्थलों की नियमित रूप से साफ सफाई कराई जाए।गांवों के आसपास जलभराव की समस्या आमतौर पर दिखाई देती है जिससे गांव के लोगों को कभी कभी स्वास्थ्य समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। उन्होंने जलभराव के समाधान को लेकर ग्राम पंचायतों को गंभीरता बरतने के लिए निर्देशित किया है।उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि कावड़ मार्ग पर पड़ने वाली ग्राम पंचायतों के स्तर से कावड़ मार्गों पर पर्याप्त सफाई और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखा जाए, ताकि कावड़ियों को कोई दिक्कत न हो।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री आलोक शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री विमलेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री हर्ष मवार सहित समिति के अन्य सदस्य गण मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्थायी समिति की बैठक सम्पन्न

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित पेंशनर भवन में जिला स्तरीय स्थायी समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मीडिया संस्थान के प्रतिनिधियों से समन्वय कर शासन की जनहित की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये, मीडिया संस्थान के प्रतिनिधियों को शासकीय कार्यक्रमों की जानकारी ससमय उपलब्ध कराते हुए कार्यक्रम के पश्चात प्रेस विज्ञप्ति, फोटोग्राफ्स इत्यादि समय से उपलब्ध कराये जायें, इसके साथ ही जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा कराये जा रहे जनहित के कार्यो का जनपद में व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये।जिला प्रशासन एवं मीडिया संस्थान के प्रतिनिधियों से सामंजस्य बनाये रखने हेतु समय-समय पर प्रेसवार्ता का आयोजन कराया जायें। इस अवसर पर समिति के समस्त सदस्यगण उपस्थित रहें।

## मत्स्य विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए आनलाइन आवेदन आमंत्रित

मुरादाबाद। सहायक निदेशक मत्स्य श्री राजे लाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जनसामान्य के लिए आनलाइन आवेदन करने हेतु विभागीय पोर्टल http://fisheries.up.gov.in 24 जुलाई 2025 से 14 अगस्त 2025 तक खोला जा रहा है। उन्होंने बताया कि मत्स्य विभाग के अन्तर्गत मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम की स्थापना, उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष, मछली विक्रय हेतु मोपेड़ विद आइसबाक्स परियोजना संचालित है। योजनाओं में लाभ प्राप्त करने हेतु योजनावार आवेदन पृथक-पृथक करने होंगे। योजना के अंतर्गत का विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण को विभागीय वेबसाइट http://fisheries.up.gov.in पर देखा जा सकता है। योजनाओं में यदि भविष्य में कोई संशोधन होता है तो संशोधित प्रावधान लागू होंगे। योजना में पूर्व के वर्षो में निरस्त/प्रतिक्षारत आवेदन वाले आवेदक पुनः आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त योजना के सम्बन्ध में मत्स्य विभाग के जनपदीय अधिकारी के कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, कक्ष सं0-एस-32, विकास भवन, मुरादाबाद से किसी भी कार्य दिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## 26 को जाएंगे बनवारी लाल कंछल



बदायूं। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल की कार्य समिति की बैठक जिला महामंत्री यश मसीह के कार्यालय में हुई। बैठक में बताया गया कि 26 जुलाई को प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद बनवारी लाल कंछल आएंगे। उस दौरान बिजली कटौती की समस्या को उठाया जाएगा। महामंत्री ने बताया कि अध्यक्ष का स्वागत इंदिरा चौक स्थित एक पैलेस के पास किया जाएगा। जिला अध्यक्ष कृष्ण देव चांडक ने जिले में लगातार हो रही बिजली कटौती पर चिंता जताई। बताया कि इस संबंध में एक ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा जाएगा। वहीं, शहर को बढ़ते जाम और अतिक्रमण की समस्या पर चिंता व्यक्त की और समाधान के लिए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की जाएगी। जिला कोषाध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने कहा कि रोडवेज, कचहरी और मुख्य बाजारों में टेंपो व ई-रिक्शा के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। जिसके समाधान के लिए अधिकारियों से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे। प्रांतीय उपाध्यक्ष सतीश चंद्र मिश्रा ने कहा कि सभी व्यापारी संगठनों को एकजुट होकर व्यापारियों की समस्याओं के समाधान में तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर अनिल माहेश्वरी, अभिषेक वंसल, संतोष शर्मा, दिनेश गुप्ता, राहुल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## सीडीओ की अध्यक्षता में भूजल सप्ताह कार्यक्रम का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद। भूजल सप्ताह के समापन अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में पंचायत भवन सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए जल संरक्षण को प्राथमिकता प्रदान करें।सरकार द्वारा जल संरक्षण के लिए व्यापक स्तर पर कदम उठाए जा रहे हैं इसके साथ ही हम सभी को अपने छोटे-छोटे प्रयासों को भी जारी रखना होगा ताकि जल संकट की भयावह स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा औद्योगिक क्षेत्र, सरकारी भवनों एवं विद्यालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को स्थापित कराया जा रहा है जिसका उद्देश्य यही है की वर्षा जल का संचयन करके भूजल स्तर को बेहतर बनाने में मदद मिल सके। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने जल संरक्षण के लिए सीसीएम तकनीक स्थापित कराने वाले 07 उद्यमियों और तालाबों का जीर्णोद्धार कराने वाले 04 उद्यमियों को सम्मानित किया।अधिशासी अभियंता भूगर्भ जल विभाग श्री गणेश सिंह ने भूजल संरक्षण की विभिन्न पद्धतियों के बारे जानकारी देते हुए बताया कि रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और तालाबों के जीर्णोद्धार से भूजल संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है।डब्ल्यू. डब्ल्यू. एफ. के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी उमेश श्रीमाली ने औद्योगिक इकाइयों में लगवाए गए सीसीएम तकनीक के बारे में जानकारी दी और बताया कि इससे करीब 25 से 30 प्रतिशत जल की बचत हो रही है।इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त उद्योग श्री योगेश कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड श्री डी. के. गुप्त सहित विभिन्न एनजीओ, सामाजिक कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

## डीपीओ ने गर्भवती महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रति किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत अधिकतम लाभार्थियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले में नगरीय क्षेत्र के साथ साथ ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कराए जा रहे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जानकी आर्या ने बताया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण प्रतिदिन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने झांझनपुर वार्ड में आयोजित शिविर में पहुंचकर महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानी और सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में महिलाओं को जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य गर्भावस्था की प्रारंभिक अवस्था में महिलाओं को आर्थिक लाभ प्रदान करना है जिससे उनके पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि कोई भी गर्भवती महिला इस योजना के तहत दिए जाने वाले लाभ से वंचित न रह जाए इसलिए व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम एवं पंजीकरण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। योजना में गर्भावस्था के पहले 6 माह में पंजीकरण और कम से कम एक प्रसव पूर्व जांच के बाद 3000 रूपये प्रदान किए जाते हैं। बच्चों के जन्म पंजीकरण और 14 सप्ताह के बाद टीकाकरण कराने पर 2000 रूपये प्रदान करने की योजना है।

## ईंट भट्ठा मालिक से मिट्टी ढोने के एवज में मांगी रंगदारी

बदायूं। इस्लामनगर थानाक्षेत्र में एक युवक ने मिट्टी ढोने के एवज में ईंट भट्ठा मालिक के डंपर चालक से रंगदारी मांगी। विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद ईंट भट्ठा मालिक को फोन करके रंगदारी मांगी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव लश्करपुर ओइया निवासी प्रेमपाल ने पुलिस को बताया कि वह ईंट भट्ठे पर अपने ही डंपर से मिट्टी डलवाते है। 20 जुलाई को कस्बे के मोहल्ला मनिहार निवासी शिवम दादा ने रास्ते में उनके डंपर को रुकवाया। उसने चालक जसवीर से रंगदारी मांगी। विरोध करने पर चालक के साथ गाली गलौज कर मारपीट की। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर चला गया। कुछ देर बाद शिवम ने उनके मोबाइल नंबर पर फोन करके रंगदारी मांगी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रंगदारी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी यू-ट्यूबर है। इस्लामनगर इंस्पेक्टर विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज है। साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## दुर्विजय सिंह शाक्य क्षेत्रीय अध्यक्ष ने नवगठित मंडल कार्यकारिणी को किया सम्मानित

बदायूं। बिसौली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा की नव गठित मंडल कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुषमा मौर्य पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा मधुवन फार्म हाउस में कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें दुर्विजय सिंह शाक्य क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम में पहुंचकर नव गठित पदाधिकारी मनोज गुप्ता नगर मण्डल अध्यक्ष, राजकुमार मौर्य नगर महामंत्री, वैभव शर्मा मंडल महामंत्री, सुनील कुमार सिंह ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष, रितेश चौहान बगरैन मण्डल अध्यक्ष, दिनेश राजपूत करनपुर मण्डल अध्यक्ष , विजय शर्मा आसफपुर मण्डल अध्यक्ष, नीटू पाल जिला प्रतिनिधि, निगमेश्वर मिश्रा जिला प्रतिनिधि, सविता शर्मा जिला प्रतिनिधि समेत अन्य भाजपा पदाधिकारियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया । इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चन्द्रा, ब्रज क्षेत्र कार्य समिति सदस्य हरी ओम पाराशरी, जिला उपाध्यक्ष श्री दुर्गेश वर्ष्णेय, भैरों प्रसाद मौर्य, गिरीश मौर्य पूर्व प्रधान, भानू प्रताप मौर्य प्रधान, अमित पंडित समेत सभी शक्ति केन्द्र संयोजक एवं नवगठित कार्यकारिणी के सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सम्भल गुन्नौर की राजनीति में नई पीढ़ी की दस्तक

**पूर्व मंत्री अजीत कुमार 'राजू यादव' के पुत्र पार्थ यादव ने संभाली कमान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सम्भल (गुन्नौर)। गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में एक बार फिर यादव परिवार की धमक सुनाई देने लगी है। क्षेत्र के कद्दावर नेता और पूर्व माध्यमिक शिक्षा मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव के पुत्र पार्थ यादव ने अब सक्रिय राजनीति में कदम रख दिया है। पार्थ यादव अपने पिता की तर्ज पर ही सियासी सफर की शुरुआत कर रहे हैं और क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क व सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से सक्रियता बढ़ा रहे हैं।अजीत कुमार यादव, जो कभी समाजवादी पार्टी की सरकार में माध्यमिक शिक्षा मंत्री रहे, बाद में भारतीय जनता पार्टी से विधायक चुने गए थे। उनकी छवि एक मजबूत और जमीनी नेता की रही है, जिन्होंने गुन्नौर क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाई। अब उनका बेटा पार्थ यादव भी उसी रास्ते पर चलकर जनता से जुड़ने का प्रयास कर रहा है।राजू यादव का परिवार लम्बे समय से गुन्नौर की राजनीति में सक्रिय रहा है। अजीत कुमार यादव से पहले उनके पिता और माता—दोनों ही इस क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं। इस प्रकार पार्थ यादव तीसरी पीढ़ी के नेता के रूप में राजनीतिक मंच पर आ रहे हैं।सूत्रों के मुताबिक, पार्थ यादव ने क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज करानी शुरू कर दी है। वे सामाजिक मुद्दों, युवा कल्याण, शिक्षा और विकास से जुड़े विषयों पर खुलकर अपनी राय रख रहे हैं।

## अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद। अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग श्री योगेश कुमार ने उद्यमियों की समस्याओं पर एजेण्डावार जानकारी दी।बैठक में अगवानपुर पेपर मिल चौराहे से महलकपुर वाली रोड पर अगवानपुर पंचायत की सीमा से आगे सड़क का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा करा दिया गया है तथा अवशेष कार्य मौसम की अनुकूलता होने पर कराये जाने का आश्वासन दिया गया। बुद्धिविहार में परशुराम चौक से दिल्ली रोड को जाने वाली सड़क का कार्य तथा कांशीराम नगर गौतम बुद्धापार्क से खुशहालपुर ब्रेड फैक्ट्री तक सड़क मरम्मत का कार्य को नगर निगम द्वारा सी0एम0 ग्रिट योजना में प्रस्तावित किया गया है ।इसके साथ ही कांशीराम नगर में नालियों एवं सड़कों की मरम्मत के कार्य हेतु नगर निगम द्वारा आगणन तैयार कर उक्त कार्य कराये जाने का आश्वासन दिया गया है । वेव सिनेमा रोड में सीवर लाइन की बजह से टूटी सड़क के सम्बन्ध में जल निगम के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि यह कार्य पूर्ण करा दिया गया है अतः इस बिन्दु को एजेंडा से समाप्त किए जाने का निर्णय समिति द्वारा लिया गया। इसके साथ ही आशियाना रोड रामगंगा बिहार एवं आशियाना कॉलोनी बुद्धि विहार कॉलोनी में परशुराम चौक से नोदी एक्सपोर्ट तक सड़क मरम्मत इत्यादि कार्यो को कराए जाने हेतु नगर निगम को कार्यवाही के निर्देश दिए गए।कोकरपुर एवं फतेहपुर विश्नोई अगवानपुर बाईपास रोड पर स्थापित औद्योगिक इकाईयों में समय से बिजली की आपूर्ति नहीं मिलने एवं बिजली की आपूर्ति ग्रामीण फीडर से हटाकर शहरी फीडर में किये जाने के सम्बन्ध में विद्युत विभाग के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि इसे वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रस्तावित किया गया है। दिल्ली रोड मझौली चौक से जो सड़क खुशहालपुर को जा रही है पहले यह रास्ता खुला हुआ था। लगभग एक वर्ष से बन्द कर दिया गया है जिससे शहर से दिल्ली रोड से शुशहालपुर जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उन सभी को मानसरोवर कॉलोनी वाले कट से रोंग साइड से खुशहालपुर जाना पड़ता है। इस सम्बन्ध में यातायात विभाग के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया की कावड़ के बाद इस समस्या का समाधान करा दिया जायेगा ।बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों की

## डीईओ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ किया ईवीएम व वीवीपीएटी वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण



बदायूँ। जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट में स्थापित ईवीएम व वीवीपीएटी वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण किया। उन्होंने वहां सीसीटीवी से की जा रही निगरानी को देखा। ईवीएम व वीवीपीएटी पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं। वेयरहाउस में 24 घंटे सुरक्षा बल तैनात रहता है। उन्होंने वेयरहाउस में कक्षों पर लगाई गई सीलो को चेक किया तथा आगंतुक पंजिका पर हस्ताक्षर भी किये।गुरुवार को जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने बताया कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में ई0वी0एम0 (इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) व वी0वी0पी0ए0टी0 (वोटर वैरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) वेयरहाउस का मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आंतरिक व बाह्य निरीक्षण भी किया जाता रहा है।उन्होंने उपस्थित पुलिस कार्मिकों को सजगता से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने प्रकाश, साफ सफाई आदि की गई व्यवस्थाओं को भी जांचा व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि की गई व्यवस्थाओं से पूर्ण रूप से संतुष्ट नजर आए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## पशुओं में खुरपका-मुंहपका से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान शुरू

**अपर निदेशक, पशु पालन विभाग ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद। जिले में पशुधन को खुरपका-मुंहपका जैसे संक्रामक रोग से बचाने के लिए विशेष टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई है। अपर निदेशक, पशु पालन विभाग डा. जगदीश प्रसाद ने जिला पशु चिकित्सालय मुरादाबाद से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम पशुधन की रक्षा और किसानों की आजीविका को सुरक्षित रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।यह अभियान भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम (एन.ए.डी.सी.पी.) के अंतर्गत 7 सितम्बर 2025 तक चलेगा। जिलेभर में 21 टीमें गठित की गई हैं। प्रत्येक टीम में एक पशु चिकित्सा अधिकारी, एक पशुधन प्रसार अधिकारी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी/पशु मित्र सहित कुल तीन सदस्य कार्यरत रहेंगे। अभियान के दौरान सभी टीमें कोल्ड चेन व्यवस्था के साथ पशुचिकित्सा वाहनों से क्षेत्रवार टीकाकरण करेंगी।उन्होंने बताया कि इस चरण में 5 लाख गोवंश एवं महिषवंशीय पशुओं को निःशुल्क टीका लगाया जाएगा, इसमें 4 माह से कम आयु के पशुओं एवं गर्भित मादा पशुओं को इस चरण में शामिल नहीं किया गया है। ऐसे पशु जो किसी कारणवश टीकाकरण से छूट जाएंगे, उन्हें अगले चरण में शामिल किया जाएगा।जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ग्रामीण क्षेत्रों में टीमें समयबद्ध पहुंचें और कोई पशु टीकाकरण से वंचित न रह जाए। उन्होंने पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को अनिवार्य रूप से टीकाकरण हेतु उपलब्ध कराएं, जिससे यह रोग जड़ से समाप्त हो सके।इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील दत्त प्रजापति, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सदर डॉ. जितेंद्र वीर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### क्या है खुरपका-मुंहपका रोग और क्यों है इतना खतरनाक

खुरपका-मुंहपका (फुट एंड माउथ डिजीज) एक गंभीर वायरल जनित बीमारी है जो पशुओं के लिए दर्दनाक साबित होती है।इस रोग के संक्रमण से पशुओं के मुंह और खुरों में छाले पड़ जाते हैं, जिसके कारण वे कुछ भी खा-पी नहीं पाते। भोजन-पानी छोड़ने की वजह से पशुओं में अत्यधिक कमजोरी आ जाती है और कई मामलों में उनकी मृत्यु भी हो जाती है। यदि समय पर इस बीमारी का इलाज न किया जाए तो पैरों में संक्रमण फैलने और कीड़े पड़ने का भी खतरा बना रहता है, जिससे पशु की स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

## मोबाइल बच्चों की आंखों के लिए अत्यंत हानिकारक: शाह आलम

मुरादाबाद। रामनगर मझरा स्थिति एएम पब्लिक स्कूल में बच्चों में बढ़ती मोबाइल देखने की प्रवृति को दूर करने हेतु ''मोबाइल जागरूकता कार्यक्रम'' के अंतर्गत बच्चों को मोबाइल फोन से होने वाले दुष्परिणाम की जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक ने बताया कि एक से दस साल तक के बच्चों की नज़र कच्ची होती है जिसमें ठहराव नहीं होता है। ऐसी स्थिति में आजकल बच्चों में मोबाइल देखने की अत्यधिक प्रवृत्ति बढ़ने से उनकी आंखों पर मोबाइल की तेज रोशनी पढ़ने से आँखें कमजोर होती जा रही है। बच्चे चिड़चिड़े और पढ़ाई से दूर होते जा रहे हैं। इसी समस्या को लेकर मोबाइल जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली बच्चों को मोबाइल के अत्याधिक प्रयोग से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई और मोबाइल का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी,प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक,अभिनव सैनी,प्रीति चतुर्वेदी, सुखविंदर समेत अन्य लोग मौजूद हे।

## जिला स्तरीय एनकार्ड समिति की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। डीएम हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में नशीले पदार्थो की तस्करी एवं प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय एनकोर्ड समिति की बैठक बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में नशीली दवाओं एवं ड्रग के दुरुपयोग को रोकने, जिले में अफीम या भांग की फसल की अवैध खेती एवं भंडार, संलिप्त लोगों का व्यपवर्तन, प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग व तस्करी मुख्य एजेंडा रहा। डीएम ने इस संबंध में किए जाने वाले कार्यवाही की जानकारी लेते हुए अवैध तरीके से अफीम के उत्पादन होने की संभावना पर निगरानी रखने, ड्रग व नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने एवं कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग द्वारा विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत की गई कार्यवाही पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रखी जाए। डीएम ने संवेदनशील क्षेत्रों/अतिसंवेदनशील स्थानों की पहचान करने व नशीले पदार्थो के अवैध व्यवसाय को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया के जिला समाज कल्याण अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग और जिला विद्यालय निरीक्षक नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत लोगो को प्रचार प्रसार के माध्यम से जागरूक भी करते रहे। बैठक में एडीएम (प्र) सिद्धार्थ, जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव सिंह,जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, एसीएमओ डॉ अरविंद सहित संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वजीरगंज मनरेगा में बह रही भ्रष्टाचार की गंगा

**मनरेगा में फर्जीवाड़े की अगर जांच हो जाए तो एपीओ व तकनीक सहायक आएंगे जांच के दायरे में**

**मनरेगा योजना में फर्जीबाड़ा कराने के मास्टर माइंड बताये जाते एपीओः सूत्र**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। गांव के गरीब मजदूरों को रोजगार देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना शुरू की थी।सरकार इसे जनहित में ईमानदारी से चलाने के लिए लगातार प्रयासरत है,लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है।वजीरगंज ब्लॉक क्षेत्र की अधिकतर ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है।इन दिनों डबल रोल फोटो के ज़रिए श्रमिकों की हाजिरी दर्ज कराने का चलन आम हो गया है।ग्राम पंचायतों में आय दिन ऐसे हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, जिनमें कागज़ पर काम होता है,लेकिन धरातल पर कुछ नहीं।ताजा मामला ग्राम पंचायत खान पुर, रायपुर, साहिबपुर, रसूलपुर, रायपुर और नौब स्ता ग्राम पंचायत में फर्जी फोटो लेकर कई मस्टररोल अपलोड की जा रही है। नयपुर गाँव में एक कार्य के लिए 107 मजदूर, औरखानपुर में 109, रायपुर में 77, रसूलपुर में 40, साहिबपुर में 58 श्रमिकों की फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है।

### डबल रोल के बावजूद अधिकारी बने हैं अंजान

वजीरगंज ब्लॉक के स्थानीय ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह कोई नई बात नहीं है। यहां तो रोज़ ही कागज़ों पर काम होता है,असल में कुछ नहीं।जब भी शिकायत की जाती है,तो ब्लॉक स्तर से जांच होगी कह कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि ऊपर से नीचे तक सबसेटिंग गेटिंग का खेल चल रहा है,जिसमें जिम्मे दारों की मिलीभगत से गरीबों के नाम पर पैसा उड़ाया जा रहा है।ग्राम पंचायत नयपुर में भी ऐसी ही तस्वीर सामने आई है। नयपुर गांव में तालाब खुदाई के कार्य के लिए 107 मजदूरों को कार्य के लिए लगाया गया है लेकिन धरा तल पर एक भी श्रमिक मौजूद नहीं है सिर्फ फोटो में डबल रोल का खेल जारी करके मन रेगा के साइड पर अपलोड किया गया है।विश्व स्त सूत्रों की माने तो कुछ इसी तरह का खेल मनरेगा में रसूलपुर और साहिबपुर ग्राम पंचा यत में भी हो चुका है।मामले की निष्पक्ष जांच हो जाए तो ब्लॉक के कई जिम्मेदार प्रतिनिधि और कर्मचारी कटघरे में होंगे।खैर देखना यह होगा की दूसरे मामलों की तरह जांच ठंडी रहे गी या भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई होगी।इस संबंध में जब संबंधित सचिव से दूर भाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बात करना ही मुनासिब नहीं समझा बात नहीं हो पाई है।

# डग्गामार वाहनों के खिलाफ चला अभियान

**चेकिंग में तीन वाहन बसें सीज, डग्गामार गाड़ियों के खिलाफ जिला प्रशासन चल रहा सख्त अभियान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। डग्गामार वाहन संचालक सवारियां ढोकर सरकार को हर महीने लाखों रुपये राजस्व को चूना लगा रहे हैं।सीएम योगी की सख्ती के बाद जिले में डग्गामार गाड़ियों के खिलाफ अभियान चलाया गया।बृहस्पतिवार को गोण्डा में चेकिंग के दौरान तीन टैक्सी वाहनों को को सीज कर दिया गया है।जबकि दर्जनों से अधिक वाहनों पर नजर रखी जा रही है।परिवहन विभाग के पीटीओ मोहम्मद आरि फ ने कि सीएम योगी का सख्त आदेश है कि सड़क पर बिना परमिट या अवैध रूप से चलने वाले किसी भी डग्गामार वाहन को बख्शा न जाए,जिससे कोई दुर्घटना न हो,इसी के तहतगोण्डा में अभियान चलाया जा रहा है।इसी कड़ी में जिले में बिना परमिट चल रही तीन टैक्सी गाड़ियों को सीज की गई हैं। उन्होंने बताया कि लगभग दर्जनों ऐसी टैक्सियां हैं जो बिना परमिट चल रही है इसके अलावा, बसों के संचालन में शासनादेश का उल्लंघन भी देखा गया है आदेशानुसार कोई भी बस अधि कृत बस स्टैंड से एक किलोमीटर के दायरे में नहीं खड़ी हो सकती,लेकिन ये बसें सैटेलाइट बस स्टैंड के बिल्कुल पास से संचालन कर रही थीं।परिवहन विभाग के अधिकारी ने ये भी स्प ष्ट किया कि ये अभियान आगे भी लगातार जा री रहेगा ताकि आम जन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और अवैध परिवहन पर रोक लगा ई जा सके।

# श्रद्धा और आस्था के साथ चंदेला कला से बाबाधाम रवाना हुए शिवभक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। सावन माह के पावन अवसर पर कोतवाली नानपारा क्षेत्र के चंदेला कला गांव से गुरुवार को शिवभक्तों का एक जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम (बाबाधाम), देवघर के लिए रवाना हुआ। कांवड़ यात्रा के लिए श्रद्धालु पहले बिहार के सुल्तानगंज पहुंचेंगे, जहां वे पवित्र गंगा जल भरकर बाबाधाम तक करीब 115 किलोमीटर की कठिन लेकिन भक्तिपूर्ण पैदल यात्रा करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है, जिसमें चंदेला कला गांव के शिवभक्त हर साल सावन में कांवड़ यात्रा पर निकलते हैं। इस बार लगभग दो दर्जन कांवड़ियों ने इस आध्यात्मिक यात्रा में भाग लिया है। पूरे गांव में यात्रा की शुरुआत से पहले भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला, जहां हर-हर महादेव के गगनभेदी जयकारों से वातावरण गूंज उठा। यात्रा में शामिल चंदन मिश्रा, प्रदीप कुमार, संदीप गिरी, शिवकुमार सहित कई श्रद्धालुओं का कहना है कि यह यात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि यह मानसिक और शारीरिक रूप से भी बेहद लाभकारी है। चंदन मिश्रा ने कहा कि बाबा बैद्यनाथ अपने सच्चे भक्तों की हर मुराद पूरी करते हैं। बस श्रद्धा और समर्पण की जरूरत होती है। गांव के लोगों ने कांवड़ियों को मंगल कामनाओं के साथ विदा किया। अब यह जत्था कई पड़ाव पार करता हुआ बाबाधाम पहुंचकर जलाभिषेक करेगा और पुनः गांव लौटेगा। हर हर महादेव के जयकारों के साथ इस आस्था की यात्रा ने एक बार फिर यह साबित किया कि श्रद्धा जब कदमों में समर्पण बनकर उतरती है, तो कोई भी दूरी दूर नहीं लगती।

## हज 2026 हेतु आनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित

बहराइच । जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि हज-2026 हेतु आनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित है। आवेदन के समबन्ध में उ.प्र. राज्य हज समिति द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए श्री खालिद ने बताया कि पासपोर्ट मशीन पठित होना चाहिए हस्तलिखित मान्य नही होगा। आवेदन की अन्तिम तिथि 31 जुलाई या उससे पूर्व का जारी किया हुआ पासपोर्ट जिसकी वैधता 31 दिसम्बर 2026 तक होना अनिवार्य है।श्री खालिद ने बताया कि हज-2026 हेतु सामान्य 40 दिवस की यात्रा के अतिरिक्त छोटी 20 दिवसीय हज यात्रा हेतु आवेदन करने का विकल्प भी रखा गया है जिसमें कम सीटे उपलब्ध है एवं व्यय अधिक होने की सम्भावना है, तथा ऐसा विकल्प चयनित करने वालों के लिए मात्र 07 उड़ान स्थल अहमदाबाद, बैंगलोर, चेन्नई, कोच्चि, दिल्ली, हैदराबाद व मुम्बई निर्धारित हैं। सामान्य यात्रा हेतु निर्धारित शर्ते हज 2025 की भाति ही रहेंगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक हज यात्रियों को ऑनलाइन आवेदन करते समय पासपोर्ट साइज फोटो, पासपोर्ट का प्रथम व अन्तिम पृष्ठ, ऐडरेस प्रूफ, बैंक खाते का विवरण जिसमे निरस्त चेक अथवा बैंक पासबुक की प्रति भी आवेदनकर्ता को अपलोड करनी होगी।

# फीस नियंत्रण बिल को लेकर छात्र पंचायत ने निकाली कावड़ यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। राष्ट्रीय छात्र पंचायत के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने निजी स्कूलो कि बढ़ती फीस और निजी स्कूलों की मनमानी के विरोध में गोंडा से छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने कांवड़ यात्रा शुरू की है। कावड़ यात्रा शुरू होने से पहले विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद कार्यकर्ता तिरंगा लेकर गांधी पार्क से लखनऊ के लिए रवाना हुए है।ये यात्रा लगभग 125 किलोमीटर की दूरी तय करके मुख्यमंत्री आवास पहुंचेगी।उससे पहले रास्ते में छात्र पंचा यत के कार्यकर्ता जरवल रोड पर रात्रि विश्राम करेंगे और 25 जुलाई को सुबह 8 बजे लखनऊ के लिए फिर से रवाना होंगे।26 जुलाई को सुबह 8 बजे मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर सीएम योगी आदित्यनाथ को जलाभिषेक करेंगे। कार्यकर्ताओं के हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां हैं जिनमें लिखा है - ''तोड़ देंगे नोटों की जंजीर जो खींचेंगे शिक्षा पर लकीरें'', ''सस्ती हो किताबें, सस्ती हो शिक्षा'', ''सबको मिले पढ़ाई का अधिकार,फ्री राशन नहीं फ्री शिक्षा चाहिए।राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने बताया कि इस यात्रा का नाम 'छात्र कांवड़ यात्रा' है।उन्होंने कहा कि यात्रा का एक ही उद्देश्य है कि उत्तर प्रदेश में निजी स्कूलों द्वारा मची लूट पर नियंत्रण रखने के लिए मानसून सत्र में फीस रेगुलेशन बिल लाया जाए।शिवम पांडेय ने आगे कहा कि सावन में कांवड़ लेकर जाने से मनो कामना पूरी होती है और उनकी एक ही मनोकामना है कि सीएम योगी आदित्यनाथ इस मानसून सत्र में फीस नियंत्रण बिल लाएं। कार्यकर्ता लगभग 130 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करके मुख्यमंत्री के नाम पर जल चढ़ाएंगे।

# महिलाओं ने योग को जीवन में आत्मसात करने का लिया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। आवास विकास स्थित प्रेरणा पार्क में महिलाओं के उत्तम स्वास्थ हेतु एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने उपस्थित समस्त योग साधकों को योगाभ्यास करवाया और उससे होने वाले लाभ पर भी प्रकाश डाला। शिविर में उपस्थित योग साधकों ने पूर्ण उत्साह के साथ योगाभ्यास किया।योगाचार्य ने विशेष लाभकारी आसनों का अभ्यास करवाया।जैसे ताड़ासन,भुजंगासन ,पूर्णतितली- आसान,सूर्य नमस्कार, सूक्ष्म व्यायाम,सिंहासन के साथ-साथ कपालभाति प्राणायाम, अनुलोम- विलोम प्राणायाम आदि का अभ्यास करवाया गया।

शिविर के अंत में योगाचार्य ने कहा यदि आप नियमित रूप से योग करते हैं तो आपके शरीर में ऊर्ज़ा का संचार होगा। योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है, क्योंकि यह हमें रोगों से लड़ने की शक्ति देता है। हृदय रोग, मधुमेह और अस्थमा जैसी कई अन्य बीमारियों से बच जाते हैं।नियमित योग करने से शरीर संतुलित व सुडौल के साथ ही स्वस्थ रहता है। सभी लोगों को योग अपने दिनचर्या में अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए।योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया नियमित योग करने से शारीरिक लचीलापन, ताकत, और संतुलन में सुधार साथ ही, यह तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में मदद करता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार होता है।शिविर में आभा, मोनिका सिंह,रश्मिटण्डन,प्रमिला,सरोज, नेहा,अदिति आकांक्षा, ज्योति,शिल्पी श्रीवास्तव कांति,प्रतिभा,कविता,जया,मांडवी,मनीषा आदि मौजूद रहे।

# पांच परीक्षा केन्द्रों के सेक्टर मजिस्ट्रेटों में हुआ बदलाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जनपद में 27 जुलाई 2025 को उ.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा के लिए 05 परीक्षा केन्द्रों हेतु पूर्व में नामित किये गये सेक्टर मजिस्ट्रेटों में अपरिहार्य कारणों से बदलाव कर दिया गया है। जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी द्वारा जारी संशोधित आदेश के अनुसार महाराज सिंह इण्टर कालेज के लिए बीडीओ महसी अरूण कुमार श्रीवास्तव, पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज के लिए बीडीओ नवाबगंज राहुल पाण्डेय, चौधरी सियाराम इण्टर कालेज फखरपुर के लिए बीडीओ फखरपुर अजय प्रताप सिंह, राजकीय महिला पॉलीटेक्निक रिसिया के लिए बीडीओ रिसिया प्रतीक तथा परीक्षा केन्द्र रामकुमार भानीरामका इण्टर कालेज के लिए चिलवरिया के लिए बीडीओ तजवापुर सुरेश गौतम को सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

# अवैध असलहे की फैक्ट्री तक क्यों नहीं पहुंच पा रही पुलिस

**पुलिस की कार्रवाई सिर्फ बरामदगी तक ही सीमित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। जिले में होने वाली अधिकतर घटनाओं में अवैध तमंचे का प्रयोग हो रहा है लेकिन पुलिस आज तक किसी बड़े गिरोह को नहीं पकड़ सकी है।साथ ही लंबे समय से असलहे बनाने की फैक्ट्री का भी खुलासा नहीं हो सका जबकि आए दिन तमंचे से मारने व बरामद होने की घट नाएं सामने आ रही हैं।वही आए दिन सोशल मीडिया पर अवैध तमंचे वायरल हो रहे हैं।और जब पुलिस पता पाती है तो उनको गिरफ्तार करके जेल भेज देती है।लेकिन उस अवैध तमंचे के बारे में गहराई तक नहीं जाती है।और जिले में अवैध असलहों से वारदात अंजाम दिए जाने के बाद भी उनकी फैक्ट्री या सप्लायर्स तक नहीं पहुंचने के पीछे पुलिस की अजीबोगरीब कार्यशैली है।जब भी कोई वार दात होती है तो पुलिस बदमाश को जल्द गिर फ्तार कर लिए जाने के दावे करती है।फिर तलाशी अभियान चलाया जाता है।इस दौरान यदि कोई बदमाश हाथ आ गया तो पुलिस उसे गिरफ्तार कर जेल भेज देती है।वहीं यदि उस के पास से कोई अवैध हथियार,कारतूस बरामद हो गया तो इसी से खुश हो जाती है।उसके जरिए पुलिस असलहे के सप्लायर तक पहुंचने की कोशिश नहीं करती।ऐसे कई मामले अब भी लंबित पड़े हैं जहां पुलिस ऐसे मामले का कोई खुलासा नहीं कर सकी।

### ढाई– तीन हजार में मिल जाते हैं तमंचेः सूत्र

पुलिस द्वारा अवैध हथियारों के संबंध में गहन जांच नहीं किए जाने के कारण सप्लायर्स की चांदी है।सूत्र बताते हैं कि जिले में ही ढाई से तीन हजार तक में अवैध तमंचे मिल जाते हैं।दस से बीस हजार रुपये खर्च करने पर तो पिस्टल और रिवाल्वर की खरीद हो जाती है।यही नहीं, इसके लिए कहीं जाने की भी जरू रत नहीं होती।बाहरी जिलों से असलहा तस्कर तमंचों की सप्लाई कर रहे हैं। वहीं यदि जांच की जाए तो जिले में भी अवैध हथियारों की खेप मिल सकती है।यदि यह मान लिया जाए कि यहां असलहों की कोई अवैध फैक्ट्री या गोदाम नहीं तो सवाल उठता है कि इतनी आसानी से बाहर से तमंचे कैसे आ जाते हैं और इसके सप्लायर क्यों नहीं पकड़े जाते।

### कहाँ से आए असलहे, नहीं खोजती पुलिस

फायरिंग के मामले में पुलिस असलहे तो बरामद करती है।लेकिन अभियुक्त के पास असलहे कहां से आए। इसकी पड़ताल करने की कोशिश नहीं होती।आखिर शहर से लेकर देहात तक असलहों की खेप कौन सप्लाई कर रहा। कौन है जो सबको असलहे बेच रहा है।उनका सुराग लगा ने की कोशिश नहीं होती।असलहे देने के साथ- साथ गोलियां कहां से आ रही है।इन सब बातों की जांच पड़ताल के बजा य पुलिस फाइल बांधकर आलमारी में रख देती है।

## आईजी ने प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों को पढ़ाया पुलिसिंग के मूल सिद्धांतों का पाठ



गोण्डा। पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक द्वारा पुलिस लाइन गोण्डा में प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों को कर्तव्य,अनुशासन व पुलिसिंग के मूल सिद्धांतों का पाठ पढ़ाया गया।प्रशिक्षण से सम्बंधित अभिलेखों का अवलोकन किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालि त करने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा व तत्परता से करें, ताकि रिक्रूट आरक्षियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके।इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक द्वारा प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों को अपने ट्रेनिंग के दौरान अभिलेखन करने के महत्व के बारे में बताया गया और अपने द्वारा बनाये गए नोट्स दिखाये गये।पुलिस लाइन के सभागार में प्रशिक्षु आरक्षियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनकी समस्याओं के बारे में जान कारी कर उनके निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया गया। आरटी सी ट्रेनिंग के लिए रिक्रूटों को प्रशिक्षण के दौ रान अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन सहित अन्य अधिकारी,कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास कार्यशाला का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के अंतर्गत जिला पंचायत सभा गार में एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्य शाला का आयोजन किया गया।यह कार्यशाला जिलाधिकारी नेहा शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को स्वरोज गार के प्रति प्रोत्साहित करना,उद्यमिता की बारीकियों से अवगत कराना तथा योजना से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी देना था।इस अवसर पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु हर संभव प्रयास कर रही है।मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विका स अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है,जिसके माध्यम से युवाओं को उद्योग स्थाप ना हेतु वित्तीय सहायता के साथ-साथ आवश्य क प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा है।उन्होंने सभी प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और अपने उद्यम स्थापित कर न केवल स्वयं को, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार दें।मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक अभ्यर्थियों को योजना के अंतर्गत उद्यमिता विकास प्रशिक्षण,ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया, परियोजना रिपोर्ट तैयार करना तथा बाजार से जुड़ाव आदि विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि यह योजना समाज के प्रत्येक वर्ग के युवाओं के लिए समा न रूप से लाभकारी है,विशेषकर महिलाओं, अनुसूचित जाति,जनजाति एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए यह योजना विशेष अव सर प्रदान करती है।कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा व्यवसाय की शुरुआत,ब्रांडिंग,मार्केटिंग, वित्तीय प्रबंधन एवं सरकारी योजनाओं के सम न्वय पर विस्तार से व्याख्यान दिए गए। प्रति भागियों ने भी कार्यशाला के दौरान अपने प्रश्न पूछे और उद्यमिता के क्षेत्र में मार्गदर्शन प्राप्त किया।इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधि कारीगण,बैंक प्रतिनिधिगण,स्वयं सहायता समू ह की महिलाएं एवं बड़ी संख्या में युवा प्रति भागी उपस्थित रहे।कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई और युवाओं में स्वरोजगार की भाव ना को बल मिला।कार्यशाला में समाधान समि ति मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के राज्य समन्वयक अमित सिन्हा एवं क्षेत्रीय सम न्वयक अमन कुमार ने पी.पी.टी. के माध्यम से लाभार्थियों को तथा बैंकर्स एवं अन्य अधिकारि यों को योजना के माध्यम से लाभ प्राप्त करने एवं योजना के संचालन के सम्बन्ध में समुचित प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### कार्यशाला की मुख्य विशेषताएं

प्रथम सत्र में उपस्थित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं,विश्वविद्यालयों,डिग्री कॉलेजों,आईटी आई,पॉलिटेक्निक संस्थानों,इंजीनियरिंग कॉले जों तथा स्टार्टअप इन्क्यूबेशन सेंटरों के अंतिम वर्ष,पास आउट छात्रों एवं संभावित लाभार्थियों को योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई द्वितीय सत्र में बैंकों के शाखा प्रबंधकों एलडी एम,सीएससी संचालकों,प्रशिक्षण प्रदाता संस्था ओं (आरसेटी,कौशल विकास मिशन)एवं अन्य विभागों जैसे एनआरएलएम आदि को योजना पोर्टल का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया।कार्यक्रम के दौरान 70-80 इनोवेटिव प्रोजे क्ट्स,बिजनेस ऑन व्हील्स और फ्रेंचाइजी मॉडल की जानकारी प्रदान कर युवाओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया गया।इस कार्यशाला में लगभग 250-300 शिक्षित युवा ओं को इनोवेटिव बिजनेस मॉडल से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया।इस कार्यशाला में उपायुक्त उद्योग बाबूराम यादव तथा समस्त बैंक शाखा प्रबंधक, जिला समन्वयक, जिला स्तरीय नोडल अधिकारी,उद्योग विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विद्यार्थी परिषद ने मेधावियों को किया सम्मानित, क्षेत्रीय संगठन मंत्री का नानपारा में हुआ स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई नानपारा द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भव्य मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता सुशील त्रिपाठी, निवर्तमान तहसील संयोजक हिमांशु मिश्र, वर्तमान तहसील संयोजक रुद्र प्रताप सिंह, कॉलेज इकाई मंत्री लक्ष्मी मिश्रा, उपाध्यक्ष अनुष्का सिंह, राष्ट्रीय कला मंच संयोजक अंशिका मौर्य समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम में छात्रों को न सिर्फ उनकी शैक्षिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया, बल्कि उन्हें राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थी परिषद की भूमिका से भी अवगत कराया गया। वक्ताओं ने परिषद की संस्कृति, विचारधारा एवं राष्ट्रवादी सोच को भी रेखांकित किया।

# परिषदीय विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन निकाली गई जागरूकता रैली

पीलीभीत।प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में विद्यार्थियों हेतु विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना के निर्देशन में गांव में जागरूकता रैली निकालते हुए संचारी रोगों के लक्षण एवं बचाव के उपायों के बारे में ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें अपने घर,आसपास तथा गांव में साफ सफाई बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। रैली के अंतर्गत तंबाकू के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इसके उपरांत विद्यालय में संचारी रोग नियंत्रण अभियान,तंबाकू के प्रयोग के दुष्प्रभाव तथा स्वच्छता का महत्व विषयों पर आधारित पोस्टर व पेंटिंग तथा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजयी रहने पर कृष्णा, पल्लव मौर्य, झलक वर्मा, आस्था शर्मा, कौशल राज, ऋषभ, रेनू,चंदा,जितिन कुमार, सुहानी,राजीव, प्रिंस, कपिल वर्मा, चित्रा देवी, साधना तथा आर्यन कुमार मौर्य आदि छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को आर्ट एवं क्राफ्ट के अंतर्गत वेस्ट मटेरियल से विभिन्न चीजें बनाना सिखाया गया और विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक वस्तुएं तैयार कीं जिसके लिए सोनी,मानव, पल्लवी, प्रांशी,हेमलता, जशोदा देवी,सोनाक्षी और गुंजन को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अंजना शुक्ला,प्रगति धामी, प्राज्ञी अग्रवाल, ममता देवी उपस्थिति रहीं है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर मीटिंग हुई संपन्न

पीलीभीत।भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की एक आवश्यक मीटिंग जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह के आवास पर सम्पन्न हुई। पंचायत की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने की तथा मीटिंग का संचालन जिला प्रभारी दिनेश कुमार ने किया।मीटिंग को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि इस समय किसानों को धान की फसल में यूरिया खाद लगाने के लिए नही मिल रही है।जिससे धान किसान बहुत अत्याधिक परेशान हैं।किसानों को यूरिया खाद न मिलने से धान की फसल खराब हो रही है जिससे धान के उत्पादन पर प्रभाव पड़ने की संभावना है।जिले में प्राइवेट उर्वरक विक्रेता बहुत ही महंगे दामों पर यूरिया खाद की विक्री कर रहे हैं।सहकारी समितियों पर खाद बहुत कम उपलब्ध हो रही है।इन सब समस्याओं को देखते हुए संगठन ने प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ को डाक के माध्यम से लेटर स्पीड पोस्ट किया है। व जनपद-पीलीभीत मे पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई है।पंचायत में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह, दिनेश कुमार,कुलदीप कुमार, लालबहादुर, भूपराम सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं।

## दो अगस्त को सम्पन्न होगी क्षेत्र पंचायत मरौरी की बैठक

पीलीभीत।मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा की स्वीकृति पर 16 जुलाई के क्रम में 2 अगस्त को अपरान्ह 12 बजे क्षेत्र पंचायत मरौरी की बैठक विकास खण्ड सभागार में आहूत की जायेगी। बैठक में गत बैठक की पुष्टि,स्वच्छ भारत मिशन पर विचार एवं मनरेगा पर विचार,प्रधानमंत्री आवास योजना व मुख्यमंत्री आवास योजना पर विचार,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन,पेयजल,सहकारिता एवं कृषि विभाग की योजनाओं पर विचार, पंचम राज्य वित तथा पन्द्रहवां राज्य वित्त में प्राप्त धनराशि से वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये गये तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में कराये जा रहे एवं कराये जाने वाले कार्यों की समीक्षा,समाज कल्याण विभाग की योजनाओं पर विचार,बाल विकास परियोजनाओं सम्बन्धी कार्यक्रमों पर विचार,स्वास्थ्य विभाग,पशु चिकित्सा तथा विद्युत विभाग से सम्बन्धित योजनाओं पर विचार किया जायेगा। उक्त बैठक में समस्त सम्बन्धित उक्त बैठक में समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# बंगाली समुदाय के लोगों ने प्रधान के नेतृत्व में जिलाधिकारी से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। बंगाली समुदाय के लोगों ने अपने नेता और ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार के नेतृत्व में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह से मुलाकात की। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य पुनर्वास से संबंधित जानकारी प्राप्त करना था। जिसका ऐलान केंद्र की मोदी सरकार ने किया है। बंगाली समुदाय के लोग पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए हैं और कई सालों से पुनर्वास की मांग कर रहे थे।ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने बताया कि केंद्र सरकार की घोषणा से बंगाली समुदाय में खुशी की लहर है। और सभी लोग पुनर्वास की प्रक्रिया को जानने के लिए उत्सुक हैं। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है और जल्द ही इस संबंध में उचित कार्रवाई की जाएगी।इस मुलाकात में बंगाली समुदाय के कई लोग शामिल हुए और उन्होंने अपनी समस्याओं और मांगों को जिलाधिकारी के सामने रखा। जिलाधिकारी ने उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समुदाय के लोगों ने अपनी खुशी और आभार व्यक्त किया और केंद्र सरकार की घोषणा के लिए धन्यवाद दिया।इस मौके पर मुख्य रूप से ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार, चिरंजन बरोई, मनोज गोलदार,विश्वनाथ, मिथुन दे अजीत दे ,जय किशन सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे हैं।

## तहसील में किसानों की आय दोगुनी कराने व समस्याओं को लेकर कंग्रेस ने धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर।कलीनगर तहसील परिसर में ब्लॉक कंग्रेस कमेटी पूरनपुर के द्वारा गुरुवार दोपहर 2:00 बजे किसानों की समस्याओं व भाजपा सरकार के द्वारा चुनावी संकल्प पत्र में किए गए वादों को याद कराते हुए धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि इस समय फसलों की बुआई चल रही है। किसानों को धान की फसल के लिए यूरिया खाद और सिंचाई के लिए पानी की अवश्यकता है। जबकि भाजपा सरकार ने अपने चुनावी संकल्प पत्र में किसानों को मुफ्त बिजली एवं उनकी आय को दुगुनी करने का वादा किया था।किन्तु वह वादा आज तक पूरा नही किया गया है और सभी वादे व दावे हवाई साबित हो रहे हैं। किसानों को सही मात्रा में बिजली खाद पानी कुछ भी समय से नही मिल पा रहा है। जबकि खाद की कालाबाजारी की जा रही है और किसान दिन दिन भर परेशान हो रहा है। किसानो की समस्याओं का समाधान कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है।

# वृहद् वृक्षारोपण की मुहिम का हुआ शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। नगर पालिका परिषद द्वारा नगर क्षेत्र के समस्त वार्डों के चिन्हित स्थल, मुख्य मार्ग सहित खाली प्लाट एवं उचित स्थान पर पर्यावरण के संरक्षण एवं केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजना के अन्तर्गत वृहद् वृक्षारोपण की मुहिम में आज वार्ड गभड़िया घासींगज में नवनिर्मित महुवरिया रोड की पटरियों पर दोनों तरफ वृक्षारोपण कार्य पालिकाध्यक्ष की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक श्री प्रकाश ने वृक्षारोपण कर शुभारम्भ किया तथा संयुक्त सेवा समिति के संरक्षक डा0 ए0के0 सिंह, डा0 सुधाकर सिंह, सरदार बलदेव सिंह, संतोष सिंह सी0ए0 आदि विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख द्वारा शेमफोर्ड विद्यालय से लखनऊ वाराणसी मार्ग तक वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने बताया कि आज सड़कों के किनारे निरन्तर वृक्षारोपण कार्य का छठवां दिन है, जिसमें मोलश्री, नीम, शीशम, कदम आदि वृक्ष लगाये गये हैं, इस महुवरिया रोड का नामकरण राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघचालक डा0 केशव राव बलिराम हेडगेवार जी को समर्पित करते हुए ''केशव मार्ग'' प्रस्तावित किया गया है, जिसका नामकरण व सड़क का लोकार्पण शीघ्र किया जायेगा। वृक्षारोपण की इस मुहिम में गायत्री परिवार, यूनिक फाउण्डेशन आदि संस्थाओं का सराहनीय सहयोग निरन्तर मिल रहा है। इस अवसर पर रंजीत सिंह, राजेश तिवारी, सभासद दिनेश चैरसिया, अफजल अंसारी व संदीप गुप्ता, मनीष जायसवाल व सुभाष श्रीवास्तव, रजनीश मिश्रा, अभिषेक सिंह, अमित सिंह, सोनू सिंह, अनूप मिश्रा, पं0 सूरजदीन आदि स्थानीय बन्धु उपस्थित रहे। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि यह ''एक पेड़ माँ के नाम'' वृहद् वृक्षारोपण महाअभियान-2025 निरन्तर चलाया जायेगा तथा उसकी समुचित देख-भाल भी नगर पालिका द्वारा गठित टीम द्वारा की जायेगी।

# अमेठी के बीएसए ने 488 स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को थमाई नोटिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**एमडीएम पोर्टल समीक्षा के दौरान एक जुलाई से इक्कीस जुलाई के मध्य 488 स्कूलों में बच्चों की उपस्थित तीस से पचास प्रतिशत रही**

अमेठी । जनपद के परिषदीय विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति कम होने पर बेसिक शिक्षा विभाग ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। मध्यान्ह भोजन योजना पोर्टल की समीक्षा में सामने आया कि एक जुलाई से इक्कीस जुलाई के बीच जिले के चार सौ अठासी स्कूलों में छात्र उपस्थिति औसतन तीस से पचास प्रतिशत के बीच रही है जिसके चलते बीएसए ने नाराजगी जाहिर करते हुये पांच खण्ड शिक्षा अधिकारियों के साथ ही चार सौ अठासी स्कूलों के सम्बंधित प्रधानाध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है। इससे बेसिक शिक्षा विभाग में खलबली मची हुई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि मध्यान्ह भोजन योजना पोर्टल की समीक्षा के दौरान जनपद के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षारत बच्चों की उपस्थित नामांकन के सापेक्ष तीस से पचास प्रतिशत तक रही जिसके चलते अमेठी जनपद में सी ग्रेड के साथ ही बावनवीं रैंक पर रहा।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि विकास क्षेत्र तिलोई के अठहत्तर, मुसाफ़िरखाना के बयासी, शुकुल बाजार तिहत्तर, जगदीशपुर चौंसठ, गौरीगंज छप्पन,बहादुरपुर तीस, शाहगढ़ छब्बीस, सिंहपुर और अमेठी इक्कीस, भादर अठारह, भेंटुआ दस के साथ ही संग्रामपुर के नौ विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को नोटिस जारी कर बच्चों की उपस्थित बढ़ाने का निर्देश जारी किया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा विकास क्षेत्र मुसाफिरखाना, गौरीगंज, जगदीशपुर,तिलोई और शुकुल बाजार के खण्ड शिक्षा अधिकारियों को भी नोटिस जारी की गई है।बीएसए संजय तिवारी ने बताया कि उक्त के कम में सम्बन्धित विद्यालयों को कठोर चेतावनी देते हुये निर्देशित किया जाता है कि छब्बीस जुलाई को पुनः समीक्षा किये जाने पर यदि छात्र उपस्थिति में अपेक्षित सुधार नही होता है तो सम्बन्धित विद्यालयों के समस्त शैक्षणिक स्टाफ का वेतन,मानदेय अवरूद्ध कर दिया जायेगा।

# भाजयुमो पंचायत चुनाव में युवाओं की भागीदारी बढ़ायेगा : द्विवेदी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा ने भुसियावां जाकर मृतक राहुल दुबे के पीड़ित परिवार के आंसू पोंछे, हमेशा साथ रहने का दिया भरोसा**

अमेठी । भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य प्रांशु दत्त द्विवेदी ने अमेठी पहुंचकर सड़क दुर्घटना में मौत के शिकार हुये युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राहुल दुबे के पीड़ित परिवार से मुलाकात की और दुखद घटना पर शोक संवेदना व्यक्त की। प्रदेश अध्यक्ष ने घटना पर गहरा दुख जताया और कहा कि राहुल दुबे के संगठन में योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता दुख की घड़ी में भारतीय जनता पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है और हर संभव परिवार की मदद की जायेगी।प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने निरीक्षण गृह अमेठी में पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला और भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विषुव मिश्रा के साथ युवा मोर्चा के पदाधिकारी से भी मुलाकात की। अलग से बैठक करके आगामी पंचायत चुनाव में युवाओं को अधिक से अधिक भागीदारी देने के साथ एससी ओबीसी वर्ग के युवाओं को नेतृत्व प्रदान करने के लिये संगठन की ओर से भी रचना तैयार करने पर जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने अम्बेडकर स्टेडियम में हैंडबॉल के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया और स्टेडियम परिसर में पौध रोपण भी किया।

# मनरेगा सेल में अवैध तैनाती से बढ़ा भ्रष्टाचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**विभागीय भ्रष्टाचार में खं0वि0अधिकारी की भूमिका पर बड़ा सवाल**



बल्दीराय/सुल्तानपुर । वि0खं0बल्दीराय में मनरेगा सेल कार्यालय में संविदा लिपिक मनोज यादव ने अपने सगे भाई प्रमोद यादव को अवैध तरीके से मनरेगा सेल की जिम्मेदारी दे दी है। जबकि प्रमोद यादव न सरकारी कर्मी है और नही संविदा कर्मी। जानकारी के मुताबिक प्रमोद यादव मनरेगा सेल में बैठकर गोपनीय फाइलों व दस्तावेजों तक पहुंच बना लिया है और प्रधानों तथा ठेकेदारों से अवैध वसूली करता है। जिससे मनरेगा कार्यों के गोपनीयता व पारदर्शिता पर गम्भीर सवाल खड़े हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार मनोज यादव ने अवैध तरीके से प्रमोद यादव को कार्यालय बैठाकर कार्यालय की गोपनीयता का स्पष्ट उलंघन करके शासनादेश का उलंघन किया है तो वहीं खं0वि0अधिकारी की भूमिका पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा किया है। यही नही सूत्र बताते हैं कि सेक्रेटरी नीतू तिवारी कार्यालय आती ही नही हैं ये अपने निजी व्यक्ति अजय यादव से सारा कार्य करवाती हैं। बल्दीराय ब्लाक के मनरेगा सेल में व्याप्त बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार क्षेत्रीय प्रधानों में रोष है। नाम न छापने की शर्त पर कुछ प्रधानों ने बताया कि जिम्मेदारों ने प्रमोद यादव के जरिए अवैध वसूली करवाते हैं। कई प्रधानों नें नाम न छापने की शर्त पर जिलाप्रशासन से उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच व कार्यवाई की मांग की है।

## जमुनिया खानपुर मजदूरी के रुपए न मिलने से चालक परेशान, बीमार माँ का कैसे करवाएं उपचार एसपी शिकायत

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के गांव लक्ष्मीपुर जमुनिया के रहने वाले संजय पुत्र शंकर लाल ने बताया कि उसने जमुनिया खानपुर थाना बंडा में स्थित ईट भट्टे पर ठेकेदार के माध्यम से मजदूरी पर जेसीबी मशीन चलाई थी। जिसमें दिहाड़ी के हिसाब से 30 हजार रुपए बकाया है। पर अभी तक मजदूरी के रुपए नहीं दिए गए हैं। पीड़ित युवक ने ठेकेदार को बताया कि उसकी माँ बीमार हैं जिनका उपचार पीलीभीत एक अस्पताल में चल रहा और वह वहां भर्ती है। उसके बाद भी मजदूरी के रुपए नहीं मिल रहे। मामले में शाहजहांपुर एसपी से शिकायत कर चालक ने मजदूरी के पैसे दिलाने की मांग की है।

## अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर जर्जर बिल्डिंग ध्वस्त कराने की मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील परिसर में प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन ने तहसील प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि बार बार लिखित शिकायत देने के बाद भी प्रशासन नही जाग रहा है। अधिवक्ता परिसर में बनी जर्जर बिल्डिंग हादसे को दावत दे रही हैं। जबकि जर्जर बिल्डिंग के पास में 200 से 250 अधिवक्ता बैठते हैं और वादकारियों का भी आना जाना लगा रहता है। जर्जर बिल्डिंग कभी भी गिर सकती हैं और एक बड़ी घटना घटना हो सकती हैं। प्रशासन के द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। शिकायत करने पर सिर्फ अधिकारियों के द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया जाता है। अगर जर्जर बिल्डिंग से कौई भी अप्रिय घटना घटित होती हैं,तो उसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इसी को लेकर तहसील प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपकर जर्जर बिल्डिंग को ध्वस्त करने की मांग की है।

## नगरपालिका द्वारा लगए गए फ्रीजर की चोरी हुई टोटी चेयरमैन ने लगवाई

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नगर पालिका के द्वारा स्वर्गीय मीरा सक्सेना एडवोकेट की स्मृति में नि:शुल्क जल सेवा के तहत वाटर फ्रीजर लगवाया गया है। फ्रीजर लगने से तीमारदारों को ठंडा पानी पीने को मिल रहा है। इसके लगना से राहगीरों को भी पानी के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ता है। मंगलवार की रात में चोर ने फ्रीजर में लगी दोनों टोटी खोलने का प्रयास किया जिसमें एक टोटी चोर खोल ले गया। वुधवार को चेयरमैन ने संज्ञान लेते हुए तुरन्त टोटी का इंतजाम कर लगवाई वही चेयरमैन ने बताया कई बार अन्य अन्य जगह से टोटी चोरी हो चुकी है संज्ञान मे आने तुरन्त लगवाई जा रही है वहीं पुलिसिया गशत पर भी सवाल खड़े होते है कि कोतवाली के चन्द कदमों की दूरी पर टोटी चोरी हो जाती है टोटी लगने से तीमारदार काफी खुश नजर आए क्योंकि अस्पताल में इसके अतिरिक्त पानी पिने की कौई व्यवस्था नहीं हैं और हैंड पंप में भी पानी सही नहीं निकल रहा है।

# रसूखदार के आगे अधिकारी बेबस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कूरेभार/सुल्तानपुर। तहसील के विकासखंड कूरेभार के ग्रामसभा भरथीपुर में तत्कालीन सचिव शगुफ्ता शबनम के कार्यकाल को लेकर विवाद गहराता जा रहा है, इनके कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार चरम पर रहा है और अपने करीबियों को लाभ पहुंचाने के लिए नियमों को ताक पर रखकर मुख्यमंत्री आवास योजना का धड़ल्ले से बंदरबांट किया गया। कूरेभार ब्लॉक के भरथीपुर निवासी मिर्ज़ा रेहान बेग ने जिलाधिकारी सुल्तानपुर को शपथ पत्र के माध्यम से शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि तत्कालीन ग्राम सचिव शगुफ्ता शबनम ने अपने करीबियों के नाम मुख्यमंत्री आवास योजना का गलत तरीके से लाभ पहुंचाया, जो हकीकत में अपात्र थे और इन अपात्र लोगों को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ कथित तौर पर भ्रष्टाचार से धन अर्जित करने के लिए कराए गए हैं। वर्ष 2020-21 में शगुफ्ता शबनम ने अपने करीबी रुकसाना पत्नी अकील अहमद, शकुंतला पत्नी रामसजीवन और नीलम पांडे पत्नी स्वर्गीय ओमप्रकाश पांडे को विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से फर्जी रिपोर्ट लगवा कर जालसाजी करके सरकार की महत्वाकांछी योजना दैवीय आपदा के तहत तीनों अपात्र लोगों को कुल करीब 4 लाख 20 हजार रुपए का भुगतान कर दिया गया, जबकि हकीकत में इन लोगों के पास पूर्व में पक्का मकान था या पूर्व में आवास का लाभ दिया जा चुका है। जिसकी जांच दिनांक 16 जून 2025 को खंड विकास अधिकारी कूरेभार द्वारा जांच टीम बनाकर जांच कराई गई । जांच के उपरांत उपजिलाधिकारी सदर सुल्तानपुर को दिनांक 23 जून 2025 को रिपोर्ट प्रेषित की गई, जिसमें पाया गया कि ग्राम पंचायत भरथीपुर में जिन तीन लाभार्थियों को रुकसाना पत्नी अकील अहमद, शकुंतला पत्नी रामसजीवन और नीलम पांडे पत्नी स्वर्गीय ओमप्रकाश पांडे को आवास का लाभ दिया गया, वह नियमानुसार अपात्र हैं, इन सभी अपात्र लाभार्थियों को पूर्व में आवास प्राप्त हुआ है या पूर्व से पक्का मकान बना है। जांच में दोषी पाए जाने के बाद भी इन तीनों लाभार्थियों से रिकवरी नहीं कराई जा सकी है। इस मामले को लेकर गांव में चर्चाएं जोर पकड़ रही है। शिकायतकर्ता मिर्ज़ा रेहान बेग के अनुसार, पैसों की लालच में अपात्र लोगों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना दैवीय आपदा के तहत लाभ देने का खेल पूर्व सचिव शगुफ्ता शबनम के पति सलमान का है, जो अपनी पत्नी शगुफ्ता शबनम के कार्यों का देखरेख करता है और पत्नी का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर लाखों रुपए का वारा-न्यारा करता है। शिकायतकर्ता मिर्ज़ा रेहान बेग के अनुसार पूर्व सचिव शगुफ्ता शबनम का ट्रांसफर धनपतगंज ब्लॉक में करीब एक महीने पहले हो गया, परंतु शगुफ्ता शबनम के पति सलमान अपने रसूख और दबदबे की वजह से अभी तक कूरेभार ब्लॉक का कार्यभार नहीं छोड़ें हैं और धनपतगंज ब्लॉक जाकर ज्वाइन नहीं भी किया। ऐसे में पूरे मामले को गंभीरता से देखने पर सवाल उठता है कि जांच रिपोर्ट में अपात्र होने के बाद भी पैसों की रिकवरी ना होना,, पूर्व सचिव शगुफ्ता शबनम का कूरेभार ब्लाक से धनपतगंज ब्लॉक ट्रांसफर होने के बाद भी ज्वाइन ना करना कहां तक उचित और नियमानुसार है।

## भेलाई कला के बुजुर्ग का शव नहर में मिलने से फैली सनसनी

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव भेलाई कला के एक बुजुर्ग का शव गांव से छह किलोमीटर दूरी पर स्थित कूरा गांव के पास शाहमऊ रजबहा से बरामद हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव भेलाई कला निवासी रामदुलारे उम्र करीब पचहत्तर वर्ष बुधवार की रात शौच के लिये गये थे लेकिन रात वापस नहीं आये तो गुरुवार की सुबह परिजनों द्वारा खोजबीन शुरू की गई लेकिन काफी देर तक पता नही चल सका। गुरुवार की सुबह गांव से कुछ दूरी पर नहर में चप्पल मिली और कुछ दूर जाने पर लुंगी मिली लगभग छह किमी बाद नहर में कूरा गांव के निकट शाहमऊ लाश मिली। परिजनों द्वारा घटना से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन करते हुये शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के रहस्य से पर्दा उठ सकेगा फिलहाल मामले की छानबीन की जा रही है।

## भाजपा छब्बीस जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनायेगी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी अमेठी नेतृत्व के आवाहन पर छब्बीस जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाने का निर्णय लिया है।गौरीगंज स्थित भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय पर एक तैयारी बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुये भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा देश हित एवं राष्ट्रहित के कार्यों को सैनिकों के सम्मान में उनके मनोबल को बढ़ाने का काम किया है कारगिल विजय दिवस भारत की पूरे विश्व में शाख बढ़ाने का काम किया है हम सैनिकों के योगदान और उनके बलिदान को स्मरण करने के लिए कारगिल विजय दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। उपस्थित सभी पदाधिकारी को भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने योजना रचना बनाई और सबको जिम्मेदारी सौंपी गई। और आवाहन किया कि आगामी मन की बात को अधिक से अधिक सुना जाय और प्रधानमंत्री के विजन उनके विचार को सुनकर के लाभान्वित हो और लोगों तक प्रधानमंत्री जी की बातों को पहुंचाने का कार्य करें। बैठक में प्रमुख रूप से केशव सिंह, चन्द्रमौलि सिंह, अरुण मिश्रा राजा, काली बक्श सिंह, अभिषेक चंद्र कौशिक, पवन ओझा, सूर्य नारायण तिवारी, राम शंकर सिंह सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज पुलिस ने एक अदद तमंचा व दो जिन्दा कारतूस के साथ गैरजनपद के एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान इन्द्राज पुत्र गुरू बख्श निवासी बरूआ थाना डीह जनपद रायबरेली उम्र करीब छब्बीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में उसके कब्जे से एक अदद तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## अनियमितता को लेकर डीएम ने दिए 81,619 की वसूली के आदेश

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड धनपतगंज अंतर्गत टीकर ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के तहत तालाब की खुदाई में भारी अनियमितता सामने आई है। ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और तकनीकी सहायक ने मिलकर सरकारी धन का दुरुपयोग करते हुए तालाब की खुदाई दूसरी जगह करा दी। शिकायत पर हुई उच्चस्तरीय जांच में आरोपों की पुष्टि के बाद तीनों जिम्मेदारों से वसूली के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त मनरेगा अजीत कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत टीकर में गंदा नाला के उत्तर, सोनई गुप्ता के घर से दक्षिण की ओर 2.41 लाख की लागत से तालाब खुदाई की परियोजना स्वीकृत हुई थी। लेकिन कार्य स्थल पर तालाब की खुदाई न होने की शिकायत प्राप्त होने पर संयुक्त मजिस्ट्रेट लंभुआ लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता की संयुक्त टीम से जांच कराई गई।

# अविश्वास की रिकॉर्डिंग

संक्रमणकाल से गुजर रहे भारतीय समाज में पति-पत्नी के दरकते रिश्ते समाजविज्ञानियों के लिए चिंता का विषय हैं। आये दिन विभिन्न अदालतों में ऐसे मामलों से जुड़े विवाद मीडिया की सुर्खियां बनते रहते हैं। निस्संदेह, भारतीय समाज में पहले ऐसे मामले कम ही नजर आते थे और विवाह को सात जन्मों का बंधन कहा जाता रहा है। यहां तक कि हिंदू विमर्श में तलाक शब्द का कोई सटीक पर्यायवाची भी नहीं मिलता। लेकिन इधर रिश्तों में लगातार बढ़ता अविश्वास, अलगाव व विवाद वर्तमान समय की हकीकत है। बल्कि पिछले दिनों एक न्यायाधीश को यहां तक कहना पड़ा कि वैवाहिक विवादों के बोझ से न्यायिक प्रणाली पर अतिरिक्त दबाव बढ़ा है। इसी क्रम में पिछले दिनों पति-पत्नी के विवाद में गुप्त रूप से रिकॉर्ड की गई फोन कॉल को साक्ष्य मानने की बात सामने आई है। सुप्रीम कोर्ट ने वैवाहिक विवादों से जुड़े एक अहम फैसले में कहा है कि पति या पत्नी द्वारा गुप्त रूप से रिकॉर्ड की गई टेलीफोन बातचीत अब एक सबूत के तौर पर स्वीकार होगी। शीर्ष अदालत का कहना था कि इस तरह की रिकॉर्डिंग फैमिली कोर्ट में एक अहम सबूत के तौर पर स्वीकार की जा सकती है। दरअसल, इस बाबत पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा दिए गए एक फैसले के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के उस फैसले को ही रद्द कर दिया। दरअसल, पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट का इस बाबत मानना था कि किसी पक्ष की जानकारी के बिना उसकी बातचीत को रिकॉर्ड करना उसकी निजता का उल्लंघन होगा। उच्च न्यायालय का तर्क था कि इस रिकॉर्डिंग को फैमिली कोर्ट में साक्ष्य के तौर पर स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। उच्च न्यायालय का कहना था कि आमतौर पर पति-पत्नी सामान्य तौर पर या आवेश में खुलकर बात करते हैं। उन्हें इस बात का भान नहीं होता कि कहीं उनकी बात रिकॉर्ड हो रही है या उनकी बातचीत भविष्य में अदालत में साक्ष्य की तौर पर पेश की जा सकती है। अपने तर्क के समर्थन में पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट ने कुछ न्यायिक फैसलों का भी जिक्र किया था। खासकर आंध्रप्रदेश उच्च न्यायालय के एक फैसले का उल्लेख किया गया था, जिसमें कहा गया था कि पति-पत्नी की सहमति के बिना बातचीत को रिकॉर्ड करना निजता का उल्लंघन है। साथ ही गैर-कानूनी भी है। इस तरह के साक्ष्य को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। वहीं दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने उन दलीलों को अस्वीकार्य किया कि जिसमें कहा गया था कि इस तरह के साक्ष्य की अनुमति देने से घरेलू सौहार्द व वैवाहिक रिश्तों पर आंच आएगी। यह भी कि इससे समाज में पति-पत्नी की जासूसी की प्रवृत्ति को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही साक्ष्य अधिनियम का भी अतिक्रमण होगा। शीर्ष अदालत की पीठ का इस बाबत कहना था कि अदालत में पहुंचे रिश्ते इस बात का पर्याय हैं कि दोनों के रिश्ते सहज व सामान्य नहीं हैं। जाहिरा तौर पर रिश्तों में अविश्वास के चलते ही वैवाहिक मामले कोर्ट तक पहुंचते हैं। उल्लेखनीय है कि बठिंडा की एक परिवार अदालत ने पत्नी की क्रूरता साबित करने वाली फोन रिकॉर्डिंग को साक्ष्य के तौर पर प्रयोग करने की अनुमति दी थी। जिसे पत्नी ने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी। उसकी दलील थी कि यह रिकॉर्डिंग उसके संज्ञान में लाए बिना की गई थी। जिससे उसके निजता के मूल अधिकार का हनन होता है। जिस पर उच्च न्यायालय ने याचिका को स्वीकार किया, साथ ही फैमिली कोर्ट के आदेश को निरस्त कर दिया था। हाईकोर्ट का कहना था कि बातचीत एक पक्ष ने गोपनीय ढंग से रिकॉर्ड की है, अतरू इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। यह भी कहा कि तय करना कठिन है कि ये बातचीत किन परिस्थितियों व भावनात्मक आवेश के चलते हुई थी। ऐसे में आरोपों की तार्किकता सिद्ध करना कठिन है। साथ ही बहुत संभव है कि रिकॉर्ड करने वाले पक्ष ने सतर्क होकर प्रतिक्रिया दी हो। ऐसे में उसकी प्रतिक्रिया स्वाभाविक नहीं हो सकती।

# मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाकों का फैसला और उठते सवाल

11 जुलाई 2006 को मुंबई की भीड़भरी लोकल ट्रेनों में हुए सीरियल बम धमाकों ने समूचे देश को झकझोर कर रख दिया था। पीडित परिवारों के साथ-साथ जन-जन को आहत किया था। 7 जगहों पर हुए इन धमाकों में 187 निर्दोष लोगों की जान गई और 824 से ज्यादा लोग घायल हुए। यह भारत के सबसे बड़े आतंकी हमलों में से एक था। लेकिन इन बम धमाके को लेकर सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया, कोर्ट ने विशेष मकोका अदालत की ओर से 12 अभियुक्तों को दी गई सजा को गैरकानूनी करार दिया। इन सभी आरोपियों का बरी हो जाना सवाल के साथ-साथ चिन्ता भी पैदा करता है। इसीलिये करीब 19 साल बाद आए अदालत के इस फैसले को लेकर न केवल कानूनी दायरे में, बल्कि सामाजिक व नैतिक दृष्टिकोण से भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। क्योंकि बॉम्बे हाई कोर्ट के इस फैसले के बाद सवाल वहीं घूमकर आ जाता है कि इतने बड़े नुकसान का दोषी कौन है? लम्बी न्यायिक प्रक्रिया एवं जांच के बाद 2015 में मुंबई की विशेष मकोका अदालत ने 12 अभियुक्तों को दोषी करार दिया, जिसमें से 5 को फांसी और 7 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। यह फैसला लगभग 8 वर्षों की सुनवाई, 250 से ज्यादा गवाहों और हजारों पन्नों की गवाही के बाद आया। लेकिन 2023 और फिर 2025 में कुछ सिविल सोसाइटी संगठनों, मानवाधिकार समूहों और कुछ कानूनी विशेषज्ञों ने फैसले पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कुछ दोषियों को पर्याप्त सबूतों के बिना फंसाया गया, पुलिस की जांच पक्षपातपूर्ण रही और कई जगह कानून के दायरे का अतिक्रमण किया गया। इसी को आधार बनाकर हाईकोर्ट में जिस तरह से एक-एक करके सारे सबूतों की धज्जियां उड़ायी, उससे पूरे सिस्टम को लेकर संदेह उठता है। जब इतने अहम मामले में इतनी लचर एवं लापरवाहीपूर्ण जांच हुई, तो फिर दूसरे तमाम केस में क्या होता होगा? गवाहों के बयान दर्ज करने से लेकर सबूत जुटाने तक, हर जगह लापरवाही एवं कौताही बरती गई। कानून की दृष्टि में अपराध केवल घटना नहीं, उस घटना के पीछे की मंशा, सबूतों की पुष्टि, प्रक्रिया की शुद्धता और निष्पक्षता का भी मूल्यांकन करता है। ल्लदोषी को सजा मिलनी चाहिएङ्क-यह एक सार्वभौमिक सिद्धांत है, लेकिन ल्लनिर्दोष को दंड न मिलेङ्क-यह उससे भी अधिक महत्वपूर्ण नैतिक सिद्धांत है। भारतीय दंड संहिता, मकोका और गैरकानूनी गतिविधियाँ रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) जैसे सख्त कानून आतंकवाद से निपटने के लिए बनाए गए, लेकिन इनका उपयोग अक्सर राजनीतिक प्रभाव, मीडिया ट्रायल, या जनभावनाओं को शांत करने के लिए किया गया है। ट्रेनों में हुए सीरियल बम धमाकों के मामले में अनेक ज्वलंत सवाल खड़े हुए हैं कि क्या सभी दोषियों को वास्तव में पर्याप्त प्रमाणों के आधार पर दोषी ठहराया गया है? यदि नहीं, तो यह न्याय व्यवस्था के लिए एक गंभीर प्रश्न है। क्या पुलिस या जांच एजेंसियों ने निष्पक्ष जांच की? कई बार जांच एजेंसियों पर 'नतीजे पहले, जांच बाद में' का आरोप लगा है। क्या विशेष अदालतों का गठन निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करता है या त्वरित दंड की नीति अपनाता है? क्या कानून केवल सख्ती का पर्याय बन गया है या उसमें मानवीय संवेदना का स्थान है? क्या मीडिया ट्रायल ने वास्तविक न्याय को प्रभावित किया? इन प्रश्नों के उत्तर मिलना ही चाहिए। देश के सामने आतंकवाद के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की चुनौती है, तो वहीं न्याय की नैतिकता बनाए रखने की भी जिम्मेदारी है। अगर कानून का इस्तेमाल अन्याय के लिए किया गया, तो आतंकवाद के खिलाफ जंग की नैतिकता ही सवालों में पड़ जाएगी। न्याय केवल प्रतिशोध नहीं, बल्कि नैतिक और विधिसम्मत संतुलन का नाम है। जो निर्दोष है, उसे दोषमुक्त करना और जो दोषी है, उसे यथोचित दंड देना- यही कानून का आदर्श उद्देश्य है। मुंबई बम धमाके जैसी वीभत्स घटनाएं देश के लिए चुनौती हैं, लेकिन इन चुनौतियों से निपटने के नाम पर अगर हम न्याय और कानून के मूलभूत सिद्धांतों से समझौता करते हैं, तो हम एक असुरक्षित और अन्यायपूर्ण समाज की नींव रखेंगे। आवश्यक है कि न्याय केवल न्यायालयों की प्रक्रिया न रहे, वह जनविश्वास का प्रतीक

**देश के सामने आतंकवाद के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की चुनौती है, तो वहीं न्याय की नैतिकता बनाए रखने की भी जिम्मेदारी है। अगर कानून का इस्तेमाल अन्याय के लिए किया गया, तो आतंकवाद के खिलाफ जंग की नैतिकता ही सवालों में पड़ जाएगी। न्याय केवल प्रतिशोध नहीं, बल्कि नैतिक और विधिसम्मत संतुलन का नाम है। जो निर्दोष है, उसे दोषमुक्त करना और जो दोषी है, उसे यथोचित दंड देना- यही कानून का आदर्श उद्देश्य है। मुंबई बम धमाके जैसी वीभत्स घटनाएं देश के लिए चुनौती हैं, लेकिन इन चुनौतियों से निपटने के नाम पर अगर हम न्याय और कानून के मूलभूत सिद्धांतों से समझौता करते हैं, तो हम एक असुरक्षित और अन्यायपूर्ण समाज की नींव रखेंगे। आवश्यक है कि न्याय केवल न्यायालयों की प्रक्रिया न रहे, वह जनविश्वास का प्रतीक बने। एक बड़ा सवाल है कि न्याय व्यवस्था पर भरोसा कैसे बना रहे? इसके लिये जरूरी है कि जांच प्रक्रिया पारदर्शी हो, आरोपों की पुष्टि डिजिटल और वैज्ञानिक सबूतों से हो। अदालतें किसी दबाव, राजनीतिक प्रभाव या जनभावना से परे निर्णय लें। न्याय में देरी भी अन्याय है, लेकिन जल्दबाजी में न्याय भी गलत निर्णय की आशंका बढ़ाता है। सभी मामलों में उच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायालय में स्वतंत्र और निष्पक्ष पुनरावलोकन की व्यवस्था रहे। निचली अदालते हो या सर्वोच्च अदालते- न्यायिक फैसलों का बदलना न्यायिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता एवं निष्पक्षता के लिये गंभीर चुनौती है। ऐसे अनेक मामले हैं जिनमें निचली अदालतों में दिये गये मौत की सजा को ऊपरी अदालतों ने बदल दिया। जांच में खामियों, गवाही में कमी और कमजोर सबूतों के चलते ऊपर की अदालतों में केस खारिज होते हुए बार-बार देखे गये हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाल में एक आरोपी की मौत की सजा को खारिज करते हुए कहा कि जब दांव पर इंसानी जिंदगी लगी हो और उसकी कीमत खून हो, तो मामले को पूरी ईमानदारी से देखा जाना चाहिए।**

बने। एक बड़ा सवाल है कि न्याय व्यवस्था पर भरोसा कैसे बना रहे? इसके लिये जरूरी है कि जांच प्रक्रिया पारदर्शी हो, आरोपों की पुष्टि डिजिटल और वैज्ञानिक सबूतों से हो। अदालतें किसी दबाव, राजनीतिक प्रभाव या जनभावना से परे निर्णय लें। न्याय में देरी भी अन्याय है, लेकिन जल्दबाजी में न्याय भी गलत निर्णय की आशंका बढ़ाता है। सभी मामलों में उच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायालय में स्वतंत्र और निष्पक्ष पुनरावलोकन की व्यवस्था रहे। निचली अदालते हो या सर्वोच्च अदालते- न्यायिक फैसलों का बदलना न्यायिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता एवं निष्पक्षता के लिये गंभीर चुनौती है। ऐसे अनेक मामले हैं जिनमें निचली अदालतों में दिये गये मौत की सजा को ऊपरी अदालतों ने बदल दिया। जांच में खामियों, गवाही में कमी और कमजोर सबूतों के चलते ऊपर की अदालतों में केस खारिज होते हुए बार-बार देखे गये हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाल में एक आरोपी की मौत की सजा को खारिज करते हुए कहा कि 'जब दांव पर इंसानी जिंदगी लगी हो और उसकी कीमत खून हो, तो मामले को पूरी ईमानदारी से देखा जाना चाहिए।' दुर्भाग्य से मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए सीरियल बम ब्लास्ट की जांच में इस भावना का सही से पालन नहीं किया गया। इस मामले में सभी आरोपियों का बरी हो जाना न केवल न्याय प्रक्रिया पर बल्कि जांच एजेंसियों पर सवाल पैदा करता है। प्रश्न है कि अगर 12 लोग निर्दोष थे तो इतने बरसों तक आतंकी होने का दाग लिए जिल्लत की जिंदगी क्यों जीते रहे? अगर ये दोषी थे तो जांच इतनी कमजोर क्यों हुई? यह केस निचली अदालतों के कामकाज के तरीकों पर भी बड़ा सवालिया निशान है। सबूतों को लेकर इतने संदेह थे, लेकिन निचली अदालत ने उन पर गौर नहीं किया। यह विडम्बनापूर्ण एवं हमारी न्याय प्रक्रिया की विसंगति ही है। यह पहला मामला नहीं, जहां जांच में खामियों, गवाही में कमी और कमजोर सबूतों के चलते ऊपर की अदालतों में केस खारिज हो गया हो। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पिछले हफ्ते तीन लोगों की मौत की सजा रद्द करते हुए उन्हें हत्या के आरोपों से बरी कर दिया था। पिछले ही हफ्ते सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने भी 2011 में हुई दोहरी हत्या और रेप के आरोपी को छोड़ने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने जांच में गंभीर कमियां गिनाई थीं। इसी दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया था कि झूठे मुकदमों की वजह से जिन्हें लंबा समय जेल में बिताना पड़ा है, उन्हें मुआवजा देने के लिए कानून बनाने पर विचार करना चाहिए। अब मुंबई लोकल ट्रेन ब्लास्ट केस को लेकर महाराष्ट्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। महाराष्ट्र सरकार लोकल ट्रेन बम धमाके में आरोपियों को निर्दोष छोड़ने के बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुए अपील दायर की है। देश उम्मीद करता है कि इस बार तथ्यों को सही ढंग से रखा जाएगा। यह केवल एक केस नहीं, न्याय व्यवस्था पर आम लोगों के यकीन का मामला है। भारत में न्याय प्रणाली पर आम धारणा है कि पुलिस और अदालतें लोगों की जिंदगी को तबाह कर देती हैं, वर्षों लम्बी न्याय प्रक्रिया झेलने के बाद भी लोगों को समुचित न्याय नहीं मिल पाता है। न्याय में देरी न्याय के सिद्धांत से विमुखता है, न्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी आदर्श न्याय व्यवस्था में आम व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है। न्याय सिर्फ होना ही नहीं चाहिये बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिये। **-ललित गर्ग**

# साइबर अपराधियों को आजीवन कारावास और मृत्यु दंड देने की आवश्यकता

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

किसी भी व्यक्ति के जीवन भर की पूंजी को एक धोखे से छीन लेना वास्तव में यह उसके जीवन के साथ सिर्फ एक छलावा नहीं, उसे जीते जी मार देना है। ऐसे में अपराधियों को कुछ सालों का कारावास या अर्थदण्ड नहीं बलकि उसे जब तक वह जीवित रहे, सलाखों के पीछे जीवन बिताए, यह सजा दी जानी चाहिए। यह सख्ती इसलिए भी जरूरी है ताकि फिर वह कभी किसी दूसरे के साथ धोखा न कर सके। वस्तुतः भारत में साइबर फ्रॉड के आंकड़े आज आम जन को बहुत डरा रहे हैं, इसलिए ही यह बात यहां कही जा रही है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आंकड़ों से यह ध्यान में आया है कि देशभर में 2023 के दौरान साइबर अपराध के जरिए 7,465 करोड़ रुपये की ठगी हुई थी, जबकि 2024 में यह आंकड़ा 206 प्रतिशत की उछाल के साथ 22,845 करोड़ तक पहुंच गया था। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) और सिटिजन फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम (सीएफसीएफआरएमएस) पर 2024 में कुल 36.40 लाख वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायतें दर्ज की गई हैं। कहना होगा कि यह आंकड़ा 2023 में दर्ज 24.4 लाख मामलों से कहीं अधिक है और यह तब है जब भारत में साइबर अपराधों से निपटने के लिए सख्त कानून मौजूद हैं। ये कानून मुख्य रूप से ''सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000'' और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रावधानों के तहत लागू होते हैं। जिसमें कि धाराएं 419, 420, 468, 469 आदि भी साइबर अपराधों में लागू की गई हैं। गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने लोकसभा में जानकारी में बताया है कि 2024 में 22.7 लाख साइबर अपराध की शिकायतें दर्ज हुईं, जबकि 2023 में यह संख्या 15.9 लाख थी। यानी एक साल में साइबर क्राइम में 42 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। स्वभाविक तौर पर यह देशभर में आमजन के लिए चिंता का विषय है। हालांकि सरकार ने इस चुनौती से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं। सिटिजन फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम की मदद से अब तक 17.8 लाख शिकायतों के आधार पर लगभग 5,489 करोड़ रुपए की रकम को धोखाधड़ी से बचाया जा चुका है। दूसरी ओर पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर केंद्र सरकार ने 9.42 लाख से अधिक सिमकार्ड और 2,63,348 मोबाइल आईएमईआई को ब्लॉक किया है और अब तक 10,599 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार भी किया है, किंतु इसके बाद भी ये साइबर अपराध हैं कि कम होने का नाम नहीं ले रहे। गहन विचार करेंगे तो ध्यान में आएगा कि आखिर ऐसा क्यों है वस्तुतः इसके पीछे जो सबसे बड़ा कारण दिखाई देता है, वह अपराधियों को प्रायः सख्त और आजीवन मिलने वाली सजा की कमी का होना है। साइबर अपराधों के लिए देश में संभवतः पहली बार इसी साल और इसी माह जुलाई में एक निचली अदालत का निर्णय देखने को मिला है, जिसमें कि नौ साइबर अपराधियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। इन्होंने 'डिजिटल गिरफ्तारी' की धमकी देकर कई करोड़ रुपये की उगाही की थी। अदालत ने इस अपराध को ''आर्थिक आतंकवाद'' से कम नहीं माना। महाराष्ट्र, हरियाणा और गुजरात से गिरफ्तार किए गए इन नौ दोषियों में एक महिला भी है, जिन्होंने पूरे भारत में 108 लोगों को धोखा देकर 100 करोड़ रुपये जमा किए। कल्याणी के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुबर्टी सरकार, ने उन्हें बीएनएस 338 (जिसमें दस्तावेजों की जालसाजी शामिल है) के तहत आजीवन कारावास और बीएनएस तथा आईटी अधिनियमों के तहत 10 अन्य दंडनीय अपराधों में सजा सुनाई है। इसके अलावा देखें तो आतंकवाद के प्रकरणों में अनीस शकील अंसारी जोकि एक कंप्यूटर इंजीनियर है को मुंबई न्यायालय द्वारा अक्टूबर 2022 में आईटी एक्ट धारा66एफ (साइबर आतंकवाद) और तत्कालीन आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया गया था। यह एक अमेरिकी स्कूल पर हमले की साजिश जिसे आईएसआईएस ने रची थी में सक्रिय पाया गया। देश की सुरक्षा से जुड़े एक अन्य प्रकरण में नागपुर जिला अदालत ने 3 जून 2024 को पूर्व ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंजीनियर निशांत अग्रवाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) को संवेदनशील जानकारी लीक करने के आरोप में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। पिछले दो वर्ष वर्ष 2023 एवं 2024 का तुलनात्मक आंकड़ा हमारे सामने हैं ही। जिसमें साफ दिखता है कि 36.40 लाख वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायतें पिछले साल आईं किंतु सजा यदि देखें तो आजीवन कारावास 2024 में सिर्फ एक को ही हो सका।

## सेहत मंत्र

# करना है वेट लॉस तो जरूर खाएं पाइनएप्पल

अधिकतर लोग मानते हैं कि वजन कम करने के लिए उन्हें उबला हुआ और बेस्वाद खाना ही खाना पड़ेगा। जबकि ऐसा नहीं है। अगर आप समझदारी से अपनी फूड च्वॉइस चुनते हैं तो इससे आप अपने टेस्ट बड का ख्याल रखते हुए भी वेट लॉस कर सकते हैं। पाइनएप्पल भी एक ऐसा ही फल है, जो खाने में बेहद ही टेस्टी होता है। इतना ही नहीं, अगर इसे डाइट में शामिल किया जाता है तो इससे वजन कम करने में भी मदद मिलती है। पाइनएप्पल में किसी भी अन्य स्नैक की तुलना में कैलोरी कंटेंट काफी कम होता है और इसलिए इसे मिड-मील्स में खाना काफी अच्छा ऑप्शन हो सकता है। हालांकि, इसका सेवन करते समय आपको पोर्शन का ध्यान अवश्य रखना चाहिए। आपको शायद पता ना हो, लेकिन पाइनएप्पल बैली फैट को कम करने में बेहद सहायक है। दरअसल, इसमें प्रोटियोलिटिक एंजाइम होते हैं और यह पेट की चर्बी को टारगेट करता है। इसमें ब्रोमेलैन नामक एक प्रोटीयोलाइटिक एंजाइम होता है जो प्रोटीन के बेहतर पाचन और उपयोग में मदद करता है। इस प्रकार, यह पेट की चर्बी को कम करने में भी मदद करता है। अनानास में एंटी-ऑक्सीडेंट, फाइबर और पानी होता है, जिसके कारण यह आपको ना केवल फुलर होने का अहसास करवाता ह, बल्कि हाइड्रेशन लेवल को भी मेंटेन रखता है। जब आपका शरीर ठीक से हाइड्रेटेड होता है, तो यह आपकी भूख को नियंत्रित करता है और आपको अत्यधिक खाने से रोकता है। पाइनएप्पल में ब्रोमेलैन प्रोटीन के अणुओं को तोड़ने के साथ-साथ पोषक तत्वों के अवशोषण को बढ़ावा देते हैं। जिससे पाचन बेहतर तरीके से होता है। जब पाचन बेहतर होता है तो इससे मेटाबॉलिज्म भी बढ़ता है और आपको अतिरिक्त किलो वजन कम करने में मदद मिलती है। पाइनएप्पल में घुलनशील और अघुलनशील दोनों प्रकार के फाइबर पाए जाते हैं। जिसके कारण जब इसका सेवन किया जाता है तो यह आपको लंबे समय तक भरा हुआ रखने और तृप्ति की भावना पैदा करते है। जिससे आप ओवर ईटिंग से बच जाते हैं और इससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

## धर्म मंत्र

# दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मंदिर है जयपुर का अक्षरधाम

जयपुर में स्थित स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर अपनी शानदार मूर्तियों और सुंदर वास्तुकला के लिए फ़ेमस है। यह मंदिर पर्यटकों का लोकप्रिय स्थान होने के साथ ही आस्था का भी केंद्र है। बता दें कि अक्षरधाम मंदिर स्वामीनारायण को समर्पित है। दुनिया के सबसे बड़े हिंदू मंदिर परिसर के रूप में स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस मंदिर से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में बताने जा रहे हैं। स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में आपको दीवारों पर नक्काशी, सुंदर मूर्तियां और मंदिर के बाहरी हिस्से में विशाल पेंटिंग बनी हुई हैं। इतना ही नहीं यह मंदिर भारतीय वास्तुकल, सांस्कृतिक विरासत और हिंदू देवताओं की मूर्तियों की वास्तविक झलक दिखाता है। हर साल इस मंदिर में भगवान नारायण के दर्शन करने के लिए लाखों की संख्या में भक्त जयपुर पहुंचते हैं। अक्षरधाम मंदिर हरे-भरे पेड़ों और झरनों से घिरा हुआ है। श्रीहरि नारायण को समर्पित अक्षरधाम मंदिर 10वीं-20वीं शताब्दी के बीच बनवाया गया था। हालांकि वैसे तो जयपुर में कई धार्मिक स्थल हैं। लेकिन अक्षरधाम मंदिर की सुंदरता बेहद खास है। स्वामीनारायण का यह मंदिर उन लोगों में भक्ति की भावना पैदा करता है, जो इस पवित्र मंदिर में दर्शन करने आते हैं। आपको बता दें कि मंदिर में स्थापित भगवान विष्णु की मूर्ति को सोने और चांदी के गहनों से सुसज्जित किया गया है।

## पर्यटन



# देहरादून के 'मिनी थाइलैंड' को घूमने के बाद भूल जाएंगे विदेशी नजारे

उत्तराखंड में घूमने के लिहाज से कई ऐसी जगहें हैं, जहां पर हर साल लाखों की संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। प्राकृतिक नजारों से घिरे उत्तराखंड में कई मंदिर और हिल स्टेशन मौजूद हैं। वहीं इसकी राजधानी देहरादून में भी कई सारे पर्यटक स्थल हैं, जो न सिर्फ देश बल्कि विदेश के यात्रियों को भी अपनी ओर आकर्षित करते हैं। अगर आप भी 2 दिन के लिए देहरादून को घूमने का प्लान बना रहे हैं, इस दौरान आप टपकेश्वर महादेव मंदिर, सहस्त्रधारा, एफआरआई, मालसी डियर पार्क और गुच्चुपानी को एक्सप्लोर कर सकते हैं। हालांकि देहरादून में आपको घूमने के कई विकल्प मिल जाएंगे। लेकिन बता दें कि यहां का एक पर्यटन स्थल इतना ज्यादा फ़ेमस है कि यहां जाने के बाद आपको विदेशी जगह आने का अनुभव होगा। देहरादून की इस जगह को 'मिनी थाइलैंड' भी कहते हैं। गर्मियों के मौसम में मिनी थाईलैंड के नाम से फ़ेमस इस जगह पर जाने का मजा दोगुना हो जाता है। इस जगह का नजारा देख आपको लगेगा कि आप कहीं विदेश में हैं। पर्यटकों की देहरादून में पसंदीदा जगहों में से एक गुच्चू पानी है। अंग्रेजों के जमाने में गुच्चुपानी को रॉबर्स केव कहा जाता था। रॉबर्स केव यानी की डाकुओं की गुफा। बता दें कि इसे डाकुओं की गुफा इसलिए कहा जाता था, क्योंकि अंग्रेजों के समय में डाकू डकैती कर सामान सहित इन्हीं गुफाओं में छिप जाया करते थे। राबर्स केव का रास्ता रहस्यमई होने के कारण अंग्रेज यहां तक नहीं पहुंच पाते थे। जिसकी वजह से डकैत बच जाते थे। हालांकि अब गुच्चुपानी एक पर्यटन स्थल बन चुका है। यहां पर हजारों लोग घूमने के लिए आते हैं। इस केव की खास बात यह है कि इसके अंदर एक झरना है। इस झरने से गिरने वाला पानी एक नदी के रूप में पूरी गुफा में फैला हुआ है। इस गुफा के जितने अंदर जाते हैं, पानी का स्तर बढ़ता जाता है। आप गुफा के जितना अंदर जाएंगे यह उतना ही गहरा होता जाएगा। बारिश के समय इस गुफा के पानी का स्तर बढ़ जाता है।

# जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**स्वास्थ्य विभाग के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम शशांक त्रिपाठी**

**डीएम ने की जिला स्वास्थ्य समिति(डीएचएस) की समीक्षा बैठक**

**कार्यो में वांछित प्रगति न करने वाले अधिकारियों के प्रति डीएम ने जताई नाराज़गी**



बाराबंकी। जिला स्वास्थ्य समिति(डीएचएस) की समीक्षा बैठक में डीएम ने खराब प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य महकमें के अफसरों के पेंच कसे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के कार्यों के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसलिये जिसकी जो जिम्मेदारी है वे सभी अफसर अपनी जिम्मेदारी निभाये और जनता को बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराए। गुरुवार को जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने लोकसभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डी. के. श्रीवास्तव, डॉ. राजीव सिंह सहित सभी सीएचसी अधीक्षक, बीपीएम, बीसीपीएम, आयुष्मान अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

**टीबी रोगियों के उपचार के प्रगति की समीक्षा की**

जिलास्तरीय टी0बी0 स्टेयरिंग कमेटी की बैठक में टी0बी0 रोगियों के उपचार एवं सहायता सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कुछ सीएचसी अस्पतालों में प्रगति न्यून पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सम्बंधित अधीक्षकों को कार्यशैली में सुधार लाने के कड़े निर्देश दिए। सुधार न आने पर कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी। साथ ही बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सकों पर कार्यवाही के निर्देश दिए।

**विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय बैठक**

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की शुरुआत से पहले जिलाधिकारी ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 2025 के अंतर्गत अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित कर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अभियान को सफल बनाने हेतु निर्धारित समयसीमा के भीतर अपना माइक्रोप्लान प्रस्तुत करें। उन्होंने अभियान की प्रभावशीलता बनाए रखने के लिए पारस्परिक समन्वय और सक्रिय भागीदारी पर बल दिया।

**टीकाकरण में लापरवाही पर कार्यवाही के दिए निर्देश**

जिलाधिकारी ने कहा कि टीकाकरण कार्यक्रमों के दौरान लापरवाही बरतने के मामले मिलने पर अधीक्षक जिम्मेदार होंगे इसलिये सभी अधीक्षक जिम्मेदारी से टीकाकरण कार्यक्रम को संपन्न कराए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनपद में कहीं भी जीरो सेशन नहीं होना चाहिए और यदि ऐसा होता है तो एएनएम व अधीक्षक पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

**बाहर से न लिखी जाए दवाएं, नहीं होगी कार्यवाही**

जिलाधिकारी ने सभी सीएचसी अधीक्षकों को निर्देशित किया कि अस्पतालों में कोई भी चिकित्सक बाहर से दवाएं न लिखे, अन्यथा उस पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्राइवेट व्यक्ति किसी भी स्थिति में अस्पताल कार्य में संलिप्त न पाए जाएं। सभी चिकित्सक और स्टाफ नेमप्लेट एवं निर्धारित वेशभूषा में अस्पताल परिसर में रहें, और मरीजों के पर्चों पर डॉक्टर का नाम, मुहर और तारीख अवश्य दर्ज की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक चिकित्सक की ओपीडी हेतु पृथक रजिस्टर हो। इसके अलावा इमरजेंसी में आने वाले मरीजों के पर्चे विधिवत डॉक्टर की मुहर और हस्ताक्षर सहित बनाए जाएं।

संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर दे ध्यान

जिलाधिकारी ने संस्थागत प्रसव की संख्या में वृद्धि पर बल देते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं का शतप्रतिशत पंजीकरण कराया जाए और उनके प्रसव सरकारी संस्थानों में सुनिश्चित किये जाए। इसके लिए उपकेंद्र पर बनाये गए डिलीवरी प्वाइंट भी सक्रिय किए जाएं और जहां आवश्यक हो वहां नए डिलीवरी प्वाइंट भी बढ़ाए जाएं।

**मातृ एवं शिशु मृत्यु की रिपोर्टिंग में पूर्णता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो**

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मातृ और शिशु मृत्यु की रिपोर्टिंग अधूरी और असंतोषजनक है। उन्होंने शतप्रतिशत रिपोर्टिंग करने और मृत्यु के कारणों की गंभीरता से जांच करने के निर्देश दिए।

**आभा आईडी और आयुष्मान कार्ड निर्माण की गति तेज करने के दिये निर्देश**

जिलाधिकारी ने कहा कि नए आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेज लाई जाए और सभी 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाय। पीएचसी संचालन को लेकर जिलाधिकारी ने बताई उसकी महत्ता

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ होते हैं। यदि पीएचसी व्यवस्थित ढंग से कार्य करें तो अधिकांश समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही हो सकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि जनपद की सभी पीएचसी को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। इसके लिए सीएचसी अधीक्षक सबंधित बीडीओ व सीडीपीओ के साथ अपने अन्तर्गत आने वाली सभी पीएचसी का संयुक्त निरीक्षण करें और कमियों को सुधारें। उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छता, समयबद्ध ओपीडी, समुचित इलाज व सम्मानजनक व्यवहार जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित हों ताकि जनमानस में स्वास्थ्य विभाग के प्रति विश्वास स्थापित हो। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद की स्वास्थ्य रैंकिंग सुधारने हेतु समर्पित प्रयास किए जाएं और हर स्तर पर जवाबदेही व पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाली एएनएम को डीएम ने किया सम्मानित**

जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न विकास खंडों के अंतर्गत सीएचसी और पीएचसी में उत्कृष्ट कार्य करने वाली एएनएम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया किया।

**इन एएनएम को किया गया सम्मानित**

बनीकोडर विकास खण्ड से रेखा, बाराबंकी अरबन से सिखा सिंह, बड़ागांव मसौली से रिंकी मौर्या, दरियाबाद से शीतल देवी, देवा से छवि चतुर्वेदी, फतेहपुर से आरती मिश्रा, घुघटेर से नीरू सिंह, हैदरगढ़ से शबाना खान, हरख से आरती वर्मा, जाटाबरौली से प्रतिभा, रामनगर से जीनत मेहताब, सिद्धौर से काजल चौधरी, सिरौली से अर्चना राय, टिकैतनगर से प्रसून लता और त्रिवेदीगंज से मीनाक्षी आदि एएमएम को उनके उत्कृष्ट कार्य करने पर जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद एवं बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**ओज कवि डॉ. ओ.पी. वर्मा 'ओम' की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम, व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव 'लल्लू' ने किया संचालन**



बाराबंकी। बिरजू संस्थान बाराबंकी के तत्वावधान में अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद एवं स्वतंत्रता संग्राम के महानायक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती के अवसर पर सुरजा सदन, शांतिपुरम में एक भव्य कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय ओज कवि डॉ. ओ.पी. वर्मा 'ओम' ने की, जबकि संचालन की जिम्मेदारी जाने-माने व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव 'लल्लू' ने निभाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ युवा गीतकार साहब नारायण शर्मा की वाणी वंदना से हुआ। इस अवसर पर समाजसेवी एवं पत्रकार रत्नेश कुमार ने अपने प्रेरणादायी उद्‌बोधन में कहा कि शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा में सदैव तत्पर रहें। उन्होंने अपनी काव्यात्मक प्रस्तुति में कहा ऽ

''सुनहरे ख्वाब जो औरों के लिए पिरोते हैं,
जो जस्मे-नम किसी की देखकर रोते हैं,
लुटा देते हैं अपनी खुशी औरों पर,
कुछ ऐसे ही फरिश्ते दुनिया में होते हैं...''

ओज कवि दीपक दिवाकर ने शहीदों को नमन करते हुए कहा ऽ

''चाबुकों की मार पर औ बेंत के प्रहार पर,
वन्दे मातरम् का जो गीत दोहराई है,
हाथों और पैरों की जो बेड़ियां रगड़कर
क्रांति की यज्ञ-बेदियां जलाई है।''

गीतकार सोहनलाल आजाद ने श्रद्धांजलि स्वरूप पंक्तियां प्रस्तुत कीं ऽ

''हम मानव इस कलयुग के,
हम चाह के नहीं बदल पाए,
हे राम! तुम्हारे पगचिन्हों पर,
अभी नहीं हम चल पाए।''

युवा गीतकार साहब नारायण शर्मा ने मुक्तक व गीतों के माध्यम से भावपूर्ण प्रस्तुति दी ऽ

''कर्ज मां का किसी ने उतारा नहीं,
मां के जैसा किसी ने दुलारा नहीं,
दौड़ आती है जो बिन बुलाए सदा,
हमने भले ही उसको पुकारा नहीं।''

कार्यक्रम में व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव 'लल्लू' ने वीर नारियों और मातृभूमि को नमन करते हुए कहा ऽ

''नमन उसे है जिस मां ने हमें जन्म दिया,
नमन उसे जिस मां का हम खाते हैं,
जिसने भी जन्म दिया क्रांतिकारी चंद्रशेखर,
उसी वीर भारती की गाथा हम गाते हैं।''

वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं ठेलुहा क्लब के प्रमुख सियाराम रावत ने हास्य कविता के माध्यम से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया ऽ

''लोग कहते हैं हमको ठहाका श्री,
ठहाका लगता हूं बिल्कुल फ्री,
मैया के चरणों की रज यदि मिले,
ठहाका लगाऊं मैं चौबीस घरी।''

कवियित्री मानसी श्रीवास्तव ने अपने पिता के प्रति समर्पित पंक्तियों से भावुक कर दिया ऽ

''मेरी खुशियों की खातिर वो तो दुनिया से भी लड़ते हैं,
जुबां से निकली हर ख्वाहिश को पल में पूरा करते हैं,
कांधे पर बिठाकर पापा ने दुनिया दिखाई है,
वही अभिमान है मेरे, हम उन पर नाज़ करते हैं।''

अध्यक्षीय उद्‌बोधन में ओज कवि डॉ. ओ.पी. वर्मा 'ओम' ने कहा कि देश के वीर क्रांतिकारियों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी मिलेगी जब हम आज के सच्चे नायकों–देश की सेवा में संलग्न सैनिकों व उनके परिवारजनों–का सम्मान करें। उन्होंने ओजस्वी कविता की पंक्तियों में कहा ऽ

''आओ शत-शत नमन करें हम उस महा बलिदानी को,
नहीं भूलेगा देश हमारा शेखर की कुर्बानी को।''

इस अवसर पर प्रथम श्रेणी में स्नातक उत्तीर्ण कर विधि की शिक्षा ग्रहण कर रही मेधावी छात्रा मानसी श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य के.पी. सिंह, पूर्व बैंक अधिकारी योगेंद्र नाथ वर्मा, रवि वर्मा, बृजलाल, आलोक श्रीवास्तव, रोहित अग्रहरि सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

### शत-प्रतिशत ईकेवाईसी सुनिश्चित हो ई-केवाईसी -अर्चना

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने गुरुवार को रामपुर ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों संग आयोजित बैठक में दस्तक अभियान की समीक्षा की।उन्होंने ईकेवाईसी, राशन वितरण, संभव अभियान और दस्तक अभियान जैसे कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की।सीडीपीओ ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देश दिए कि वे शत-प्रतिशत ईकेवाईसी सुनिश्चित करें।सुश्री वर्मा ने 15 जुलाई से संचालित संभव अभियान के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी लाभार्थियों का वजन और लंबाई पोषण ट्रैकर पर अपडेट किया जाए। साथ ही उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान एक सप्ताह और चलेगा। राशन वितरण के संबंध में सीडीपीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन लाभार्थियों का ईकेवाईसी पूरा हो गया है, उन्हें हर हाल में राशन दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि इसमें लापरवाही बरतने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में रामपुर सेक्टर की सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं। सीडीपीओ ने सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में जिम्मेदारी से काम करने पर जोर दिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में कार चालक की मौत, गांव में पसरा मातम

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामनगर क्षेत्र के ग्राम रेलीबाजार मजरे लोहटी जई निवासी 35 वर्षीय कार चालक राजा खान की बुधवार रात्रि लखनऊ में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जाता है कि वे रोज की भांति नानपारा से सवारियां लेकर लखनऊ गए थे, जहां अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई।सहचालकों के अनुसार, राजा खान लखनऊ पहुंचने के बाद गाड़ी में ही बेहोशी की हालत में पड़े मिले। आनन-फानन में उन्हें बलरामपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी असामयिक मृत्यु की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। राजा खान एक मेहनतकश और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे, जिनकी पहचान एक जिम्मेदार चालक के रूप में थी। मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन मासूम छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। पिता की आकस्मिक मौत से बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया है। गांव में शोक की लहर फैल गई है, हर आंख नम है। लोग इस दुखद घटना पर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों व रिश्तेदारों ने शासन से मृतक परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की मांग की है, ताकि उनके बच्चों का पालन-पोषण और शिक्षा सुचारु रूप से हो सके।

### फांसी के फंदे पर झूलती जिंदगी : दहेज की बलि चढ़ी चांदनी

निन्दूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघटेर कोतवाली क्षेत्र के शरीफाबाद मजरे डिंगरी गांव की 20 वर्षीय विवाहिता चांदनी की मौत ने पूरे इलाके को गहरे शोक में डुबो दिया। बुधवार की देर रात चांदनी ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह जब इसकी जानकारी मिली, तो घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के पिता कुशमेश पुत्र मैकू, निवासी महमूदाबाद, सीतापुर ने अपनी तहरीर में जो आरोप लगाए हैं, वह किसी भी संवेदनशील हृदय को हिला देने वाले हैं। उन्होंने बताया कि 14 महीने पहले बड़ी धूमधाम से अपनी बेटी की शादी रवि कुमार से की थी। अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज भी दिया, मगर कुछ ही समय बाद बेटी को ससुराल में प्रताड़ना सहनी पड़ी। पति रवि कुमार के साथ-साथ देवर अजय कुमार, सास और ससुर जसवंत द्वारा लगातार दहेज के लिए उत्पीड़न किया जाता रहा। कई बार जान से मारने की धमकियां दी गईं। परिजनों ने रिश्तों की मर्यादा और बेटी की गृहस्थी बचाने की कोशिश में सब कुछ सह लिया। मगर अब चांदनी की मौत ने सब कुछ तोड़ दिया। क्या यह आत्महत्या है या सुनियोजित हत्या? यह सवाल अब सभी के मन में उठ रहा है।थानाध्यक्ष बेचू सिंह यादव ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर पति रवि कुमार, देवर अजय कुमार, सास और ससुर के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। यह घटना एक बार फिर समाज के सामने वह क्रूर सच रखती है, जहां बेटियां विवाह के बाद ससुराल में न्याय नहीं, केवल संघर्ष और यातना पाती हैं। चांदनी की मौत केवल एक परिवार का दुख नहीं, पूरे समाज के लिए एक चेतावनी है ।

### गोप ने किया प्रिंटिंग प्रेस का शुभारंभ

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामनगर क्षेत्र में बुढ़वल चौराहा पर केपी सिंह द्वारा नव स्थापित मांडवी पेंटिंग प्रेस का भव्य उद्घाटन वरिष्ठ सपा नेता अरविंद सिंह गोप द्वारा किया गया।इसी दौरान श्रीगोप ने कहा कि आधुनिक युग में पेंटिंग प्रेस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है।स्थानीय स्तर पर प्रेस की सुविधा उपलब्ध होने से क्षेत्रवासियों को अब किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।अगले क्रम में के.पी सिंह शीतला सिंह भानु प्रताप सिंह व ज्ञानू सिंह ने अपने नेता का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया।इस अवसर पर क्षेत्र के सुनील सिंह अखिलेश सिंह इंद्रजीत सिंह पीपी शुक्ला प्रदीप कुमार सिंह आनंद सिंह अनुराग सिंह प्रभात सिंह बबलू सिंह व जगदंबा सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### नाचते गाते कांवरिया पहुंच रहे हैं शिव धाम

रामनगर बाराबंकी। क्षेत्र के गणेशपुर बड़नपुर फिरोजपुर लकड़मंडी रैलीबाजार व मीतपुर सहित अन्य गांवों से सैकड़ों शिवभक्त बुधवार को कांवर धारण कर अपने घरों से निकले।श्रद्धालुओं ने डीजे की धुन पर नाचते गाते सरयू घाट करनैलगंज गोंडा पहुंचकर स्नान किया।गुरुवार को अमावस्या तिथि में जल भरकर लोधेश्वर महादेवा के लिए नंगे पैर रवाना हुए।बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों से राजमार्ग गूंजता रहा।शिवभक्तों द्वारा रास्ते में भक्तों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई।महादेवा मंदिर में प्रवेश कर भक्तों ने सरयू जल से भगवान शिव का अभिषेक किया।इस मौके पर आर.एस. रावत अभिषेक कुमार अनूप कुमार समेत सैकड़ों शिवभक्त उपस्थित रहे।

### मिनी स्टेडियम पंचायत भवन का निरीक्षण

बाराबंकी।राष्ट्रीय ग्रामीण विकास उत्तर प्रदेश के तीन दिवसीय एक्पोजर भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न राज्यों के अधिकारियों द्वारा गुरुवार को सिद्धौर विकास खंड की ग्राम पंचायत जियनपुर के मिनी स्टेडियम और पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया। तथा उनके द्वारा योजना के लाभार्थियों से भी वार्ता की गयी, मनरेगा के कार्यों को भी देखा गया।और पौध रोपित किए गए।

## तीर्थ कोटवा धाम को पर्यटन स्थल का दर्ज़ा मिलने पर क्षेत्रवासियों में उल्लास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**धार्मिक-सांस्कृतिक चेतना को मिलेगा नवसंजीवनी संचार**

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। संत परंपरा के गौरव और भक्ति भाव के प्रतीक श्री कोटवा धाम को अब उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटन स्थल के रूप में मान्यता मिल गई है, जिससे न केवल श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी, बल्कि क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक समृद्धि को भी बल मिलेगा। यह धाम सतनाम संप्रदाय के संस्थापक और महान संत बड़े बाबा जगजीवन दास साहब जी की पावन समाधि स्थली है, जहां वर्षों से भक्तों का अपार सैलाब उमड़ता रहा है। यह सुखद क्षण विधान परिषद सदस्य श्री अंगद कुमार सिंह जी के अथक प्रयासों का परिणाम है, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह से मिलकर कोटवा धाम के समुचित विकास की माँग रखी। उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए मंत्री जी ने कोटवा धाम को पर्यटन विभाग की योजना में शामिल कर लिया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र शर्मा के प्रति भी कोटवा धाम के महंत निलेन्द्र बख्श दास 'नीरज भैया' ने आभार व्यक्त किया है। कोटवा धाम की लोकप्रियता किसी से छुपी नहीं है –हर पूर्णिमा को लाखों श्रद्धालु यहाँ पहुंचते हैं। मंगलवार के दिन विशेष दर्शन के लिए हजारों भक्तों का आगमन होता है।उत्तर प्रदेश के कई जिलों – जैसे सीतापुर, बहराइच, गोंडा, अयोध्या, हरदोई, लखीमपुर – के साथ-साथ पंजाब और नेपाल से भी भक्तगण यहां दर्शन-पूजन हेतु आते हैं। धार्मिक महत्व के साथ-साथ अब यह स्थान स्थानीय पर्यटन एवं रोजगार सृजन का भी केंद्र बनेगा। कोटवा धाम में स्थित ऐतिहासिक सरोवर की दुर्दशा लंबे समय से चिंता का विषय रही है, जहां श्रद्धालुओं को स्नान में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पर्यटन विभाग ने इस सरोवर तथा जगजीवन दास मंदिर को वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना में शामिल किया है, जिससे यह आशा बलवती हुई है कि कोटवा धाम में अब अधोसंरचनात्मक विकास तेजी से होगा। यह निर्णय न केवल एक धाम को पर्यटन स्थल का दर्ज़ा देने का कार्य है, बल्कि यह संत परंपरा, लोक श्रद्धा और सांस्कृतिक विरासत के सम्मान की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इससे ना केवल स्थानीय लोगों में गर्व और खुशी का वातावरण बना है, बल्कि क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी एक नई पहचान मिलेगी। कोटवा धाम अब केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि विकास, समृद्धि और संस्कृति का संगम स्थल बनेगा।

## बाराबंकी, अमेठी और अंबेडकरनगर के छात्रों ने किया विज्ञान का जीवंत प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार तथा राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत के संयुक्त तत्वावधान में इंस्पायर अवॉर्ड-मानक योजना के अंतर्गत 24 जुलाई 2025 को राजकीय इंटर कॉलेज बाराबंकी के ऑडिटोरियम में जनपद स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शैक्षिक सत्र 2023-24 एवं 2024-25 के चयनित छात्रों द्वारा कुल 273 नवाचारी मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में बाराबंकी, अमेठी और अंबेडकरनगर जनपदों के छात्रों की टीमों ने भाग लिया।

**मुख्य अतिथियों ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन**

कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त शिक्षा निदेशक अयोध्या मंडल योगेंद्र कुमार सिंह एवं संयुक्त शिक्षा निदेशक शिविर कार्यालय लखनऊ विवेक नौटियाल द्वारा फीता काटकर किया गया। अतिथियों एवं निर्णायक मंडल का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र व चंदन का पौधा देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभी मॉडल का अवलोकन किया गया।

**विशेषज्ञों की निर्णायक टीम ने किया मूल्यांकन**

निर्णायक मंडल में डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. पंकज चौधरी, विनायक तिवारी, प्रीति अवस्थी, ज्ञान प्रकाश, जयप्रकाश पटेल, विजय कुमार गुप्ता, डॉ. अखिलेश राय, डॉ. संतोष कुमार एवं अखिलेश वर्मा शामिल रहे। भारत सरकार द्वारा नामित पर्यवेक्षक सुनील कुमार भार्गव ने भी मॉडलों का अवलोकन एवं मूल्यांकन किया।

**बच्चों की वैज्ञानिक सोच की डीएम ने की सराहना**

जिला विद्यालय निरीक्षक ने छात्रों की जिज्ञासा और प्रतिभा को सराहा। संयुक्त शिक्षा निदेशक श्री नौटियाल ने विद्यार्थियों को स्पोर्ट्समैनशिप के साथ-साथ असफलता को सीख के रूप में स्वीकार करने की प्रेरणा दी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बच्चों के मॉडल देखे और कहा कि आज के ये नन्हें वैज्ञानिक ही कल भारत को विश्वगुरु बनाएंगे।

**राज्य स्तर के लिए चयनित प्रतिभागी**

2023-24 चयनित छात्रः समीक्षा श्रीवास्तव (आचार्य श्री चंद्र इंटर कॉलेज), आरुषि वर्मा (काकरी त्रिवेदीगंज), मोहित कुमार (राजकीय इंटर कॉलेज), अरुण कुमार (गढ़ी रखमऊ), प्रीतम सिंह (जहांगीराबाद), प्रिया (माती), दिवाकर (सोढ़वा)। 2024-25 चयनित छात्रः अंकित (कोयबा), कृष्णा कनौजिया (उधवापुर), एतमस (टिकरिया), गनेश सैनी (डलमऊ), उज्जवल पांडे (हीडी पकरिया, अंबेडकरनगर), बसखारी विद्यालय (अंबेडकरनगर)।

**पूजा पाल ने साझा किया जापान का अनुभव**

वर्ष 2021-22 में चयनित और जापान जाकर अंतरराष्ट्रीय पहचान प्राप्त कर चुकीं बाल वैज्ञानिक पूजा पाल ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की और अपना अनुभव साझा किया। उनकी उपस्थिति ने बच्चों को प्रेरित किया।

**कार्यक्रम का सफल संचालन व समापन**

डॉ. पूनम सिंह ने इंस्पायर योजना का संक्षिप्त परिचय दिया। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी, वित्त एवं लेखाधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्यगण और शिक्षकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संचालन प्रवक्ता आशीष पाठक द्वारा किया गया।

## भतीजा बोला, चाची से 'लुका-छिपी' कर रहा था... गला दबा दिया! दो गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**तार, तमाशा और तहकीकातः खेत में हुई प्रेम-ईर्ष्या की हत्या खुलासा!**

**चाची के संग देख लिया... तो रची खौफनाक साजिश ! खेत में सो रहे अरविन्द की 'तार' से ली जान**

बाराबंकी। गांव की शांत फिजाओं को झकझोर देने वाला अरविन्द हत्याकांड अब सुलझ चुका है। मामला महज खेत की रखवाली तक सीमित नहीं था, बल्कि इसमें छुपा था ईर्ष्या, शक और ल्लबदनामी का डरङ्क, जिसकी परिणति हुई एक सुनियोजित कत्ल में !22 जून को सामने आया था सनसनीखेज मामला ग्राम बजगहनी निवासी माता प्रसाद गौतम ने थाने में रिपोर्ट दी थी कि उसका मुंहबोला भाई अरविन्द लोध, जो बीते 25 वर्षों से खेतों की रखवाली कर रहा था, सुबह खेत में मृत अवस्था में मिला। गले पर चोट के गहरे निशान थे। केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई। एसपी बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर स्वाट व सर्विलांस टीम गठित हुई। मैन्युअल इंटेलिजेंस व डिजिटल डेटा की बारीकी से पड़ताल के बाद आज जमुआ पुल के पास से दो हत्यारोपी गिरफ्तार कर लिए गए।गिरफ्तार अभियुक्त में संतोष कुमार, पुत्र जानकी प्रसाद बृजेश कुमार, पुत्र मैकूलाल (दोनों निवासी ऽ बजगहनी, थाना घुंघटेर है वही एक बण्डल एल्युमीनियम तार (आलाकत्ल) मोटरसाइकिल पैशन प्रो (ठष्ठ 32 क्ठ 0928) बरामद किया है । हत्या के पीछे था 'इज्जत का गुस्सा' या 'घातक भ्रम'? पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ – संतोष, जो कि वादी का सगा भतीजा है, ने 18 जून को मृतक अरविन्द को अपनी चाची के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। उसी दिन मन में बदले की आग जल उठी। 20/21 जून की रात, अपने साथी बृजेश के साथ खेत में सो रहे अरविन्द को तार से गला घोंटकर मौत की नींद सुला दिया। पुलिस का कहना हैः ''यह हत्या आवेश, गुस्से और 'इज्जत बचाने' की मनोवैज्ञानिक ग्रंथि का परिणाम है, लेकिन कानून हाथ में लेने का कोई अधिकार नहीं।'' अब दोनों हत्याभियुक्त हवालात की हवा खा रहे हैं और उनके जुर्म की कहानी जांच डायरी में दर्ज है। ग्रामीणों के बीच यह घटना बनी चर्चा का विषय ऽ चाची के चक्कर में भतीजे ने करा कत्ल! आगे की कार्रवाई प्रचलित विधिक प्रक्रिया के अनुसार जारी है।





## ऋषभ पंत पैर की उंगली में फ्रैक्चर के कारण इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला से बाहर

एजेंसी

मैनचेस्टर। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन पैर की उंगली में फ्रैक्चर होने के कारण गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए। पंत बुधवार को इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की गेंद पर रिवर्स स्वीप करने के प्रयास में चोटिल हो गए थे। तब वह 37 रन पर खेल रहे थे। दाहिने पैर में चोट लगने के कारण वह रिटायर्ड हर्ट हो गए और स्कैन के लिए गए। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''वह अगले छह सप्ताह तक बाहर रहेंगे। उनके कवर के तौर पर ईशान किशन को बुलाया जाएगा। पंत के दाहिने पैर से खून रिसता हुआ देखा गया तथा शरीर के उस हिस्से में काफी सूजन भी थी। भारतीय टीम पहले ही चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रही है और अब पंत का बाहर होना उसके लिए करारा



झटका है। भारत अभी पांच मैच की श्रृंखला में 1-2 से पीछे चल रहा है। ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी घुटने की चोट के कारण पहले ही श्रृंखला से बाहर हो चुके हैं, जबकि तेज गेंदबाज आकाश दीप और अर्शदीप सिंह क्रमशः कमर में दर्द और उंगली की चोट के कारण चौथे टेस्ट मैच में नहीं खेल रहे हैं। किशन ने हाल ही में नॉटिंघमशर के लिए दो काउंटी मैच खेले थे। वह टेस्ट श्रृंखला से पहले इंग्लैंड लायंस का सामना करने वाली भारत ए टीम का भी हिस्सा थे, हालांकि यह 26 वर्षीय खिलाड़ी दोनों मैचों में से किसी में भी नहीं खेला था। टीम प्रबंधन केएल राहुल को विकेटकीपिंग करने के लिए भी कह सकता है, लेकिन उन्होंने 2023-24 सत्र में दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद से यह भूमिका नहीं निभाई है। टीम के अन्य विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को चौथे टेस्ट मैच के लिए अंतिम एकादश में नहीं रखा गया था। श्रृंखला में पंत को दूसरी बार चोट लगी है। लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट के दौरान विकेटकीपिंग करते हुए उनकी उंगली में चोट लग गई थी जिसके कारण वह इंग्लैंड की दूसरी पारी में विकेटकीपिंग नहीं कर पाए थे। ध्रुव जुरेल ने तब स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर विकेटकीपिंग की थी। इस स्टार खिलाड़ी ने 2022 में एक जानलेवा कार दुर्घटना के कारण बाहर रहने के बाद पिछले साल ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की थी।

## इंग्लैंड में जीत से महिला विश्व कप से पहले भारत का आत्मविश्वास बढ़ेगाः तेंदुलकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि इंग्लैंड की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भारत की दो श्रृंखलाओं में जीत से इस साल होने वाले वनडे विश्व कप और अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले महिला टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने टी20 श्रृंखला 3-2 से जीत कर नया इतिहास रचा। यह पहला अवसर था जबकि भारतीय महिला टीम ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में इंग्लैंड से श्रृंखला जीती। भारत ने इसके बाद वनडे श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत 30 सितंबर से श्रीलंका के साथ एकदिवसीय विश्व कप की सह-मेजबानी करेगा। इसके बाद इंग्लैंड में 2026 में टी-20 विश्व कप का आयोजन होगा। तेंदुलकर ने रेडिट पर कहा, इंग्लैंड में जीतना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है और टी-20 तथा वनडे दोनों में ऐसा करना टीम की



तैयारी और मानसिकता के बारे में बहुत कुछ बयां करता है। उन्होंने कहा, इस शानदार प्रदर्शन से टीम का आगे होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए आत्मविश्वास बढ़ेगा। दो विश्व कप सामने होने के कारण यह टीम के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए बेहद जरूरी था। शाबाश टीम इंडिया। भारत अब 14 सितंबर से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगा और इसके बाद अपनी धरती पर होने वाले विश्व कप में भाग लेगा। तेंदुलकर ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ सभी खिलाड़ियों ने धैर्य से काम लिया और अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। उपकप्तान स्मृति मंधाना ने पहले मैच में अपना पहला टी-20 शतक बनाया, जबकि कप्तान हरमनप्रीत ने तीसरे वनडे में शतक लगाकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा 21 वर्षीय क्रांति गौड़ ने तीसरे वनडे में छह विकेट लिए। यह उपलब्धि हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय तेज गेंदबाज और कुल मिलाकर पांचवीं गेंदबाज बन गई।

## सिनसिनाटी ओपन में वीनस विलियम्स को वाइल्ड कार्ड एंट्री

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी टेनिस स्टार वीनस विलियम्स को सिनसिनाटी ओपन के मुख्य ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड एंट्री दी गई है। टूर्नामेंट आयोजकों ने बुधवार को इस बात की पुष्टि की। 45 साल की वीनस ने हाल ही में कोर्ट पर धमाकेदार वापसी करते हुए एक बार फिर खुद को सुर्खियों में ला दिया है। सात बार की ग्रैंड स्लैम सिंगल्स चैंपियन वीनस ने 16 महीने के लंबे अंतराल के बाद वाशिंगटन ओपन में शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने मंगलवार को दुनिया की 35वें नंबर की खिलाड़ी पेटन स्टर्न्स को हराकर इतिहास रच दिया। वह 2004 के बाद से डब्ल्यूटीए सिंगल्स मैच जीतने वाली सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बन गई हैं। वीनस अब वाशिंगटन ओपन के अगले दौर में पोलैंड की पांचवीं वरीय खिलाड़ी



मैग्डालेना फ्रेच से भिड़ेंगी। गौरतलब है कि इस साल की शुरुआत में वीनस ने इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड एंट्री का प्रस्ताव ठुकरा दिया था। सिनसिनाटी ओपन के आयोजकों ने घरेलू खिलाड़ी कैटी मैकनेली को भी वाइल्ड कार्ड एंट्री दी है। मैकनेली ने पिछले साल अपनी कोहनी की सर्जरी के बाद हाल ही में कोर्ट पर वापसी की है। सिनसिनाटी ओपन का मुख्य ड्रॉ 7 अगस्त से शुरू होगा। वीनस की वापसी से इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में रोमांच और बढ़ने की उम्मीद है।

## आठ साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी पर लियाम डॉसन ने कहा, अब मैं पहले से बेहतर गेंदबाज़ हूं'

एजेंसी

मैनचेस्टर। इंग्लैंड के स्पिन गेंदबाज लियाम डॉसन ने करीब आठ साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी की है और अपने प्रदर्शन से यह जताया कि उम्र और अनुभव ने उन्हें और भी बेहतर गेंदबाज बना दिया है। 35 वर्षीय डॉसन ने 2929 दिनों बाद टेस्ट मैदान पर वापसी की और केवल सात गेंदों में ही भारत के यशस्वी जायसवाल का विकेट लेकर अपना खाता खोला। लॉर्ड्स में शोएब बशीर के चोटिल होने के बाद डॉसन को मैनचेस्टर टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम में शामिल किया गया। पहले दिन उन्होंने 15 ओवर में 45 रन देकर एक विकेट लिया। डॉसन ने माना कि इतने लंबे अंतराल के बाद दोबारा टेस्ट खेलने से उन्हें घबराहट हुई थी। डॉसन ने मैच के बाद कहा कि हां, मैं नर्वस था। कई सालों से



नहीं खेला था, लेकिन उम्र के साथ आप सीखते हैं कि नर्वसनेस को कैसे संभालना है। डॉसन ने 2016 में चेन्नई में भारत के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था और उसके बाद से उनका टेस्ट करियर ठहर सा गया था। लेकिन घरेलू क्रिकेट में उन्होंने खुद को साबित किया है। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने हैम्पशायर के लिए 215 फर्स्ट क्लास विकेट लिए हैं और 12 बार पारी में पांच विकेट झटके हैं। दिलचस्प बात यह है कि पिछले साल इसी मैदान पर उन्होंने लंकाशायर के खिलाफ मैच में 10 विकेट लेकर शतक भी जमाया था, लेकिन उन्हें वह प्रदर्शन याद भी नहीं था। उन्होंने कहा, सच कहूं तो मुझे वो लंकाशायर वाला मैच याद ही नहीं था। घरेलू क्रिकेट और टेस्ट क्रिकेट में बहुत फर्क होता है, लेकिन इस बार मुझे पता था कि क्या उम्मीद करनी है, जो डेब्यू के समय नहीं था। डॉसन ने अपनी प्रगति पर बात करते हुए कहा कि वह अब ज्यादा सुसंगत हैं और परिस्थितियों को बेहतर समझते हैं। उन्होंने कहा, मैं पिच को अब बेहतर समझता हूं, बल्लेबाज़ क्या करना चाहते हैं यह भी थोड़ा भांप लेता हूं, और सबसे अहम- मैंने पिछले कुछ वर्षों में बहुत ओवर फेंके हैं। जब आप ज्यादा गेंदबाजी करते हैं तो आप बेहतर बनते हैं। हालांकि उन्होंने पहले दिन के प्रदर्शन को लेकर खुद को ज्यादा ऊंचा नहीं आंकते हुए कहा, ''यह तो बस एक विकेट है। इसमें कुछ खास नहीं किया है। हां, टीम के लिए योगदान देना अच्छा लगा, लेकिन अभी काफी क्रिकेट बाकी है।

### डॉसन को शामिल करने से इंग्लैंड को मजबूती मिली हैः वॉन

मैनचेस्टर। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि बायें हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को टीम में शामिल करने से मेजबान टीम को मजबूती मिली है क्योंकि वह ऑलराउंडर हैं और टीम को आवश्यक संतुलन प्रदान करते हैं। शोएब बशीर की चोट के कारण आठ साल के अंतराल के बाद अंतिम एकादश में शामिल किए गए 35 वर्षीय डॉसन ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन शानदार फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल को अपनी सातवीं गेंद पर ही आउट करके अपना प्रभाव छोड़ा। वॉन ने 'टेस्ट मैच स्पेशल' पॉडकास्ट में कहा, ''वह ऐसे क्रिकेटर हैं जिनसे कप्तान अच्छी गेंदबाजी, अच्छी बल्लेबाजी और अच्छी फील्डिंग की उम्मीद कर सकता है। वह संपूर्ण पैकेज हैं जिनके टीम में रहने से इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में भी मजबूती मिलेगी। डॉसन ने इससे पहले अपना आखिरी टेस्ट मैच 2017 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था।

## जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने बेसकॉम के साथ बिजली आपूर्ति समझौते पर किए हस्ताक्षर

एजेंसी

नयी दिल्ली। जेएसडब्ल्यू एनर्जी की अनुषंगी कंपनी जेएसडब्ल्यू रिन्यू एनर्जी फोर्टी फाइव ने ग्रिड से जुड़ी 100 मेगावाट की सौर परियोजना के लिए बेंगलुरु इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी (बीईएसकॉम) के साथ बिजली खरीद समझौता किया है। बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर 4.31 रुपये प्रति किलोवाट घंटे की दर से 25 वर्ष की अवधि के लिए हस्ताक्षर किए गए हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि जेएसडब्ल्यू एनर्जी की अनुषंगी कंपनी जेएसडब्ल्यू रिन्यू एनर्जी फोर्टी फाइव लिमिटेड ने 100 मेगावाट बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) के साथ ग्रिड से जुड़ी 100 मेगावाट सौर परियोजना के लिए बेसकॉम के साथ बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। उक्त परियोजना को एक निर्दिष्ट स्थल पर विकसित किया जाएगा और इसे कलबुर्गी जिले में 220/400 केवी केपीटीसीएल फिरोजाबाद सबस्टेशन से जोड़ा जाएगा। इसके बाद कंपनी की कुल ऊर्जा भंडारण क्षमता बढ़कर 29.4 गीगावाट हो जाएगी। इसमें 3.0 गीगावाट की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली क्षमता और 26.4 गीगावाट की पम्प्ड हाइड्रो स्टोरेज क्षमता शामिल है। कंपनी 2030 तक 40 जीडब्ल्यूएच (गीगावाट-घंटे) ऊर्जा भंडारण के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अच्छी स्थिति में है।

### एनएसडीएल का आईपीओ 30 जुलाई को खुलेगा, 4000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य

नयी दिल्ली। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 30 जुलाई को खुलेगा। आईपीओ दस्तावेज के अनुसार, यह एक अगस्त को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 29 जुलाई को इसके लिए बोली लगा पाएंगे। आईपीओ 5.01 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है और इसमें कोई नए शेयर जारी नहीं किए जाएंगे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई), भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), एचडीएफसी बैंक, आईडीबीआई बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और एडमिनिस्ट्रेटर ऑफ स्पेसिफाइड अंडरटेकिंग ऑफ यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया (एसयूयूटीआई) अपने शेयर बेच रहे हैं। बाजार सूत्रों ने आईपीओ का आकार करीब 4,000 करोड़ रुपये आंका है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, एक्सिस कैपिटल, एचएसबीसी सिक्योरिटीज एंड कैपिटल मार्केट्स (इंडिया), आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्योरिटीज, मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स इस निर्गम के प्रबंधक हैं।

## वित्त वर्ष 2029-30 तक धुनसेरी की आय पांच गुना बढ़ोतरी के साथ 2,500 करोड़ रु हो जाएगीः चेयरमैन

एजेंसी

कोलकाता। पैकेजिंग फिल्म कंपनी धुनसेरी वेंचर्स लिमिटेड को वित्त वर्ष 2029-30 तक उसके एकीकृत राजस्व के लगभग पांच गुना होकर 2,500 करोड़ रुपये होने की उम्मीद है। यह वित्त वर्ष 2023-24 में 528 करोड़ रुपये था। धुनसेरी के चेयरमैन सी. के. धानुका ने कहा कि कंपनी को अपने पैकेजिंग फिल्म कारोबार में 'ब्राउनफील्ड' और 'ग्रीनफील्ड' विस्तार से मदद मिलेगी। धानुका ने कहा कि जम्मू के कठुआ जिले में कंपनी की 1,240 करोड़ रुपये की 'ग्रीनफील्ड पैकेजिंग फिल्म' परियोजना भू-राजनीतिक कारकों के कारण उत्पन्न अस्थायी व्यवधानों को दूर करने के बाद निर्धारित समय के अनुसार आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा, ''पश्चिम बंगाल के पानागढ़ में 'ब्राउनफील्ड' विस्तार पूरा होने के बाद वित्त वर्ष 2026-27 तक राजस्व बढ़कर 1,400 करोड़ रुपये हो जाएगा। वित्त वर्ष 2027-28 तक हमें उम्मीद है कि यह 2,000 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा और वित्त वर्ष 2029-30 तक जम्मू परियोजना के पूर्ण रूप से चालू हो जाने के साथ राजस्व 2,500 करोड़ रुपये तक पहुंच जाना चाहिए। पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी धुनसेरी पॉली फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड (डीपीएफपीएल) जम्मू परियोजना में 1,240 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है, जिसके तहत दो बीओपीपी (बाइएक्सियली ओरिएंटेड पॉलीप्रोपाइलीन) लाइन स्थापित की जाएंगी जिनकी संयुक्त क्षमता 1.28 लाख टन प्रति वर्ष होगी। पश्चिम बंगाल में कंपनी अपने पानागढ़ संयंत्र में 61,000 टन प्रतिवर्ष की क्षमता वाली बीओपीईटी (बाइएक्सियली ओरिएंटेड पॉलीइथाइलीन टेरेफ्थेलेट) लाइन और 95,000 टन प्रतिवर्ष की क्षमता वाली बीओपीपी लाइन जोड़ने के लिए 1,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेस्ले इंडिया का अप्रैल-जून तिमाही में मुनाफा 13.4 प्रतिशत घटकर 646 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** दैनिक उपभोग की वस्तुएं बनाने वाली प्रमुख कंपनी नेस्ले इंडिया लिमिटेड का अप्रैल-जून 2025 तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 13.4 प्रतिशत घटकर 646.59 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 746.6 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। नेस्ले इंडिया ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की उत्पाद बिक्री से आय 5.86 प्रतिशत बढ़कर 5,073.96 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 4,792.97 करोड़ रुपये थी। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुरेश नारायणन ने कहा, '' इस तिमाही पर जिस खंड में बढ़ी हुई खपत कीमतों का असर दिखा। इसके अलावा पिछले सात-आठ महीनों में विनिर्माण क्षेत्र में उल्लेखनीय विस्तार के परिणामस्वरूप परिचालन लागत में भी बढ़ोतरी देखी गई। नेस्ले इंडिया का कुल व्यय 9.25 प्रतिशत बढ़कर 4,199.73 करोड़ रुपये हो गया। वहीं निर्यात 16 प्रतिशत बढ़कर 213.95 करोड़ रहा। घरेलू बिक्री समीक्षाधीन अवधि में 5.45 प्रतिशत बढ़कर 4,860.01 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 4,608.50 करोड़ रुपये थी।

### केनरा बैंक का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 22 प्रतिशत बढ़कर 4,752 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 22 प्रतिशत बढ़कर 4,752 करोड़ रुपये हो गया। बेंगलुरु स्थित इस बैंक का गत वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में मुनाफा 3,905 करोड़ रुपये रहा था। केनरा बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी कुल आय बढ़कर 38,063 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 34,020 करोड़ रुपये थी। बैंक द्वारा अर्जित ब्याज इस दौरान बढ़कर 31,003 करोड़ रुपये हो गया जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 28,701 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में बैंक का परिचालन लाभ बढ़कर 8,554 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 7,616 करोड़ रुपये था। बैंक की परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार देखा गया। सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) अप्रैल-जून तिमाही के अंत में सकल अग्रिमों के 2.69 प्रतिशत पर आ गईं, जो एक साल पहले 4.14 प्रतिशत थीं। इसी प्रकार, शुद्ध एनपीए या डूबा ऋण घटकर 0.63 प्रतिशत रह गया जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 1.24 प्रतिशत था।

### गेहूं की खुले बाजार में बिक्री की कोई जरूरत नहीं आपूर्ति पर्याप्त व कीमतें स्थिर हैं: खाद्य सचिव

**नयी दिल्ली।** खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने बृहस्पतिवार को कहा कि खुले बाजार हस्तक्षेप योजना के तहत सरकारी भंडार से गेहूं बेचने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि आपूर्ति पर्याप्त है और कीमतें स्थिर हैं। सरकार, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा प्रबंधित केंद्रीय पूल से अधिशेष भंडार को पूर्व निर्धारित आरक्षित मूल्यों पर सीधे बाजार में बेचकर गेहूं की आपूर्ति और कीमतों को विनियमित करने के लिए खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) का संचालन करती है। चोपड़ा ने भारतीय वनस्पति तेल उत्पादक संघ (आईवीपीए) की वैश्विक गोलमेज बैठक से इतर पत्रकारों से कहा, '' पर्याप्त भंडार मौजूद है। हमने काफी अच्छी मात्रा में खरीद की है। इसलिए बाजार में पर्याप्त आपूर्ति है। कीमतें पहले से ही स्थिर हैं। इसलिए (गेहूं ओएमएसएस) की कोई जरूरत नहीं है। भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में ओएमएसएस के तहत करीब 30 लाख टन गेहूं बेचा, जबकि 2023-24 में करीब 1.01 करोड़ टन गेहूं की बिक्री की थी। देश का गेहूं उत्पादन फसल वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 11.75 करोड़ टन रहने का अनुमान है।

### बीकाजी फूड्स का पहली तिमाही में मुनाफा 1.3 प्रतिशत बढ़कर 58.52 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** 'स्नैक्स' बनाने वाली कंपनी बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 1.3 प्रतिशत बढ़कर 58.52 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में मुनाफा 57.77 करोड़ रुपये रहा था। बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय 14.86 प्रतिशत बढ़कर 637.05 करोड़ रुपये हो गई।

## न्यायालय ने केएएल एयरवेज, मारन की क्षतिपूर्ति की मांग वाली याचिका खारिज कीः स्पाइसजेट

एजेंसी

नयी दिल्ली। विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने बृहस्पतिवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय ने केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन की उस अपील को खारिज कर दिया जिसमें 1,300 करोड़ रुपये से अधिक के हर्जाने एवं अन्य दावों की मांग की गई थी। स्पाइसजेट ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, '' इस आदेश के साथ केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन की अपीलें अंततः खारिज कर दी गई हैं। न्यायालय द्वारा तय किया जाने वाला बाकी मुद्दा में स्पाइसजेट की अपील है जिसमें लगाए गए ब्याज को चुनौती दी गई है जिसे स्पाइसजेट ने न्यायालय में पर्याप्त रूप से जमा भी कर दिया है। इसके अलावा मध्यस्थ न्यायाधिकरण द्वारा सीआरपीएस राशि की समयपूर्व वापसी को चुनौती दी गई है। सीआरपीएस का तात्पर्य संचयी प्रतिदेय अधिमान्य शेयर से है। मारन और केएएल एयरवेज स्पाइसजेट के पूर्व प्रवर्तक हैं। दाखिल दस्तावेज में कहा गया कि उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन की अपील को खारिज कर दिया, जिसमें 1,300 करोड़ रुपये से अधिक के हर्जाने और अन्य दावों की मांग की गई थी। इसमें कहा गया, '' इन दावों को पहले ही मध्यस्थ न्यायाधिकरण, दिल्ली उच्च न्यायालय और उसके बाद दिल्ली उच्च न्यायालय की खंडपीठ द्वारा खारिज कर दिया गया था। यह मामला 2015 की शुरुआत का है, जब स्पाइसजेट के प्रवर्तक अजय सिंह (जो पहले विमानन कंपनी के मालिक थे) ने संसाधन की कमी के कारण कई महीनों तक बंद रहने के बाद इसे मारन से वापस खरीद लिया था। समझौते के तहत मारन और केएएल एयरवेज ने वारंट और तरजीह शेयर जारी करने के लिए स्पाइसजेट को 679 करोड़ रुपये का भुगतान करने का दावा किया था।

## सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख, सोना और चांदी नए शिखर पर पहुंचे

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन जोरदार तेजी का रुख बना हुआ है। सोना आज 950 रुपये से लेकर 1,040 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज 900 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी दर्ज की गई है। कीमत में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,02,340 रुपये से लेकर 1,02,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 93,810 रुपये से लेकर 93,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,19,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज



1,02,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 93,960 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,02,340 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,02,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,860 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,02,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 93,810 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,02,340 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,02,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 93,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 93,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,02,490 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है।

# सहकारिता नीति अर्थतंत्र को करेगी मजबूत : शाह

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सहकारी नीति 2025 का अनावरण करने के बाद कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है और सहकारिता के मार्ग पर चलने से देश का अर्थतंत्र मजबूत होगा।

श्री शाह ने कहा कि पिछले चार वर्षों में सहकारिता मंत्रालय की अनेक उपलब्धियां रही, लेकिन इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि आज देश की छोटी से छोटी सहकारी इकाई का सदस्य गर्व के साथ खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025 का शुभारंभ हुआ है। वर्ष 2002 में भारत सरकार ने सहकारिता नीति में बनायी थी उस समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार थी और आज भाजपा सरकार द्वारा दूसरी सहकारिता नीति लाई गई है। उन्होंने कहा कि जो सरकार के दृष्टिकोण को, जो भारत को, उसके विकास को, और भारत के विकास के लिए आवश्यक सभी कारकों को समझता है, वही सहकारी क्षेत्र को महत्व दे सकता है। यदि देश और अर्थव्यवस्था की मूल इकाई समृद्धि रोजगार देने वाली हो तो वह आर्थिक मॉडल कभी विफल नहीं हो सकता। श्री शाह ने कहा कि सहकारिता नीति बनाते समय इस बात का ध्यान रखा गया कि नीति का केंद्र बिंदु व्यक्ति, गाँव, कृषि, गाँव की महिलाएँ, दलित, आदिवासी हों। इसका विज़न सहकारिता की समृद्धि के माध्यम से 2047 तक एक विकसित भारत का निर्माण करना है। इसका मिशन पेशेवर, पारदर्शी, तकनीकी, ज़िम्मेदार और आर्थिक रूप से स्वतंत्र तथा सफल लघु सहकारी इकाइयाँ विकसित करना है। हम हर गाँव में कम से कम एक सहकारी संस्था के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने 2027 में भारत को विश्व के तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का लक्ष्य रखा है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम इस लक्ष्य तक जरुर पहुंच जाएंगे। पिछले चार वर्षो के अंदर 'सहकारी क्षेत्र' को कॉर्पोरेट सेक्टर' के समान अधिकार मिले हैं। एक जमाने में अर्थतंत्र के जानकारों ने सहकारिता को 'डाइंग सेक्टर' घोषित कर दिया था। आज वही लोग कहते हैं कि सहकारिता का भी भविष्य है। उन्होंने कहा, 'मैं सभी को कहना चाहता हूँ कि सहकारिता का भी भविष्य है नहीं, सहकारिता का ही भविष्य है।' उन्होंने कहा कि देश के 140 करोड़ लोगों को साथ लेकर देश का समविकास करने की क्षमता केवल सहकारिता में ही है। छोटी-छोटी पूंजी वाले अनेक लोगों को मिलाकर बड़ी पूंजी बनाकर एक उद्यम स्थापित करने की क्षमता केवल सहकारिता में है। श्री शाह ने कहा कि नई नीति तैयार करने के लिए 48 सदस्यीय एक समिति बनी थी, जिसकी अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभाकर प्रभु ने की। इस समिति में विभिन्न राज्यों और केंद्रीय सरकार के अधिकारी, सहकारी संघों के सदस्य और विशेषज्ञ शामिल थे। श्री सुरेश प्रभु ने कहा कि हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ने सहकारिता मंत्रालय बनाया और इसकी जिम्मेदारी ऐसे शख्स को दी जो सहकारिता की बहुत अच्छे समझ रखते हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय में शानदार काम हो रहा है। सहकारिता हमारी पाँच हज़ार साल पुरानी संस्कृति है। सहकारिता से सिर्फ देश ही विकसित नहीं होगी बल्कि व्यक्ति का भी विकास होगा।

# सुप्रीम कोर्ट 'उदयपुर फाइल्स' पर अंतरिम रोक जारी रखने पर आज निर्णय लेगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। राजस्थान के उदयपुर में दर्जी कन्हैया लाल तेली की हत्या पर बनी हिंदी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' पर अंतरिम रोक जारी रहनी चाहिए या नहीं, उच्चतम न्यायालय इस मुद्दे पर शुक्रवार को संक्षिप्त सुनवाई के बाद आदेश पारित करेगा।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने गुरुवार को संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तार पूर्वक सुनने के बाद कहा कि कल इस मामले का निपटारा किया जायेगा। फिल्म के निर्माताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया के फिल्म का प्रदर्शन शुरू होने में हो रही देरी का विरोध पर पीठ ने कहा, आपने सही इंतज़ार किया है, क्योंकि कानून यही चाहता है। मुद्दा यह है कि क्या अंतरिम रोक जारी रहनी चाहिए? पीठ की अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति कांत ने कहा , ल्लहम कल 10-15 मिनट और लेंगे और मामले का निपटारा कर देंगे। शीर्ष अदालत के समक्ष केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता,जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, कन्हैया लाल हत्याकांड के एक आरोपी मोहम्मद जावेद का प्रतिनिधित्व करने वाली वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने दलीलें पेश कीं। केंद्र सरकार का पक्ष रखते हुए श्री मेहता ने कहा कि फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' एक खास अपराध से संबंधित है और यह किसी खास समुदाय के खिलाफ नहीं है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल कहा कि फिल्म इस तरह बनाई गई है कि यह मुस्लिम समुदाय के खिलाफ ज़हर उगलती है। कन्हैया लाल हत्याकांड के आरोपी मोहम्मद जावेद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी कहा कि यह फिल्म उनके मुवक्किल के निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार को प्रभावित कर सकती है। पीठ ने केन्द्र सरकार की ओर से गठित जांच समिति के फिल्म में बदलाव की सिफारिश के बाद 21 जुलाई को आगे की सुनवाई गुरुवार के लिए स्थगित कर दी थी। पीठ ने संबंधित पक्षकारों से कहा था कि वे अगली सुनवाई गुरुवार से पहले समिति के फैसले पर अपनी आपत्तियां (यदि कोई हो) दर्ज करा सकते हैं। गौरतलब है कि केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव की अध्यक्षता वाली समिति ने 17 जुलाई को उदयपुर फाइल्स फिल्म देखी। इससे पहले उसने 16 जुलाई को पीड़ित पक्षों की बात सुनी थी। शीर्ष अदालत ने 16 जुलाई को दिल्ली उच्च न्यायालय के अंतरिम रोक संबंधी आदेश में फिलहाल हस्तक्षेप से इनकार करते हुए कहा था कि केंद्र सरकार निर्देशानुसार (दिल्ली उच्च न्यायालय के) फिल्म की जांच कर सकती है और तब तक ये मामला (संबंधित याचिकाओं पर कोई सुनवाई) लंबित रहेगा। गौरतलब है कि यह फिल्म 11 जुलाई से प्रदर्शित होने वाली थी, लेकिन उससे पहले 10 जुलाई को दिल्ली उच्च न्यायालय ने उस पर अंतरिम रोक लगा दी थी। अदालत ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष अरशद मदनी और अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई के बाद रोक संबंधी आदेश पारित किया था।

## राहुल ने चुनाव आयोग पर कर्नाटक में मतदाता सूची में गडबड़ी करने का लगाया आरोप

नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को फिर चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि वह संवैधानिक जिम्मेदारियों को निभाने में विफल रहा है और उसने कर्नाटक में चुनावी गड़बड़ी होने दी। संसद भवन परिसर में आज पत्रकारों से बातचीत में श्री गांधी ने कहा, ल्लयह एक गंभीर मामला है। चुनाव आयोग वैसे काम नहीं कर रहा है जैसा उसे करना चाहिए। आज उसने एक बयान दिया जो पूरी तरह से बकवास है। श्री गांधी ने आरोप लगाया, सच तो यह है कि चुनाव आयोग अपना काम ठीक से नहीं कर रहा है। अब हमारे पास कर्नाटक में एक सीट पर चुनाव आयोग द्वारा गड़बड़ी करने की अनुमति देने से 90 प्रतिशत नहीं, बल्कि शत-प्रतिशत ठोस सबूत हैं। श्री गांधी ने कर्नाटक की एक सीट पर बड़े पैमाने पर मतदाता पंजीकरण में अनियमितता और मतदाताओं का नाम हटाये जाने का आरोप लगाते हुए कहा, ल्लमतदाताओं का नाम हटाना, मतदाताओं का नाम जोड़ना, 18 वर्ष से अधिक आयु के नए मतदाता, हमने उसे पकड़ा है। हम चुनाव आयोग को संदेश देना चाहते हैं कि अगर आपको लगता है कि आप बच निकलेंगे तो आप गलत सोच रहे हैं।

## जयराम रमेश ने भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते का उड़ाया मज़ाक

नयी दिल्ली। कंाग्रेस ने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते(एफटीए) का मज़ाक उड़ाते हुए कहा कि किसी और प्रभावी एफटीए की आवश्यकता थी- भगोड़ा वापसी समझौता(फ्यूजिटिव ट्रांसफर एग्रीमेंट)। कंाग्रेस ने कटाक्ष करते हुए कहा कि अभी भी तीन सितारे 'घर वापसी' का इंतजार कर रहे हैं। एक्स पर पोस्ट करते हुए कंाग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने लिखा, ''भारत को यूके के साथ किसी और ही प्रभावी एफटीए की जरूरत है(फ्यूजिटिव ट्रांसफर एग्रीमेंट)''उन्होंने कहा कि आखिरकार तीन सितारे अभी भी घर वापसी का इंतजार कर रहे हैं, ''विजय माल्या, नीरव मोदी और ललित मोदी। और भी लोग हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि लंदन में गुरूवार को ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए)हुआ है।

## गृह मंत्रालय का नए कार्यालय परिसर में शिफ्ट होने का काम प्रगति पर

नयी दिल्ली। गृह मंत्रालय का सेंट्रल विस्टा में एक नए, अत्याधुनिक कार्यालय परिसर में शिफ्ट होने का कार्य प्रगति पर है और अधिकांश कार्यालय नए परिसर में जा चुके हैं। सेंट्रल विस्टा परियोजना का उद्देश्य भारत की संसद के लिए नई सुविधाओं का निर्माण करके शासन के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, तथा भारत सरकार के सभी मंत्रालयों के लिए एक कुशल और दक्ष केंद्रीय सचिवालय का निर्माण करना है। इस समय गृह मंत्रालय का सारा कामकाज रायसीना हिल्स स्थित ऐतिहासिक नॉर्थ ब्लॉक से संचालित हो रहा था लेकिन अब मंत्रालय ने कॉमन केन्द्रीय सचिवालय (सीएसएस) परिसर में शिफ़्ट होने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकंाश वरिष्ठ अधिकारी पहले ही नए कार्यालय में शिफ्ट हो गये हैं। महत्वाकांक्षी सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के प्रमुख घटक, सीएसएस परिसर में राष्ट्रीय राजधानी में सरकारी आधारभूत ढांचे को केंद्रीकृत और आधुनिक बनाने का लक्ष्य है।

# सोहराय,पटचित्र और पटुआ कला के कलाकारों की प्रदर्शनी देखी मुर्मु ने

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में कला उत्सव 2025 'आवासीय कलाकार कार्यक्रम' में झारखंड, ओड़िशा तथा पश्चिम बंगाल के कलाकारों से मुलाकात की और उनके द्वारा बनाए गये उत्पादों की प्रदर्शनी देखी। राष्ट्रपति भवन सचिवालय के अनुसार सोहराय, पट्टचित्र और पटुआ कला के ये 29 कलाकार आवासीय कलाकार कार्यक्रम के अंतर्गत 14 से 24 जुलाई तक राष्ट्रपति भवन में रहे। कलाकारों का आवासीय कार्यक्रम 'कला उत्सव' भारत की कलात्मक परंपराओं की भावना का उत्सव है। यह सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने और भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने में जीवंत कला परंपराओं की महत्वपूर्ण भूमिका की पुष्टि करता है। इस कला उत्सव ने कई पीढ़ियों से कला के विविध रूपों को प्रचलित बनाये रखने वाले लोक, आदिवासी और पारंपरिक कलाकारों को भी एक मंच प्रदान किया है। राष्ट्रपति ने कलाकारों द्वारा आवासीय कार्यक्रम के दौरान बनाई गई कला प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने भारत के महत्वपूर्ण पारंपरिक कला रूपों में उनके योगदान की सराहना की और उनके भावी कलात्मक प्रयासों में सफलता की कामना की।



# पेज एक का शेष

## धर्मांतरण के ग्लोबल...

ऐसे दर्जनों ऐसे मामलों की पहचान हुई है, जिनमें लव जिहाद के माध्यम से लड़कियों को फँसाकर धर्मांतरण किया गया। इनमें से कई लड़कियों को शादी के झाँसे में फँसाकर इस्लाम कबूल कराया गया, कुछ को दुबई भेजने की तैयारी थी, और कुछ को गोद लिया गया बताकर ईसाई मिशनरियों के पास भेजा गया। इस गंभीर प्रकरण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिस तत्परता, स्पष्टता और प्रतिबद्धता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित कराई है, वह बताता है कि उत्तर प्रदेश अब किसी भी हाल में 'धर्मांतरण उद्योग' का अड्डा नहीं बनने देगा। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा है कि ल्लकिसी भी कीमत पर यह स्वीकार नहीं किया जाएगा कि हमारी बहन-बेटियों की आस्था और पहचान को खत्म करने का दुस्साहस कोई करे। सनातन विरोधी इस कुचक्र को जड़ से समाप्त किया जाएगा।ङ्क प्रदेश पुलिस और विशेष टास्क फोर्स ने संयुक्त रूप से जो सघन कार्रवाई की है, वह सराहनीय ही नहीं, बल्कि मिसाल के रूप में पूरे देश के लिए प्रेरणा है। 18 टीमें गठित की गईं, जिनमें तकनीकी विशेषज्ञों और साइबर सेल को भी जोड़ा गया। सीसीटीवी फुटेज, कॉल रिकॉर्ड्स, सोशल मीडिया प्रोफाइल्स और डिजिटल उपकरणों की फॉरेंसिक जांच से गिरोह की संपूर्ण गतिविधियों का डिजिटल नक्शा खींचा गया। इस जाँच से यह भी पता चला कि ये लोग इंस्टाग्राम, स्नैपचैट और फ़ेसबुक जैसे प्लेटफार्मों का इस्तेमाल कर हिन्दू लड़कियों से दोस्ती करते, फिर उन्हें बहला-फुसलाकर कट्टरपंथी संगठनों के जाल में फँसाते थे। आगरा, मेरठ, हापुड़, बरेली, मुरादाबाद, लखनऊ, और गाजियाबाद जैसे शहरों में यह नेटवर्क बहुत गहराई तक फैला हुआ था। इतना ही नहीं, कई मामलों में लड़कियों को पहचान बदलने, नया नाम और नया धर्म अपनाने के लिए मानसिक, सामाजिक और शारीरिक दबाव डाला गया। कुछ युवतियों ने पुलिस को बताया कि उन्हें धमकाया गया था कि अगर उन्होंने इस्लाम कबूल नहीं किया तो उन्हें बदनाम कर दिया जाएगा या उनके परिजनों को नुकसान पहुँचाया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 2021 में धर्मांतरण के विरुद्ध कड़ा कानून लागू किया गया था। उस समय भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट कहा था कि जो लोग 'लव जिहाद' जैसे षड्यंत्रों के ज़रिये समाज को बाँटने की कोशिश करेंगे, उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। अब इस हालिया कार्रवाई से यह फिर सिद्ध हुआ है कि प्रदेश में कानून सिर्फ कागजों पर नहीं है, बल्कि हर हाल में लागू किया जा रहा है।

## भारत-ब्रिटेन के...

जिससे सेवा क्षेत्रों में नई ऊर्जा आएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वक्तव्य में विजन 2035 का भी उल्लेख किया। इससे तकनीक, रक्षा, जलवायु, शिक्षा और जन-से-जन संपर्क जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग का रोडमैप तैयार होगा। उन्होंने बताया कि ब्रिटेन के छह विश्वविद्यालय भारत में कैंपस खोल रहे हैं, जिनमें से साउथ हैम्पटन यूनिवर्सिटी का गुरुग्राम में उद्घाटन हो चुका है। अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी दोनों देशों ने समान सोच जाहिर की। प्रधानमंत्री मोदी ने इंडो-पैसिफिक में शांति और स्थिरता, यूक्रेन संकट और पश्चिम एशिया की स्थिति पर संवाद जारी रखने की बात कही। उन्होंने पहलगाम हमले की निंदा के लिए ब्रिटेन सरकार का आभार व्यक्त किया और दोहराया कि आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में दोहरे मापदंड अस्वीकार्य हैं। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के संबंधों की तुलना क्रिकेट से की और कहा कि हमारे लिए यह खेल नहीं बल्कि एक जुनून है और हमारी साझेदारी का एक रूपक भी है। उन्होंने कहा, कई बार स्विंग और चूक हो सकती है, लेकिन हम हमेशा सीधे बल्ले से खेलते हैं! हम एक उच्च स्कोरिंग ठोस साझेदारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछले महीने गुजरात में हुई हवाई दुर्घटना में ब्रिटेन के नागरिकों के मारे जाने पर प्रधानमंत्री ने उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं भी प्रकट की। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने वक्तव्य में इस समझौते को ब्रिटेन के लिए ब्रेक्सिट के बाद का सबसे महत्वपूर्ण और व्यापक व्यापार समझौता बताया। स्टार्मर ने जोर देकर कहा कि यह साझेदारी न केवल व्यापारिक है बल्कि रणनीतिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है और आने वाले वर्षों में दोनों देशों के संबंधों को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा, यह डील दोनों देशों के लिए जबरदस्त लाभ लेकर आएगी। इससे नौकरियां बढ़ेंगी, जीवन स्तर सुधरेगा और आम लोगों की जेब में अधिक पैसा पहुंचेगा। स्टार्मर ने इसे 'ब्रिटेन इज़ ओपन फॉर बिज़नेस' का शक्तिशाली संदेश बताया। उन्होंने कहा कि यह समझौता व्यापार को सस्ता, तेज़ और सरल बनाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और व्यावहारिक दृष्टिकोण की सराहना की। मुझे प्रसन्नता है कि कई वर्षों की मेहनत के बाद आज दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता संपन्न हुआ है। भारतीय टेक्सटाइल्स, फुटवियर, आभूषणों , समुद्री खाद्य उत्पादों और इंजीनियरिंग उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी। भारत के ऐग्रिकल्चर उत्पाद और प्रोसेस्ड फूड उद्योग के लिए ब्रिटिश मार्किट में नए अवसर बनेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समझौता देश के युवाओं और लघु , सूक्ष्म और मझोले उद्योंगो के लिए खास तौर पर फायदेमंद रहेगा। उन्होंने कहा, ल्ल भारत के युवाओं, किसानों, मछुआरों और एमएसएमई सेक्टर के लिए यह समझौता विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगा। वहीं दूसरी ओर भारत के लोगों और इंडस्ट्री के लिए ब्रिटेन में बने उत्पाद जैसे मेडिकल डिवाइसेज़ और एयरोस्पेस कलपुर्जे सुलभ और किफायती दरों पर उपलब्ध हो सकेंगे। श्री मोदी ने कहा कि दोनों देश व्यापक सामरिक साझेदारी को नयी दिशा देने के लिए विजन 2035 पर भी बात करेंगे। उन्होंने कहा,ल्ल अगले दशक में हमारी व्यापक सामरिक साझेदारी को नयी गति और ऊर्जा देने के लिए आज हम विजन 2035 पर भी बात करेंगे। यह टेक्नोलॉजी, डिफेंस, क्लाइमेट, एजुकेशन और पीपल-टू-पीपल कनेक्ट के क्षेत्रों में एक मजबूत, भरोसेमंद और महत्वाकांक्षी साझेदारी का रोडमैप होगा विभिन्न देशों के बीच चल रहे संघर्ष और टकरावों पर उन्होंने कहा कि सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना जरूरी है।

## रूस में विमान...

खराबी और पायलट की गलती, दोनों पहलुओं को ध्यान में रखा जा रहा है। आपातकालीन सेवाओं ने कहा, एएन-24 विमान टिंडा शहर से 15 किलोमीटर दूर एक पहाड़ी पर मिला... प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कोई भी जीवित नहीं बचा है। उन्होंने आगे बताया कि दुर्घटनास्थल एक दुर्गम क्षेत्र में स्थित है। केंद्र ने कहा, हवाई निरीक्षण के दौरान कोई भी जीवित नहीं मिला, लेकिन उस क्षेत्र तक पहुँचना मुश्किल है... जमीनी निरीक्षण के दौरान भी जीवित बचे लोगों के मिलने की संभावना है। हवाई निरीक्षण से अभी तक कुछ भी पुष्टि नहीं हुई है। कहाँ उतरना है और जमीनी टीमों को कैसे तैनात करना है, इस मुद्दे पर अभी विचार किया जा रहा है।

## यस बैंक ऋण ...

यस बैंक द्वारा स्वीकृत ऋणों में से लगभग 3,000 करोड़ रुपये के कथित अवैध डायवर्जन का मामला है। अधिकारियों को संदेह है कि यह धनराशि एडीए समूह की कंपनियों तक पहुँचने से पहले बैंक के प्रवर्तकों से जुड़ी संस्थाओं के माध्यम से भेजी गई थी। विशेष रूप से रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) ऋण वितरण में भारी उछाल के कारण जांच के दायरे में है, जो वित्त वर्ष 2018 में 3,742.6 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2019 में 8,670.8 करोड़ रुपये हो गया। ईडी यस बैंक के पूर्व अधिकारियों और एडीए समूह के अधिकारियों की संदिग्ध भूमिका से जुड़े संभावित रिश्वतखोरी संबंधों की भी जाँच कर रही है। कथित तौर पर कई वरिष्ठ अधिकारियों से पूछताछ की जा रही है। अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। ईडी ने यह छापेमारी की कार्रवाई भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा उद्योगपति और रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के मानदंडों के तहत धोखाधड़ी वाले खाते घोषित किए जाने के कुछ हफ़्ते बाद हुई है। 13 जून, 2025 को, एसबीआई ने औपचारिक रूप से केंद्रीय बैंक को मामले की सूचना दी और सीबीआई में शिकायत दर्ज कराने की तैयारी कर रहा है। आरकॉम वर्तमान में कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) से गुज़र रही है, पर एसबीआई का 2,227.64 करोड़ रुपये का मूलधन और 786.52 करोड़ रुपये की अतिरिक्त गारंटी बकाया है। बैंक ने उद्योगपति के खिलाफ व्यक्तिगत दिवालियेपन की कार्यवाही भी शुरू कर दी है।

## मुंबई ट्रेन ब्लास्ट : हाईकोर्ट...

शफी, शेख मोहम्मद, मोहम्मद साजिद मरगूब अंसारी, मुजम्मिल अताउर रहमान शेख, सुहैल महमूद शेख और ज़मीर अहमद शेख को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। मुंबई की लोकल ट्रेनों में 11 जुलाई, 2006 को सात बम विस्फोट हुए थे। इस घटना में 189 लोग मारे गए थे और 820 लोग घायल हुए थे।

## योगी सरकार ने कृषि...

इस कदम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा मिलेगा और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकेगी। न्यूनतम मजदूरी की प्रति घंटे दर भी दैनिक मजदूरी का 1/6 भाग से कम नहीं हो सकेगी, जिससे अल्पकालिक श्रमिकों के हितों की भी रक्षा होगी। योगी सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी श्रमिक को पहले से इस दर से अधिक मजदूरी मिल रही है, तो वह जारी रहेगी और इसे ही न्यूनतम मानक माना जाएगा। योगी सरकार का यह फैसला सिर्फ मजदूरी तय करने का नहीं, बल्कि यह उत्तर प्रदेश की श्रमिक नीति में मूलभूत बदलाव का संकेत है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य कर रहे लाखों श्रमिकों को सीधा लाभ मिलेगा और कृषि कार्यों में श्रम की गुणवत्ता व निरंतरता सुनिश्चित होगी। यह निर्णय योगी सरकार की ''सबका साथ, सबका विकास'' नीति का एक और उदाहरण है, जिसमें खेतिहर मजदूरों को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि श्रमिकों के हितों की रक्षा करना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इससे पहले भी सरकार ने ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से असंगठित क्षेत्र के करोड़ों मजदूरों का पंजीकरण कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ा था। न्यूनतम मजदूरी की यह नई अधिसूचना उसी श्रंखला में एक और मजबूत कड़ी है। यह फैसला न केवल श्रमिक कल्याण, बल्कि कृषि क्षेत्र में श्रमिकों की स्थायीत्व और उत्पादन क्षमता को बढ़ावा देगा। साथ ही डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देकर आधुनिक और पारदर्शी प्रणाली की नींव भी रखेगा। सरकार का यह कदम स्पष्ट करता है कि उत्तर प्रदेश अब सिर्फ कृषि उत्पादक राज्य नहीं, बल्कि कृषि श्रमिकों के लिए भी कल्याणकारी प्रदेश बन चुका है।

## कानून व्यवस्था का मानक...

एकसाथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। पहली बार मुख्यमंत्री बनने के दो माह बाद लखनऊ पुलिस लाइन के निरीक्षण के दौरान जर्जर अवस्थापना सुविधाओं का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि तब पुलिस कार्मिकों के लिए सुविधाओं का काफी अभाव था। इसे देखते हुए उन्होंने हर थाने, पुलिस लाइंस और पीएसी की वाहिनियों में अवस्थापना सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। आज इस बात की प्रसन्नता है कि यूपी के हर थाने, पुलिस लाइंस और पीएसी की वाहिनियों में अवस्थापना सुविधाओं का जबरदस्त विस्तार हुआ है। कई जिलों में तो जो सबसे ऊंची मिनारनुमा बिल्डिंग होगी वह यूपी पुलिस के बैरक के रूप में होगी। सरकार एक तरफ अवस्थापना सुविधाओं को बढ़ा रही है तो दूसरी तरफ पूरी पारदर्शिता से भर्ती प्रक्रिया को संपन्न कर रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यूपी पुलिस के रिक्रूट्स को ट्रेनिंग की महत्ता समझाते हुए कहा कि ट्रेनिंग में जितना अधिक पसीना बहेगा, फील्ड में उतना कम खून बहाना पड़ेगा। इसलिए इस मंत्र का अनुसरण करते हुए ट्रेनिंग को पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता से करें। उन्होंने ट्रेनिंग के दौरान नए कानून, तकनीकी, साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट, मिशन शक्ति के आयामों से जुड़े गुर को तन्मयता से सीखने की नसीहत दी। ट्रेनिंग का अनुभव फील्ड में लाभ देगा। साथ ही कहा कि ट्रेनिंग के दौरान श्रमदान से कुछ ऐसा करें जो बाद में भी स्मृतियों को ताजा कर सके। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को चिंताजनक बताते हुए कहा कि जागरुकता से इसमें कमी लाई जा सकती है। कहा कि प्रतिवर्ष 20 से 22 हजार मौतें सड़क हादसों के चलते होती हैं। कई बार परिवार समाप्त हो जाते हैं। सीएम ने कहा कि लोगों को और विशेषकर स्कूली बच्चों ओवरस्पीडिंग, ब्लैक स्पॉट के बारे में, ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक कर जीवन बचाने में बड़ी भूमिका निभाई जा सकती है। पीएसी परिसर में आयोजित लोकार्पण समारोह में सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि पुलिस बल का लगातार मनोबल बढ़ाने और हर संसाधन देने के चलते योगी सरकार लॉ एंड ऑर्डर के लिए देश ही नहीं विदेश में भी जानी जाती है। उन्होंने कहा कि यूपी पुलिस में इतनी भर्तियां कभी नहीं हुईं जितनी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में हुईं हैं। सीएम योगी की ताकतवर सोच से ही उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बना है। गुरुवार को असुरन चौराहे के सुंदरीकरण कार्य का लोकार्पण व लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा का अनावरण करते हुये उन्होने कहा ल्लकांग्रेस के तानाशाही के कारण जब एक बार लगा था कि भारत का लोकतंत्र दम तोड़ देगा, तब उसे पुनर्जीवित करके नया जीवन दिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी जयप्रकाश नारायण ने अपना जीवन भारत-भारतीयता और जीवन मूल्यों के लिए आगे बढ़ाया था, जिस पर भारत की मजबूत नींव टिकी हुई है। योगी ने कहा कि यूपी व बिहार की सीमा पर सिताब दियारा गांव है। यह गांव मां गंगा व सरयू का संगम स्थल है। लोकनायक का जन्म यहीं हुआ था। अंतिम समय तक उनका अपने गांव से जुड़ाव रहा। उन्होंने 1977 में अपने गांव में स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण की मांग की थी और कहा था कि स्वास्थ्य केंद्र का नाम उनकी धर्मपत्नी प्रभावती जी के नाम पर रख दिया जाए, लेकिन जयप्रकाश जी के नाम पर सत्ता हासिल करने वालीं पिछली सरकारें यह नहीं कर पाईं। हमारा सौभाग्य है कि जयप्रकाश जी के गांव के स्वास्थ्य केंद्र को 100 बेड का स्वास्थ्य केंद्र बनाने के साथ ही उसका नामकरण किया। जिला प्रशासन, गोरखपुर विकास प्राधिकरण व नगर निगम को धन्यवाद देते हुए योगी ने कहा कि जयप्रकाश जी की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए चौराहे के चौड़ीकरण के दौरान मूर्ति पुनर्स्थापित कर इसका बेहतरीन सुंदरीकरण किया है। यह अन्य केंद्रों के लिए नई प्रेरणा है।कार्यक्रम में एडीजी पीएसी डॉ रामकृष्ण स्वर्णकार ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए लोकार्पण की दोनों परियोजनाओं, बैरक टॉवर और हॉस्पिटल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अन्य वाहिनियों में भी बहु मंजिला बैरक बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में यूपी में पहली बार महिला बटालियन का गठन और बटालियन भवन निर्माण किया जा रहा है। इसके तहत गोरखपुर, लखनऊ और बदायूं में निर्माण जारी है। उन्होंने कहा कि यूपी पुलिस में भर्तियों का नया रिकार्ड कायम किया है और इसका श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है। इस अवसर पर महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, विधायक श्रीराम चौहान, राजेश त्रिपाठी, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, डॉ विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, एडीजी गोरखपुर जोन अशोक मुथा जैन, आईजी पीएसी मध्य जोन प्रीतिंदर सिंह, डीआईजी गोरखपुर रेंज एस चनप्पा, प्रभारी सेनानायक 26वीं वाहिनी पीएसी निहारिका शर्मा, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, पूर्व महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मंचीय कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएसी के बैरक टॉवर का निरीक्षण किया। बैरक टॉवर की व्यवस्थाओं और यहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेने के बाद मुख्यमंत्री ने परिसर में बने हॉस्पिटल का भी निरीक्षण किया। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री के आगमन पर पीएसी बैंड द्वारा उनका स्वागत किया गया।

# बिहार की जीएसडीपी में 14.47 प्रतिशत की वृद्धि : सीएजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार विधानमंडल में मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को भी जमकर हंगामा हुआ। इस बीच नियंत्रक-महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए लेखापरीक्षा प्रतिवेदन बिहार विधानमंडल (विधानसभा-विधान परिषद) में प्रस्तुत किया। इसके मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान राज्य की सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) पिछले वर्ष की तुलना में 14.47 प्रतिशत बढ़ी। सीएजी की रिपोर्ट के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान राज्य के राजस्व व्यय में विगत वर्ष की तुलना में 3.55 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि राजस्व प्राप्तियों में विगत वर्ष की तुलना में 11.96 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान राज्य की देनदारियों में विगत वर्ष की तुलना में 12.34 प्रतिशत की वृद्धि हुई। राज्य की कुल बकाया देनदारियों में आंतरिक ऋण का योगदान 59.26 प्रतिशत था। आंतरिक ऋण के तहत निवल देनदारियों (कुल देनदारियों में से उसकी कुल संपत्तियों को घटाने के बाद बची हुई राशि) में विगत वर्ष की तुलना में 13.51 प्रतिशत करीब 28,107.06 करोड़ की वृद्धि हुई है। सीएजी की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023-24 के दौरान राज्य ने विगत वर्ष के 11,288.20 करोड़ के राजस्व घाटा के तुलना में 2,833.06 करोड़ का राजस्व अधिशेष दर्ज किया। राज्य का राजकोषीय घाटा वर्ष 2022-23 में 44,823.30 करोड़ से घटकर वर्ष 2023-24 में 35,659.88 रहा। वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य 15वें वित्त आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सका। इसकी वजह से बकाया देनदारियों का जीएसडीपी से अनुपात आयोग द्वारा निर्धारित स्तर के अधीन रहा। सीएजी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि वर्ष 2023-24 के दौरान, पिछले वर्ष की तुलना में राजस्व प्राप्तियों में 20,659 करोड़ (11.96 प्रतिशत) की वृद्धि हुई। इसी प्रकार, केंद्रीय करों एवं शुल्कों में राज्य के हिस्से और स्व-कर राजस्व का योगदान पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 18.95 प्रतिशत (18,094 करोड़) और 9.87 प्रतिशत (4,343 करोड़) बढ़ा। इसके अलावा, गैर-कर राजस्व में 27.14 प्रतिशत (1,122 करोड़) की वृद्धि हुई। केंद्र सरकार से प्राप्त सहायता अनुदान में पिछले वर्ष की तुलना में 9.99 प्रतिशत (2,900 करोड़) की कमी आई। वर्ष 2023-24 की अवधि के दौरान पूंजीगत प्राप्तियां भी विगत वर्ष की तुलना में 48,325 करोड़ से बढ़कर 60,314 करोड़ हो गई।

## अंतरराज्यीय अवैध हथियार तस्करी गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार, छह पिस्टल बरामद

देहरादून। स्पेशल टास्क फोर्स ने अवैध हथियारों की तस्करी में लिप्त अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने इसके पास से आठ अवैध ऑटोमैटिक पिस्टल व मैगजीन बरामद की है। एसटीएफ के अनुसार इस गिरोह के तार मध्यप्रदेश से लेकर उत्तराखण्ड तक जुड़े हैं। राज्य में पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ के निर्देश पर गैंगस्टर व अवैध हथियारों के विरुद्ध एक अभियान चलयाा जा रहा है। इसी क्रम में एसटीएफ ने बड़ी सफलता हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ नवनीत सिंह भुल्लर ने गुरुवार को बताया कि एसटीएफ कुमाऊं यूनिट ने आज थाना रूद्रपुर पुलिस के साथ थाना रूद्रपुर के बागवाल निवासी 24 वर्षीय खजान सिंह पुत्र गुरूचरण सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से .32 बोर की पांच पिस्टल व .30 बोर की तीन पिस्टल और मैगजीन बरामद की है। भुल्लर ने बताया कि पिछले कुछ समय से सूचना प्राप्त हो रही थी कि राज्य में पंचायत चुनाव के दृष्टिगत बाहरी राज्यों से अवैध हथियारों की तस्करी हो सकती है।

# सुल्तानगंज में गंगा खतरे के निशान से ऊपर, घाट पर बढ़ाई गई सुरक्षा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। जिले के सुल्तानगंज में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां अब गंगा खतरे के निशान से डेढ़ सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। इस स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। खासतौर पर अजगैबीनाथ गंगा घाट और नमामि गंगे घाट पर सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह सख्त कर दिया गया है। इन घाटों पर 24 घंटे एसडीआरएफ की टीमों की तैनाती कर दी गई है। साथ ही स्थानीय गोताखोरों और नाविकों को भी लगातार निगरानी में लगाया गया है। ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। बढ़ते जलस्तर के कारण घाटों पर लगे बैरिकेडिंग को भी सुरक्षित जगह पर शिफ्ट किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा माइकिंग के ज़रिए श्रद्धालुओं से अपील की जा रही है कि वे बैरिकेटिंग के अंदर ही स्नान करें और गंगा में अनावश्यक रूप से गहराई तक न जाएं।

# भाजपा विधायक मिश्रीलाल यादव की सदस्यता हुई बहाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार में दरभंगा जिले के अलीनगर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक मिश्रीलाल यादव की सदस्यता बहाल कर दी गई है। मिश्रीलाल यादव ने मारपीट के मामले में दो साल की सजा होने के बाद अपनी विधायकी गवां दी थी। पूर्व विधायक मिश्रीलाल यादव ने फिर से सदस्यता बहाल करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव को पत्र लिखा। उन्होंने स्पीकर को लिखे पत्र में कहा है कि पटना हाईकोर्ट से उन्हें राहत मिल चुकी है ऐसे में उनकी विधानसभा सदस्यता को फिर से बहाल किया जाए। उनकी अर्जी स्वीकार कर ली गयी है। मिश्री लाल यादव की सदस्यता फिर से बहाल की गयी है। इसे लेकर बिहार विधान सभा सचिवालय ने अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में लिखा हुआ है कि सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि बिहार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या-81, अलीनगर से निर्वाचित माननीय सदस्य मिश्री लाल यादव को विशेष न्यायालय एमपी/ एमएलए, दरभंगा द्वारा अपील वाद संख्या-06/2025 में दिनांक-27.05.2025 को पारित न्याय निर्णय के तहत दो वर्ष की कारावास की सजा सुनाये जाने के कारण जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-8 के आलोक में उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। उनकी सदस्यता समाप्ति एवं विधान सभा क्षेत्र संख्या-81, अलीनगर की रिक्ति के संबंध में बिहार विधान सभा सचिवालय द्वारा अधिसूचना संख्या-विस (का.)-06/2022-1409, दिनांक-20.06.2025 जारी की गई थी । अब दिनांक-18.07.2025 को पटना हाईकोर्ट द्वारा क्रिमीनल रिवीजन संख्या.-556/2025 (मिश्री लाल यादव एवं अन्य बनाम बिहार राज्य एवं अन्य) में पारित न्याय निर्णय के द्वारा विशेष न्यायालय के उपर्युक्त वर्णित न्यायादेश को निरस्त कर दिया गया है, जिस कारण मिश्री लाल यादव की दोषसिद्धि एवं दंडादेश निरस्त हो गयी है। अतः सभा सचिवालय द्वारा निर्गत पूर्वादेश अधिसूचना संख्या-विस (का)-06/2022-1409, दिनांक-20.06.2025 को निरस्त करते हुए मिश्री लाल यादव की सदस्यता पूर्ववर्ती प्रभाव से बहाल की जाती है। इसके मुताबिक सप्तदश बिहार विधान सभा के सदस्यों की सूची को इस हद तक संशोधित समझा जाय । उल्लेखनीय है कि पूरा मामला साल 2019 का है। समैला के रहने वाले उमेश मिश्र ने 30 जनवरी 2019 को मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में केस दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। अदालत ने 17 अप्रैल 2020 को मामले पर संज्ञान लिया था। कोर्ट ने भाजपा विधायक मिश्री लाल को दोषी करार देते हुए तीन महीने की जेल और 500 रुपये जुर्माना की सजा सुनाई थी। बाद में कोर्ट ने इसी मामले में मिश्रीलाल यादव और सह-आरोपी सुरेश यादव को दो-दो वर्ष का सश्रम कारावास और एक-एक लाख रुपये का अर्थदंड की सजा सुनाई थी। दरभंगा की एमपी-एमएलए कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा था। कोर्ट से दो साल की सजा मिलने के बाद विधानसभा स्पीकर ने मिश्रीलाल की सदस्यता को रद्द कर दिया था और उन्हें अयोग्य करार दिया था। इस फैसले को चुनौती देते हुए मिश्रीलाल ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जहां से कोर्ट ने उन्हें दोष मुक्त कर दिया। अब जब हाई कोर्ट से मिश्री लाल को राहत मिल गई है तो एक बार फिर से विधायकी बहाल कराने के लिए उन्होंने स्पीकर को पत्र लिखकर इसे विपक्ष की साजिश करार दिया था। उनकी बातें सुनने के बाद सदस्यता बहाल किये जाने को लेकर बिहार विधानसभा सचिवालय ने आज अधिसूचना जारी कर दी।

# स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटाइज्ड करके भ्रष्टाचार के सभी रास्तों को किया बंद : रेखा गुप्ता

**मुख्यमंत्री ने 34 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, 8 जन औषधि केंद्रों का उद्घाटन व एचआईएमएस का शुभारंभ किया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में आनलाइन माध्यम से 34 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, 8 जन औषधि केंद्रों का उद्घाटन और अस्पताल सूचना प्रबंधन प्रणाली (एचआईएमएस) का शुभारंभ किया। इसे मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, सामाजिक कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज और विधायक मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमने दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटाइज्ड करके भ्रष्टाचार के सभी रास्तों को बंद कर दिया है। उन्होंने आम आदमी पार्टी (आआपा) सरकार के स्वास्थ्य मॉडल पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि उसमें डॉक्टरों, नर्सों, स्वास्थ्य कर्मियों और दवाई की कमी के साथ भ्रष्टाचार व्याप्त था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आआपा सरकार ने किसी को पक्की नौकरी नहीं दी, जबकि दिल्ली की भाजपा सरकार ने पांच महीने में ही 1,388 नर्सों और 41 पैरामेडिकल स्टाफ को स्थायी नौकरी दी है। दिल्ली सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल करके भ्रष्टाचार को खत्म करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी को आरोग्य और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से युक्त करने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। दिल्ली में कुल 1139 आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले जाने हैं और हमारी स्पीड देखिए, केवल जून में 33 और जुलाई में 34 नए केंद्र प्रारंभ किए गए हैं। दिल्ली में कुल आयुष्मान आरोग्य मंदिर की संख्या बढ़कर 67 हो गई है। यह जनस्वास्थ्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है।


मुख्यमंत्री ने कहा कि एचआईएमएस के माध्यम से अब ओपीडी पंजीकरण से लेकर जांच, रिपोर्ट, दवाएं और एंबुलेंस सेवाओं के साथ-साथ हर सुविधा को पारदर्शी, तीव्र और पूरी तरह डिजिटल किया गया है। हमने स्वास्थ्य तंत्र में भ्रष्टाचार के सभी रास्ते बंद कर दिए हैं। अब हर प्रक्रिया ट्रैक होगी, हर सेवा आम नागरिक के अधिकार में होगी। उन्होंने कहा कि पिछले महीने ही 17 जनऔषधि केंद्र खोले गए और आज उसी कड़ी में आठ नए केंद्र जोड़े जा रहे हैं। वर्षों से लंबित मांगों को पूरा करते हुए नर्सों और स्वास्थ्यकर्मियों को पक्की नौकरी देकर हमने उन्हें सम्मान और स्थायित्व दिया है, स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत किया है।

## हिमाचल के मंडी में सड़क दुर्घटना में पांच बस यात्रियों की मौत, 25 घायल

मंडी। हिमाचल प्रदेश में मंडी जिले के सरकाघाट-जामनी-दुर्गापुर मार्ग पर मसेरन तलगारा के पास गुरुवार सुबह एक यात्री बस के गहरी खाई में गिर जाने से पांच यात्रियों की मौत हो गयी और 25 अन्य घायल हो गये। आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि दुर्घटना के समय बस में 35 यात्री सवार थे। मृतकों में तीन महिलायें भी शामिल हैं। स्थानीय पुलिस और ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को खाई से बाहर निकाला गया और सरकाघाट अस्पताल ले जाया गया। तीन घायलों की हालत गंभीर बतायी जा रही है और उन्हें बिलासपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रेफर कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि बस जामनी से सरकाघाट की ओर आ रही थी। सरकाघाट-जामनी-दुर्गापुर मार्ग पर मसेरन तलगारा के पास बस अचानक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गयी। दुर्घटना के बाद ही राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

# नाग पंचमी पर इस बार बन रहा दुर्लभ योग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। श्रावण मास में नाग पंचमी का पर्व मनाया जाता है। श्रावण मास की शिवरात्रि के बाद आने वाली पंचमी तिथि को नाग पंचमी मनायी जाती है। यूं तो पूरे श्रावण मास भगवान शिव की पूजा की जाती है, किन्तु इसी माह भगवान शिव का श्रृंगार कहे जाने वाले नागों को भी पूजा जाता है। इस वर्ष नाग पंचमी का पर्व 29 जुलाई मंगलवार को मनाया जाएगा। पंचमी तिथि 28 जुलाई की रात 11. 28 बजे शुरू होगी और 29 जुलाई की रात 12. 23 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के अनुसार नाग पंचमी 29 जुलाई को मनाई जाएगी। इस दिन शिव योग, सिद्ध योग, और सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग बन रहा है, जो इसे और अधिक शुभ बनाता है। पंडित देवेन्द्र शुक्ल शास्त्री के मुताबिक नाग पंचमी के दिन नागों की पूजा करने का विशेष महत्व है। पुराणों में नागों को भगवान शिव का अंश माना गया है। मान्यता है कि इस दिन नागों की पूजा करने से कालसर्प दोष, राहु-केतु के प्रभाव और जीवन में आने वाले संकटों से मुक्ति मिलती है। इसके अलावा, यह पर्व दुर्भावनाओं और विषैले विचारों से भी छुटकारा दिलाने वाला माना जाता है। नाग पंचमी के दिन पूजा करने का शुभ मुहूर्त सुबह 4.32 बजे से लेकर दोपहर 1.25 बजे तक रहेगा। श्रद्धालु इस दिन शिव मंदिर या नाग देवता के मंदिर जाकर षोडशोपचार विधि से पूजा की जाती है। अगर पास में नाग मंदिर नहीं हो, तो शिवलिंग पर दूध, पुष्प और चावल अर्पित करके नाग पूजा की जा सकती है। पं. देवेन्द्र शुक्ल शास्त्री के मुताबिक, इस बार नाग पंचमी विशेष संयोगों के कारण अधिक फलदायक रहेगी। यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में कालसर्प योग, राहु-केतु दोष या अन्य ग्रह बाधा हो, तो इस दिन पूजा-अर्चना विशेष रूप से करनी चाहिए। सावन का माह में पंचमी का दिन शिव और नाग देवता दोनों की कृपा पाने के लिए सर्वोत्तम माना गया है।

## सरहिंद नहर में गिरे पांच बच्चों सहित 11 लोगों के एक परिवार को बचाने वाले पुलिस अधिकारी सम्मानित

बठिंडा। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बठिंडा में बहिमन पुल के पास सरहिंद नहर में कार गिरने के बाद पांच बच्चों सहित 11 लोगों के एक परिवार को बचाने वाले पुलिस अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। श्री यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा, बहादुरी को सलाम! मैं बठिंडा पुलिस की पीसीआर टीम - एएसआई राजिंदर सिंह, एएसआई नरिंदर सिंह, सीनियर कांस्टेबल जसवंत सिंह और लेडी सीनियर कांस्टेबल हरपाल कौर - द्वारा दिखाए गए अदम्य साहस की सराहना करता हूं, जिन्होंने बहिमन पुल के पास सरहिंद नहर में कार गिरने के बाद पांच बच्चों सहित 11 लोगों के एक परिवार को बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दी। उन्होंने कहा कि उनकी निडर और त्वरित कार्रवाई ने एक निश्चित त्रासदी को चमत्कारिक रूप से बच निकलने में बदल दिया। वीरता के ऐसे कार्य पंजाब पुलिस की सच्ची भावना को दर्शाते हैं - साहस, करुणा और अटूट समर्पण के साथ रक्षा और सेवा करना। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि उनकी बहादुरी के सम्मान में, उन्हें महानिदेशक के प्रशस्ति पत्र और 25,000 रुपये प्रत्येक के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पंजाब पुलिस उनकी अनुकरणीय सेवा को सलाम करती है और आशा करती है कि उनके कार्य प्रत्येक पुलिस अधिकारी को हमारे लोगों के लिए अपने कर्तव्य से बढ़कर कार्य करने के लिए प्रेरित करेंगे।

# पंचायत चुनाव : मुख्यमंत्री ने माता के साथ किया मतदान, लोगों से की मतदान करने की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में राज्य के 12 जिलों में सुबह से मतदान हो रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को ऊधमसिंह नगर जिले में नगला तराई में स्थित राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय में बने मतदान केन्द्र पर अपनी माता के साथ मतदान किया। राज्य में मतदान शांतिपूर्ण माहौल में हो रहा है। इसके लिए सभी केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज नगला तराई में स्थित राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय में बने मतदान केन्द्र पर अपनी माता बिशना देवी के साथ पहुंचे और दोनों ने बूथ नम्बर 3 पर लाइन में लगकर मतदान किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी ग्रामीण मतदाताओं से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उत्साहपूर्वक मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता का एक-एक वोट राज्य में पंचायतों को मजबूत करने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। खबर लिखे जाने तक पौड़ी जिले के 8 विकासखण्डों पाबौ, खिर्सू, रिखणीखाल, नैनीडांडा, थलीसैण, एकेश्वर, पोखड़ा व बीरोंखाल में मतदान शांतिपूर्वक चल रहा है। जिले के अलग-अलग बूथों पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, डॉ धन सिंह रावत ने भी मतदान किया है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने सुबह अल्मोड़ा जनपद के सोमेश्वर में मतदान किया। इस अवसर पर उन्होंने मतदाताओं से अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील भी थी। रुद्रप्रयाग जिले में मौसम सामान्य है। जिले के अगस्त्यमुनि, जखोली और उखीमठ विकासखंड में 459 पोलिंग बूथों और जनपद चमोली के विकासखंड ज्योर्तिमठ, थराली, देवाल और नारायणबगड़ के सभी 258 मतदान केंद्रों (बूथों) पर मतदान हो रहा है। सुबह से ही मतदाता अपने-अपने बूथों पर पहुँचकर मतदान कर रहे हैं। मतदान केन्द्रों पर प्रशासन ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं ताकि मतदाता बिना किसी परेशानी के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। सुरक्षा के लिए पुलिस बल की भी तैनाती की गई है।

## बीएसएफ ने पंजाब में छह पाकिस्तानी ड्रोन निष्क्रिय किए पिस्तौल और हेरोइन बरामद

जालंधर। पाकिस्तान प्रायोजित तस्करी करने वाले ड्रोनों के खिलाफ एक उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्र में कई घटनाओं में छह ड्रोन गिराए और हेरोइन एवं पिस्तौल बरामद की। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि रात के समय, सतर्क बीएसएफ जवानों ने अमृतसर के मोधे गाँव के आसपास के क्षेत्र में समय पर तकनीकी उपाय सक्रिय करके तीन पिस्तौल, तीन मैगज़ीन और हेरोइन (कुल वजन- 1.070 किलोग्राम) से भरे चार पैकेट ले जा रहे पांच डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन को रोका और निष्क्रिय कर दिया। अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ की खुफिया शाखा की सूचना पर कार्रवाई करते हुए, बीएसएफ के जवानों ने पंजाब पुलिस के सहयोग से कल रात तरनतारन जिले के डल गाँव के पास एक सिंचित धान के खेत से पिस्तौल के पुर्जे (अपर स्लाइड) और एक मैगज़ीन बरामद की। आज तड़के, अमृतसर सीमा पर तैनात तकनीकी जवाबी कार्रवाई के तहत एक ड्रोन को रोका गया और उसे निष्क्रिय कर दिया गया। बीएसएफ के जवानों द्वारा की गई तलाशी के परिणामस्वरूप अटारी गाँव से सटे एक खेत से एक डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन, एक पिस्तौल और दो मैगज़ीन बरामद हुए।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063